CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 11°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 24 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 39 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इंडिया गठबंधन में नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं: उमर अब्दुल्ला पेज 2



हम अगले मैच में मजबूत वापसी करेंगे: सूर्यकुमार यादव खेल टाइम्स



यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन गलत, तो भाजपा का व्यवहार सही कैसे! सम्पादकीय



तारिक रहमान सरकार ने किया बांग्लादेशी सेना में फेरबदल पेज 12

## छठा रोज़ा

### ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी की सीख देता है छठा रोज़ा

कुरआन पाक के पच्चीसवें पारे की सूरह शूरा की तिरालीसवीं आयत में जिक्र है जो सब्र करने वाले हैं और रहम करने वाले हैं वो बुलंद मर्तबे और अज़्मत वाले हैं। यहां यह बात काबिलेगौर है कि सब्र और रहम मर्तबे और अज़्मत बढ़ाने वाले हैं और रहम रास्ता है अज़्मत का। सब्र, सीढ़ी है बुलंदी की, तो इसका सीधा-सा जवाब है कि मुकम्मल ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी के साथ रखा गया रोज़ा और रोज़ेदार इसकी पहचान है। नेकनीयत और पाकीज़गी के साथ रखे गए रोज़े का नूर अलग ही चमकता है। जज्बा-ए-रहम रोज़ेदार की पाकीजा दौलत है और जज्बा-ए-सब्र रोज़ेदार की रूहानी ताकत है। कुरआने-पाक में अल्लाह को सब्र करने वाले का साथ देने वाला बताया गया है अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। रोज़ा इम्तिहान भी है और इंतजाम भी। सब्र और संयम रोज़ेदार की कसौटी है इसलिए रोजा इम्तिहान है। सब्र की कसौटी पर रोजेदार कामयाब यानी खरा साबित हुआ तो इसका मतलब यह कि उसने आखिरत का इंतजाम कर लिया।

# देश की पहली आतंकवाद विरोधी नीति जारी, केंद्र ने प्रहार नाम दिया



- आतंकवाद को रोकने और निपटने के लिए व्यवस्थित व खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया
- आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने सोमवार को 'प्रहार' नाम से भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद- विरोधी नीति जारी की। इसमें हर तरह के आतंकवाद को रोकने और उससे निपटने के लिए एक व्यवस्थित और खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया गया है।

आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया है। साथ ही खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित कार्रवाई की बात कही गई है। इसमें सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसमें पूरी सरकार और पूरे समाज की भागीदारी वाला तरीका अपनाने की बात कही गई है, जो मानवाधिकार और कानून के शासन पर आधारित होगा। साथ ही कट्टरपंथ जैसे हालात को खत्म करने पर भी ध्यान होगा जो आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। नीति में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई गई है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद को किसी भी धार्मिक, जातीय या वैचारिक आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता। भारत हर तरह के आतंकवाद की हमेशा कड़ी निंदा करता रहा है। नीति कहती है कि इसका मुख्य मकसद भारतीय नागरिकों और देश के हितों की रक्षा के लिए आतंकी हमलों को रोकना है। इसके अलावा खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित जवाब देना है। नीति में कहा गया है कि आतंक के खिलाफ सरकार के अलग-अलग विभागों की ताकत को मिलाकर काम करना है। प्रहार में कहा गया है कि खतरों से निपटने के लिए मानवाधिकार और कानून आधारित प्रक्रियाएं अपनानी हैं। कट्टरपंथ समेत आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले कारणों को कम करना है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ प्रयासों में तालमेल बैठाना है। नीति में कहा गया है कि भारत सक्रिय और खुफिया जानकारी पर आधारित रणनीति अपनाता है। इसमें मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) की अहम भूमिका बताई गई है। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के तहत काम करने वाली ज्वाइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंस (जेटीएफआई) का जिक्र किया गया है। जेटीएफआई देशभर में रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने और संयुक्त कार्रवाई के लिए काम करते हैं। नीति में कहा गया है कि आतंकी इंटरनेट का इस्तेमाल संपर्क, भर्ती और प्रचार के लिए करते हैं। नीति में कहा गया है कि भारतीय एजेंसियां इंटरनेट के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई करती हैं। सुरक्षा एजेंसियां ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क को भी तोड़ती रहती हैं। इसमें आतंकी फंडिंग नेटवर्क को खत्म करने पर खास ध्यान दिया गया है। प्रहार में सरकार ने कहा है कि भारत को पानी, जमीन और हवा तीनों मोर्चों पर आतंकी खतरे का सामना है। सीमा सुरक्षा बल आधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस हैं। बिजली, रेलवे, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए क्षमता बढ़ाई गई है। यह नीति ऐसे समय आई है, जब भारत लंबे समय से सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावित रहा है।

## आर्मी पब्लिक स्कूल व एयरफोर्स बाल भारती को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में धौला कुआं स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयर फोर्स बाल भारती स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाले ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और छात्रों एवं स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल परिसरों की गहन जांच की गई। एहतियातन दोनों स्कूलों के आसपास के क्षेत्रों को सील कर दिया गया और आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

# दिल्ली-एनसीआर से हटेंगे कोयला आधारित उद्योग

## 300 किमी दायरे वाले प्रस्ताव पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

- शीर्ष अदालत ने केंद्र व संबंधित राज्यों को दिए अहम निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों को कई अहम निर्देश दिए हैं और अलग-अलग मुद्दों पर जवाब तलब किया है। अदालत ने खास तौर पर कोयला आधारित उद्योगों, निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान उड़ने वाली धूल और वाहनों के प्रदूषण को लेकर उठाए गए कदमों का ब्योरा मांगा है।

नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में लगातार वायु गुणवत्ता की दिक्कत से निपटने के लिए सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची विपुल एम. पंचोली की बेंच ने कहा कि वह कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे की जांच करेगी। इसने भवन निर्माण और तोड़-फोड़ की वजह से होने वाली धूल से निपटने के लिए सीएक्यूएम के सुझाए गए तरीकों पर सभी स्टेकहोल्डर्स से भी जवाब मांगा। पीठ ने इस सुझाव पर भी केंद्र से जवाब मांगा कि दिल्ली से 300 किलोमीटर के दायरे में कोई नया कोयला आधारित तापीय विद्युत संयंत्र स्थापित न किया जाए। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को सार्वजनिक नोटिस जारी कर एनसीआर में संचालित कोयला आधारित उद्योगों सहित सभी हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया। इन नोटिसों को कोर्ट द्वारा भेजा गया नोटिस माना जाएगा और राज्यों को मिले फीडबैक की डिटेल देते हुए एक एक्शन टेकन प्लान जमा करने को कहा गया है। इसमें केंद्र सरकार के मंत्रालयों को एनसीआर के अंदर कोयला-आधारित इंडस्ट्रीज को धीरे-धीरे खत्म करने के मकसद से एक संयुक्त प्रस्ताव जमा करने को कहा गया है। बेंच ने आदेश दिया, प्रस्ताव में सबसे पहले इंडस्ट्रीज की पहचान की जाएगी और यह तय किया जाएगा कि उनके लिए कौन से वैकल्पिक ईंधन स्रोत दिए जा सकते हैं। बेंच ने दिल्ली सरकार को सीएक्यूएम द्वारा सुझाए गए इन लॉन्ग-टर्म सॉल्यूशन को लागू करने के लिए एक खास एक्शन प्लान जमा करने का निर्देश दिया।बेंच ने कहा कि कमीशन ने उन संबंधित एजेंसियों की पहचान की है, जिनसे एक्शन लेने की उम्मीद है। इसलिए हम दिल्ली सरकार को इन उपायों को लागू करने के लिए एक प्रपोज्ड एक्शन प्लान जमा करने का निर्देश देते हैं। इस दौरान दिल्ली- एनसीआर में वाहनों के चलने से प्रदूषण बढ़ने का सवाल भी उठा। बेंच ने कहा कि इसका परीक्षण किए जाने की जरूरत है। अदालत ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 12 मार्च की तारीख तय की है।

### मेरे कोर्ट में बदतमीजी नहीं चलेगी, अंबानी का जिक्र करने पर वकील पर भड़के सीजेआई

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील की बात पर इतना गुस्सा हो गए कि उन्होंने वकील को लगभग डांटते हुए चेतावनी दे डाली कि उनकी कोर्ट में ये बदतमीजी नहीं चलेगी। दरअसल वरिष्ठ वकील मैथ्यूज नेदुम्पारा ने सीजेआई की पीठ के समक्ष कहा कि एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें न्यायपालिका के कॉलेजियम सिस्टम को चुनौती दी गई और जजों की नियुक्ति के लिए नेशनल ज्यूडिशियल अपाइंटमेंट कमीशन को लागू करने की मांग की गई। जिस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसी कोई याचिका रजिस्टर नहीं है। इस पर वकील नेदुम्पारा ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि अदानी और अंबानी के लिए सांविधानिक पीठ गठित की जाती हैं।



### शीर्ष अदालत ने तिरुपति लड्डू मामले में जांच समिति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तिरुपति मंदिर के लड्डुओं के घी में मिलावट की जांच के लिए एक-सदस्यीय जांच समिति बनाने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने डा. सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिका में कहा गया था कि अगर राज्य समानांतर रूप से जांच करता है, तो शीर्ष अदालत द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की आपराधिक जांच में खलल पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दोनों ही प्रक्रियाएं कानून के हिसाब से चलती रहनी चाहिए।

# योगी के सिंगापुर दौरे के पहले दिन 6650 करोड़ का निवेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- निवेश ग्रुप हाउसिंग लॉजिस्टिक्स पार्क और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में प्रस्तावित, तीन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर



**सिंगापुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के पहले ही दिन प्रदेश को बड़ी निवेश उपलब्धि हासिल हुई है।

सिंगापुर स्थित यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप के साथ कुल 6,650 करोड़ रुपये के तीन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों के अनुसार ये निवेश ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में प्रस्तावित हैं। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार, इन परियोजनाओं के माध्यम से 20 हजार से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को राज्य सरकार की नीतिगत स्थिरता, बेहतर कनेक्टिविटी और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक बुनियादी ढांचे की जानकारी दी तथा हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन -शेष पृष्ठ दो पर

## तेजस विमान में तकनीकी खराबी आई थी, दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ: एचएएल

**नई दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने वायुसेना के एक स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान के इस महीने के शुरू में दुर्घटनाग्रस्त होने की रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा है कि इस विमान को तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा था और उसे किसी भी तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना नहीं है। वायुसेना के लिए तेजस बनाने वाले उपक्रम एचएएल ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने तथा तेजस विमानों की उड़ान रोके जाने की मीडिया में आई रिपोर्टों पर सोमवार को स्पष्टीकरण दिया।

## घाटी में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में 7 आतंकी ढेर

- सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकियों को किया ट्रैक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में सात खतरनाक आतंकवादी मारे गए हैं। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

व्हाइट नाइट कोर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, किश्तवाड़ इलाके में 326 दिनों तक लगातार हाई- एल्टीट्यूड अभियान चलाए गए। सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकवादियों को ट्रैक किया। इस दौरान कई बार मुठभेड़ हुई। व्हाइट नाइट कोर की टुकड़ियों, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने खुफिया एजेंसियों के मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर आखिरकार किश्तवाड़ के चटरू क्षेत्र में सभी सात कुख्यात आतंकवादियों को मार गिराया। इनमें से एक 10 लाख का इनामी आतंकी कमांडर सैफुल्लाह के होने का संदेह है। अगर जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर सैफुल्ला है, तो सुरक्षाबलों की ये सफलता जैश के नेटवर्क की कमर तोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। पोस्ट में आगे कहा गया कि ऑपरेशन में मदद के लिए एफपीवी ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, आरपीए/यूएवी और संचार साधनों के रूप में टेक्नोलॉजी का लगातार इस्तेमाल किया गया। हमारी सेनाओं की लगातार कोशिश और दृढ़ संकल्प, जिसका नतीजा सैफुल्लाह और उसके साथियों का खत्म होना था, यह साबित करता है कि हमारे जवानों और इंटेलिजेंस एजेंसियों के संकल्प, साहस और वीरता के सामने कुछ भी नहीं टिक सकता। भारतीय सेना ने कहा कि यह आतंकी नेटवर्क पर एक बड़ा प्रहार है। हम सेवा और सुरक्षा करते हैं। व्हाइट नाइट कोर ने मारे गए आतंकदियों की तस्वीर भी शेयर की है, जिसके ऊपर लाल रंग में क्रॉस लगे हुए हैं।




## सात लोगों को लेकर रांची से दिल्ली आ रहा चार्टर विमान क्रैश

**रांची।** झारखंड से दिल्ली जा रहा एक चार्टेड प्लेन चतरा में क्रैश हो गया। यह एक एयर एंबुलेंस थी। प्लेन में 7 लोग सवार थे। रेडबर्ड एयरवेज की बीचक्राफ्ट किंग एयर बी-90 एल मेडिकल चार्टर फ्लाइट में एक मरीज, डाक्टर, पैरामेडिक, अटेंडेंट और क्रू मेंबर समेत सात लोग सवार थे। फ्लाइट ने सोमवार शाम 7.11 बजे रांची से उड़ान भरी थी, 7.34 पर एयरक्राफ्ट का कम्युनिकेशन टूट गया। थोड़ी देर बाद प्लेन झारखंड के चतरा जिले के समरिया में क्रैश हो गया। रेड बर्ड एविएशन कंपनी की एयर एंबुलेंस (मेडिकल एयरक्राफ्ट) में सवार कैप्टन विवेक विकास भगत (पायलट), कैप्टन सबराजदीप सिंह (पायलट), संजय कुमार (मरीज), अर्चना देवी (परिजन), धूरू कुमार (परिजन), विकास कुमार गुप्ता (डाक्टर), सचिन कुमार मिश्रा (मेडिकल स्टाफ) समेत सात लोगों की मौत हुई है।

# 'मोहम्मद दीपक' को राहुल गांधी ने गले लगाया



## कहा: कोटद्वार जाकर लेंगे दीपक के जिम की सदस्यता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के कोटद्वार में रहने वाले 'मोहम्मद दीपक' ने सोमवार को यहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और बताया कि श्री गांधी ने उनसे कोटद्वार आकर उनके जिम की सदस्यता लेने का वादा किया है।

दीपक पिछले दिनों तब चर्चा में आए जब कोटद्वार में एक मुस्लिम बुजुर्ग की दुकान के नाम से 'बाबा' शब्द हटाने को लेकर हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया था उस दौरान दीपक ने इसका विरोध किया। इस पर हिंदू संगठनों के लोगों ने उनसे उनका नाम पूछा तो दीपक ने अपना नाम 'मोहम्मद दीपक' बताया था। श्री दीपक ने बताया कि राहुल गांधी ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया था और समझाया कि उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। श्री गांधी से 10 जनपथ में मुलाकात के बाद दीपक ने पत्रकारों से कहा कि राहुल गांधी जी ने मुझे मिलने के लिए बुलाया था। उन्होंने मेरे परिवार से बात की और मुझे समझाया कि डरने की कोई जरूरत नहीं, आपने -शेष पृष्ठ दो पर

### एनएसयूआई के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल से मिले

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के नव नियुक्त अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने सोमवार को यहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार श्री गांधी ने उन्हें सुबह मिलने का समय दिया था। श्री जाखड़ की एनएसयूआई अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद राहुल गांधी से यह पहली मुलाकात है। उनका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा अन्य नेताओं से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। श्री जाखड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले राजस्थान प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष थे। पार्टी ने हाल में ही उन्हें अपनी छात्र ईकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### पाल हत्याकांड के फरार शूटरों पर एक और मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड के फरार शूटरों के विरुद्ध सोमवार को एक और मुकदमा दर्ज किया गया। पांच-पांच लाख रुपये के इनामी शूटर गुड्डू मुस्लिम उर्फ गुड्डू बमबाज, अरमान और साबिर के खिलाफ एयरपोर्ट थाने में अदालत की अवमानना से संबंधित मामला दर्ज किया गया है। एयरपोर्ट थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने स्वयं वादी बनकर प्राथमिकी दर्ज कराई। उनके अनुसार न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी होने और उद्घोषणा की कार्रवाई के बावजूद आरोपित न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है।

### युवाओं को हिरासत में लेना निंदनीय : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एआई शिखर सम्मेलन के दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें तत्काल रिहा करने की मांग की है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- दिल्ली पुलिस द्वारा युवा कांग्रेस अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की हम कड़ी निंदा करते हैं। यह सरकार भूल गई है कि विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र की आत्मा है, अपराध नहीं। उन्होंने प्रदर्शन करने वाले युवाओं की पीठ थपथपाई और कहा ष्हमारे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की मिलीभगत को बहादुरी से उजागर किया। यह शांतिपूर्ण तरीके से किया गया प्रदर्शन था जिसमें किसी भी तरह से कहीं कोई हिंसा नहीं थी। यह हिरासत पूरी तरह से अवैध है। हम मांग करते हैं कि उन्हें तुरंत रिहा किया जाए और सभी आरोप वापस लिए जाएं।

### मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों के नाम लिखी चिट्ठी

# सरकार कर रही विकास, महिलाएं आत्मनिर्भर बनीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बीते वर्षों में नवनिर्माण का स्वर्णिम अध्याय रच चुका, देश के शीर्ष राज्यों में शामिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम चिट्ठी लिखकर सरकार की उपलब्धियों, युवाओं- महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को प्रमुखता से रखा है।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बीते वर्षों में नव-निर्माण का स्वर्णिम अध्याय रच चुका है और सुशासन व समावेशी नीति के बल पर प्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में स्थान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और अन्नदाताओं को प्रदेश की बदलती तस्वीर का आधार बताया। पत्र में युवाओं के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स, एक्सीलेंस सेंटर, टेक युवा-समर्थ युवा योजना और एआई मिशन जैसी पहलों का उल्लेख किया गया है। साथ ही स्टार्टअप और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले बुनियादी सुविधाओं के अभाव में छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब बेटियों को यूनिफॉर्म, बैग, जूते, स्वेटर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना और महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजनाओं के जरिए माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया है। श्रमजीवी महिला छात्रावासों की स्थापना से छात्राओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का भी उल्लेख किया गया है। इसके अलावा वृद्धावस्था, दिव्यांगजन और निराश्रित महिला पेंशन के तहत बड़ी संख्या में लाभार्थियों को सहायता राशि बढ़ाने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बिजली कटौती की समस्या व्यापक थी, लेकिन अब लाखों किसानों को निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की व्यवस्था को भी सरकार की प्राथमिकता बताया गया है। पत्र में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमाओं व स्मारकों के विकास के लिए बजट प्रावधान का उल्लेख किया गया है।

### सिंगापुर में जल की व्यवस्था भी देख कर आएं मुख्यमंत्री: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विदेश दौरे को लेकर तंज कसा है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब मुख्यमंत्री 'माधुर्य-प्रवास' पर सिंगापुर जा रहे हैं, तो वहां की जल व्यवस्था भी देखकर आएं। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि सिंगापुर में जल की धाराएं कितनी आकर्षक और सुव्यवस्थित होती हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में पानी अक्सर फटी टंकियों और टूटे पाइपों से बहता नजर आता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को यह देखकर आश्चर्य होगा कि बेहतर योजना और प्रबंधन से जल संसाधनों को किस तरह दर्शनीय बनाया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## बेरोजगार पत्नी बेकार नहीं उसका काम मूल्यवान श्रम

नई दिल्ली, वार्ता



■ उसकी मेहनत को नजरअंदाज करना गलतः दिल्ली हाईकोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है कि गृहिणी का काम बेकार नहीं है, बल्कि मूल्यवान श्रम है, जिसे मेंटेनेंस तय करते समय महत्व दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि पढ़ी-लिखी पत्नी भी भरण-पोषण की हकदार है, क्योंकि पति उसके त्याग का फायदा नहीं उठा सकता। उसकी मेहनत को नजरअंदाज करना गलत है।

कोर्ट ने कहा कि घर चलाना बच्चों की देखभाल करना और परिवार को सपोर्ट करना, ये सभी मेहनत के काम हैं। भले ही उन्हें पैसे न मिलते हों और अक्सर उन्हें माना भी न जाता हो, घर पर पत्नी का काम करने से कमाने वाला पति अपने करियर में अच्छे से काम कर पाता है और मेंटेनेंस तय करते समय इस काम को नजरअंदाज करना असलियत से परे और गलत होगा। कोर्ट ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि सिर्फ इसलिए मेंटेनेंस देने से मना किया जा सकता है, क्योंकि एक महिला पढ़ी-लिखी है और कमाने में काबिल है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि कमाने की काबिलियत और असल कमाई कानून के तहत अलग-अलग बातें हैं। यह फैसला एक ऐसे मामले में आया, जहां एक कपल ने 2012 में शादी की थी और पति ने कथित तौर पर 2020 में अपनी पत्नी और नाबालिग बेटे को छोड़ दिया था। निचली अदालतों ने महिला को इस आधार पर अंतरिम मेंटेनेंस देने से मना कर दिया था कि वह ठीक-ठाक और पढ़ी-लिखी है, लेकिन उसने काम न करने का फैसला किया था।

हाई कोर्ट ने इन ऑर्डर को रद्द कर दिया और घरेलू हिंसा से महिलाओं के प्रोटेक्शन एक्ट के तहत उसे 50000 दिए। कोर्ट ने आगे कहा कि भारतीय समाज में शादी के बाद महिलाएं अक्सर अपने करियर को छोड़ देती हैं और पति बाद में इस त्याग को अपनी पत्नियों को जानबूझकर बेरोजगार कहकर गुजारा भत्ता देने से बचने के हथियार के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर सकते। कोर्ट ने कहा कि एक होममेकर बेकार नहीं बैठती, वह ऐसा काम करती है जिससे कमाने वाला पति/पत्नी अच्छे से काम कर सके।

## चोले की आड़ में सनातन धर्म को नष्ट कर रहे कुछ लोग

वाराणसी, वार्ता



■ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने लगाया आरोप

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ प्रयागराज में मुकदमा दर्ज होने के बाद सोमवार को उनका बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को नष्ट करने के लिए कुछ लोग चोला पहनकर आ गए हैं।

समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है, जो कहानी गढ़ी गई है, वह पूरी तरह झूठ है। पुलिस की जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा। ढोंग और पाखंड का अंत एक दिन अवश्य होगा। शंकराचार्य ने आगे कहा कि मेरी ओर से पुलिस को पूरा सहयोग रहेगा। यदि फिर भी गिरफ्तारी होती है, तो इसका मतलब है कि कालनेमी-शंकराचार्य का अपमान करना चाह रहा है। मेरे लिए तीन कोर्ट हैं। पहली निचली कोर्ट जनता है, जो सब देख और जान रही है। दूसरा मिडिल कोर्ट यानी हाई कोर्ट है, जो मेरा हृदय है, मैं जानता हूं सत्य क्या है।

उन्होंने स्पष्ट किया, हम उनके सारे प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तैयार बैठे हैं। वे चाहें तो मठ आकर प्रश्नोत्तर कर सकते हैं, नहीं तो कहीं ले जाकर करना चाहें, तो वह भी कर सकते हैं, जो हिस्ट्रीशीटर हैं, वे खुलेआम घूम रहे हैं। गो माता की रक्षा को लेकर जो संकल्प लिया गया था, उसमें बाधा डालने के लिए कुछ राक्षसी प्रवृत्ति के लोग सामने आ गए हैं।

### कफ सिरप की खरीद- बिक्री के मामले में एक पकड़ा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले की सारनाथ पुलिस ने कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार के मामले में लिप्त राजा मेडिकल एंड सर्जिकल एजेंसी के संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि प्रयागराज जिले के मुठीगंज निवासी सत्येंद्र कुमार साहू को रविवार रात पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद उसे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार कोडीनयुक्त कफ सिरप के मुख्य सरगना शुभम जायसवाल और शैली ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर भोला जायसवाल के साथ मिलकर सत्येंद्र कुमार साहू यह काला कारोबार चला रहा था। उसने शैली ट्रेडर्स से लगभग 65 लाख रुपये मूल्य की कोडीनयुक्त कफ सिरप की खरीद-फरोख्त की। पीडी फार्मा के माध्यम से उसने इस सिरप की खरीद-बिक्री की।

## दरोगा व सिपाही ने वायुसैनिक को पीटा

कानपुर, वार्ता

■ कानपुर में हवालात में बंद किया, कान परदा फटा

उत्तर प्रदेश में कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र में छुट्टी पर घर आए वायु सैनिक के साथ पुलिस द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है।

पुलिसकर्मियों ने वायुसैनिक को हवालात में बंद कर इस कदर पीटा कि उसके कान का पर्दा फट गया जिसका इलाज एयरफोर्स हास्पिटल में चल रहा है। पीड़ित कारपोरल नितिश सचान ने पुलिस उपायुक्त दक्षिण को दिए गए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि वह जामनगर वायुसेना स्टेशन पर तैनात है और छुट्टी में घाटमपुर जिले में स्थित अपने गांव देवमनपुर आया है। पिछली 19 फरवरी को वह अपने धीरेन्द्र साहू के साथ एक विवाह समारोह से पैदल ही लौट रहा था कि रास्ते में घाटमपुर क्रासिग के पास थाने में तैनात दरोगा रविन्द्र बुंदेला और हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने उन्हे रोका और देर रात सड़क पर होने की वजह पूछी। पीड़ित के अनुसार उसने अपना परिचय दिया और शादी से लौटने की बात की जिस पर दरोगा ने उससे कहा कि फौजी तो चोर होते हैं। विरोध करने और घटना का वीडियो बनाने पर दरोगा भड़क गया और कालर पकड़ कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। वायुसैनिक ने बताया कि पुलिसकर्मी उसे पकड़ कर थाने ले आए और हवालात में बंद कर एक के बाद एक 70-75 थप्पड़ मारे, जिससे उसके कान का पर्दा फट गया। अगले दिन 20 फरवरी की शाम हालत बिगड़ने पर उसे छोड़ दिया गया।

## देसी नस्ल की गाय खरीदने पर मिलेंगे 40 हजार रुपये: धर्मपाल

**लखनऊ ।** यूपी के पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्म पाल सिंह ने पशुपालकों के लिए सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित गोधन समागम कार्यक्रम में बड़ी घोषणा की और कहा कि उत्तर प्रदेश में देसी नस्ल की एक गाय खरीदने पर सरकार की तरफ से 40000 और दो गाय खरीदने पर 80000 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे यूपी में दूध का उत्पादन बढ़ेगा और पशुपालक भी आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगे। गोधन समागम-2026 में लगभग 1000 किसान और प्रदेश के सभी जनपदों में मुख्य विकास अधिकारी सभागार में वेब कॉस्टिंग के माध्यम से लाखों किसान व आम लोग यूट्यूब के माध्यम से जुड़े।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83294.66
निफ्टी 25713



सोना 158428
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 265550
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता



अमेरिका में आयात शुल्क में कमी से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बीएसई का सेंसेक्स 47995 अंक (0.58 अंक) की बढ़त में 83,294.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 141.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत ऊपर 25,713 अंक पर बंद हुआ।

सार्वजनिक बैंकों, वित्तीय कंपनियों और एफएमसीजी सेक्टर की कंपनियों में ज्यादा लिवाली रही। आईटी, रसायन, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी समूहों के सूचकांक टूट गए। मझौली कंपनियों में बिकवाली और छोटी कंपनियों में लिवाली ज्यादा रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत फिसल गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.29 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पिछले साल विभिन्न देशों पर लगाए गए आयात शुल्क की ऊंची दरों को अवैध बताते हुए उसे रद्द कर दिया था। इसके बाद श्री ट्रम्प ने 20 फरवरी को 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत का समान आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जिसके बारे में व्हाइट हाउस ने आदेश भी जारी कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि नई दर 24 फरवरी से लागू होनी है। हालांकि राष्ट्रपति ने 21 फरवरी को आयात शुल्क 15 प्रतिशत करने की घोषणा की थी, लेकिन इसके बारे में अबतक कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। अमेरिका में आयात शुल्क में कमी की घोषणा से भारतीय शेयर बाजारों में भी निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर लगभग तीन प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.25 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और हिदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में एक से दो प्रतिशत के बीच बढ़त रही। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एलएंडटी, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सनफार्मा और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस में दो प्रतिशत के करीब गिरावट रही। टेक महिंद्रा का शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गया।

### सोना 1.58 लाख पर पहुंचा चांदी 15 हजार महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में सोमवार को तेजी देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 3,362 रुपए बढ़कर 1,58,428 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,55,066 रुपए पर था। एक किलो चांदी की कीमत भी 15,236 रुपए बढ़कर 2,65,550 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,50,314 रुपए किलो थी। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में सोने-चांदी कीमतें और बढ़ सकती हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 25,000 रुपए और चांदी 35,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी (यूबीएस) के अनुसार सोने की मांग में तेजी बनी हुई है। 2025 में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने 863 टन सोना खरीदा था। अब अनुमान है कि 2026 में यह खरीदारी बढ़कर 950 टन तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही गोल्ड ईटीएफ में निवेश भी बढ़कर 825 टन होने की उम्मीद है। यूबीएस को पूरा भरोसा है कि 2026 में सोने की कीमतें और ऊपर जाएंगी।

## चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। वहीं गेहूं के दाम में गिरावट देखी गई। दालों और चीनी की कीमत बढ़ गई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 81 रुपये बढ़कर 3,846 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं का भाव 32 रुपये घटकर 2,847 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। आटा भी 38 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल औसतन 141 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल की कीमत 120 रुपये और मसूर दाल की 116 रुपये बढ़ गई। मूंग दाल 59 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। उड़द दाल की कीमत लगभग स्थिर रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा आठ रिंगिट टूटकर 4,084 रिंगिट प्रति क्विंटल पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.40 प्रतिशत की गिरावट में 59.54 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 148 रुपये और सोया तेल की 115 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। सूरजमुखी तेल में 25 रुपये और सरसों तेल में 17 रुपये की गिरावट रही। मूंगफली तेल 38 रुपये और वनस्पति 29 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 82 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 15 रुपये महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहनः दाल चना 7770.63 रुपये, मसूर काली 8090.12 रुपये, मूंग दाल 10125.42 रुपये, उड़द दाल 10686.38 रुपये, तुअर दाल 11125.75 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2846.62 रुपये और चावल 3845.72 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3303.78 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस 4290.57 रुपये और गुड़ 4959.57 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी के...**

दिया। पहले एमओयू के तहत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट निकट 100 एकड़ भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय थीम आधारित ग्रुप हाउसिंग टाउनशिप विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है और लगभग 12,000 रोजगार सृजित होने का अनुमान है। परियोजना को वर्ष 2027 में शुरू करने की योजना है।

दूसरे समझौते के अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर 50 एकड़ क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। 650 करोड़ रुपये के निवेश से प्रस्तावित इस परियोजना से करीब 7,500 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसे भी वर्ष 2027 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे प्रदेश की औद्योगिक और निर्यात गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। तीसरे एमओयू के तहत नोएडा/ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 10 एकड़ भूमि पर 40 मेगावाट आईटी पावर क्षमता वाला हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क स्थापित किया जाएगा। 2,500 करोड़ रुपये के निवेश वाली इस परियोजना से लगभग 1,500 रोजगार सृजित होंगे। इसे वर्ष 2028 में शुरू किए जाने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश को देश के अग्रणी डेटा सेंटर हब तथा औद्योगिक निवेश के प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सिंगापुर दौरे के पहले दिन हुए ये समझौते प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, शहरी विकास को नई दिशा देने और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माने जा रहे हैं।

**'मोहम्मद दीपक'....**

कोई गलत काम नहीं किया है। राहुल जी ने ये भी कहा कि वे कोटद्वार आकर मुझसे मिलेंगे और मेरे जिम की मेंबरशिप लेंगे। श्री दीपक ने बताया कि श्री गांधी ने उन्हें 10 जनपथ मिलने के लिए बुलाया गले लगाकर उनके साहस की जमकर तारीफ की। कांग्रेस ने भी अपने आधिकारिक एक्स पेज पर उनके गले मिलने की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा दो भाई-मोहब्बत के सिपाही। मोहम्मद दीपक ने एकता, भाईचारे और हिम्मत की वो मिसाल पेश की है, जो देश के हर युवा को अन्याय और नफरत के खिलाफ लड़ने का हौसला देगी। दीपक 'मोहब्बत की दुकान' के योद्धा हैं-पूरे देश को इन पर गर्व है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सोशल मीडिया एक्स पर दीपक से मुलाकात के बाद लिखा कि हर इंसान, एक समान, यही है भारतीयता, यही है मोहब्बत की दुकान। उत्तराखंड के भाई 'मोहम्मद दीपक' से मुलाकात-एकता और साहस की ऐसी ही लौ हर भारतीय युवा में जलनी चाहिए।

## इंडिया गठबंधन में नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं: उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, वार्ता



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि इंडिया गठबंधन के भीतर नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी के प्रदर्शन की सराहना भी की। अब्दुल्ला वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की उस टिप्पणी पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें सुझाव दिया गया था कि गांधी के बजाय पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में खेलो इंडिया विंटर गेम्स के छठे आयोजन की शुरूआत के बाद पत्रकारों से कहा कि इंडिया गठबंधन में अब तक ऐसी कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए मुझे नहीं पता कि इस प्रस्ताव पर कहां चर्चा हो रही है। अय्यर ने अपनी निजी राय दी है। उन्हें अपनी राय देने का अधिकार है। अब्दुल्ला ने कहा कि राय व्यक्त करना लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा है, लेकिन कोई भी अंतिम निर्णय सामूहिक होगा। उन्होंने कहाकि कोई यह नहीं कह सकता कि अय्यर को बोलने का अधिकार नहीं है। लेकिन अंत में, जब कोई निर्णय लिया जाएगा, तो वह इंडिया गठबंधन का होगा। सभी साथ मिलकर इस पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि गठबंधन की बैठकों के एजेंडे में नेतृत्व कभी शामिल नहीं था। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह बदलाव का समर्थन करते हैं, तो उन्होंने कहा कि अब तक इंडिया गठबंधन की किसी भी बैठक में नेतृत्व के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है। विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी के प्रदर्शन का समर्थन करते हुए अब्दुल्ला ने ऐसी मांगों के आधार पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने में राहुल गांधी में क्या कमी थी? वह ऐसे व्यक्ति हैं जो हमेशा भाजपा को निशाना बनाते हैं। वह हमेशा भाजपा का विरोध करते हैं और हर बात पर सरकार से सवाल पूछते हैं। अब्दुल्ला ने इसे विपक्ष की मौलिक जिम्मेदारी बताते और कहा कि विपक्ष के नेता का यही काम है। आप गांधी से इससे ज्यादा और क्या चाहते हैं? कभी-कभी कांग्रेस चुनावों में सफल नहीं होती है, लेकिन इंडिया गठबंधन का काम सरकार को जवाबदेह ठहराना और भाजपा का विरोध करना है। गांधी इसमें कहां पीछे रहे? मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि शीतकालीन खेलों के लिए देश में गुलमर्ग का कोई मुकाबला नहीं है, लेकिन बदलते मौसम के मिजाज शीतकालीन खेलों और पर्यटन के भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छठी बार गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानने का एकमात्र तरीका है कि आपको शीतकालीन खेलों के लिए इस देश में इससे बेहतर जगह नहीं मिलेगी, लेकिन यह भी सच है कि मौसम की स्थिति बदल रही है। फरवरी में हम गुलमर्ग में इतनी गर्मी की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। लेकिन यह हकीकत है और हमें इसे स्वीकार करना होगा। अब्दुल्ला ने कहा कि भविष्य की योजना बनाते समय जलवायु की वास्तविकताओं को ध्यान में रखना चाहिए।

### यूपी चुनाव 2027 से पहले 'राम' पार्टी का ऐलान

**वृंदावन।** यूपी के चर्चित अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने वृंदावन से अपनी नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा कर दी है। हुंकार भरते हुए अलंकार अग्निहोत्री ने अपनी पार्टी का नाम राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (आर.ए.एम) का ऐलान किया है। इस दौरान पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह का पोस्टर भी जारी किया गया है। समर्थकों की मौजूदगी में की गई इस घोषणा को आगामी चुनावी समीकरणों से जोड़कर देखा जा रहा है। बता दें कि अलंकार अग्निहोत्री ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और यूजीसी के नए नियम से जुड़े विवाद को लेकर अपने सिटी मजिस्ट्रेट के पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने पूर्व में ही पत्रकारों से चर्चा के दौरान इस बात की घोषणा की थी कि सोमवार को वृंदावन की पावन धरा से नई राजनीतिक पार्टी के नाम का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



06 वां रोज़ा इफ्तार
24 फरवरी मंगलवार
सुन्नी..................... 06:17
शिया..................... 06:30

07 वां रोज़ा सहरी
25 फरवरी बुधवार
सुन्नी..................... 05:22
शिया..................... 05:29



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# रोकटोक बनी जानलेवा, बेटियों ने ही कर डाली पिता की हत्या

## गर्दन रेतने के बाद पेट मे घोंपा चाकू, तीन घंटे बाद पुलिस ने घटना का खुलासा कर कातिल बेटियों को किया गिरफ्तार

■ **खीर मे नींद की गोली डालकर परिवार को बेहोश किया था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे सोमवार की अलसुबह अधेड़ दलित किसान की हत्या से सनसनी फैल गयी। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फॉरेन्सिक टीम की सहायता से घटना की गहनता से जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान घर से मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने मृतक के परिजनों को हिरासत मे लेकर पूछताछ शुरू की तो बेटियों ने ही पिता की हत्या करना स्वीकार किया पुलिस ने आलाए कत्ल दो चाकूओ व खून से सने कपड़ो को बरामद कर आरोपियों को न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में जानसठ मार्ग स्थित गुरु रविदास मंदिर के पीछे 55 वर्षीय रामप्रसाद असोजवाल पुत्र घसीटू पुशतेनी 32 बीघा भूमि पर खेती करता था। खेती कार्य मे उसके दो पुत्र अमित 33 वर्ष भी व सुमित 13 वर्ष भी हाथ बटातें थे। रविवार को रामप्रसाद कार्य निपटाकर घर की गैलरी मे खड़े ट्रेक्टर ट्रॉली के पास चारपाई पर लेट गया था।अमित व सुमित एक कमरे मे सोये हुए थे की पत्नी चन्द्रकली 32 वर्षीय पुत्री कोमल तथा 16 वर्षीय पुत्री अलग कमरे मे सोई हुई थी। की सुबह सवेरे परिजनों ने रामप्रसाद असोजवाल का शव लहूलुहान हालत मे चारपाई पास पड़े देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण वहां पहुँच गये हत्या की खबर गांव मे



फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गयी। क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी व थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने फॉरेन्सिक टीम की सहायता से घटना स्थल की गहनता से जांच शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। कुछ देर बाद एसपी देहात आदित्य बंसल भी मौके पर पहुंच गये। वहीं पुलिस घर मे तलाशी ले रही थी इसी बीच मोरना चौकी पर तैनात दरोगा साजिद खान ने तलाशी के दौरान भूसा रखने वाले कमरे से कपड़ो की एक पोटली को बरामद किया जिसमे खून से सनी चुनरियां बरामद हुई। जिसके बाद पुलिस की जांच ने नया मोड़ ले लिया पुलिस ने तुरंत ही परिजनों को हिरासत मे लेकर थाने पहुंचाया और पूछताछ शुरू कर दी। जिसके बाद बेटी कोमल ने अपनी छोटी बहन के साथ मिलकर परिजनों को खीर मे नींद की मिलाकर आधी रात पिता की हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुत्र अमित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों बहनो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। व आरोपी बहनो की निशानदेही पर





आलाए कत्ल दो चाकूओ को बरामद कर दोनों को न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया जहाँ से कोमल को जेल भेजा गया तथा बाल अपचारी नाबालिग पुत्री को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया।

घटना के संबंध मे मृतक की पत्नी चंद्रकली ने बताया कि सुबह सवेरे लगभग 7 बजे जब वह सोकर उठे तो उन्होंने पति रामप्रसाद के शव को लहूलुहान हालत में पड़े देखा था।

मृतक के परिवार में पत्नी चंद्रकली के अलावा पुत्र अमित व सुमित तथा पुत्री लता, शिल्पी कोमल व नाबालिग पुत्री है लता व शिल्पी की शादी हो गई है।

एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण साक्ष्य हाथ लगे थे जिसके आधार पर परिजनों से गहनता से पूछताछ की गयी जिसमें मृतक की पुत्रियों ने पिता की रोक टोक से नाराज होकर चाकूओ से गोदकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी पुत्री ने खून से सने कपड़ो को भूसे के कमरे मे छिपा या था तथा खून से रंगे हाथों को हेंडपम्प पर धोया था।

**बेटियों द्वारा पिता के कत्ल से सनसनी:** समाज मे बाप बेटी के रिश्ते को भावपूर्ण प्रेम से देखा जाता है। किन्तु मोरना मे बेटियों द्वारा पिता की निर्मम हत्या से प्रत्येक की भावनाओं को आघात लगा है। पुत्रियों द्वारा आधीरात को चारपाई पर सो रहे पिता पर चाकूओ से ताबड़तोड़ वार करना तथा जूनून की हदों को पार करते हुए पिता की हत्या करने के बाद शव को चारपाई से उठाकर बराबर मे मुख्य द्वार के पास ले रखा जहां मृतक का खून जमीन पर फैल गया।

**पोटली ने खोला कत्ल का राज:** भूसे के कमरे मे छिपाई गयी पोटली से तीन चुनरी एक कमीज शलवार तथा एक जोड़ी जूते बरामद हुए वहीं आरोपी कोमल के बाएं गाल व दाहिने हाथ पर हुए घाव ने शक को मज़बूत करने का काम किया।

**घरेलु चाकू का किया प्रयोग:** रामप्रसाद की हत्या मे आरोपी पुत्रियों ने सब्जी काटने वाले घरेलु चाकू का प्रयोग किया पुलिस के अनुसार दोनों बेटियां पिता की हत्या की साजिश पूर्व से रच रही थी। जिसके लिए उन्होंने नींद की गोलियों की सहायता ली। पुलिस ने घर से गोली के दो रेपर बरामद किये जिनमे 16 गोलियों को खीर आदि मे प्रयोग मे लाया गया। परिजनों के भली भांति सोने से संतुष्ट होने के बाद आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद खून से सनी चुनरियां कपड़े भूसे के कमरे मे छिपा दिए व घटना स्थल से सबूत मिटाने का प्रयास किया

**शादी करने को कहती थी बेटियां, पिता करता था इनकार:**आरोपी पुत्री कोमल ने बताया की उसकी उम्र 32 वर्ष चुकी है। बहन लता व शिल्पी की शादी के बाद कोमल को अपनी शादी का इंतजार था। किन्तु पिता द्वारा उसके तथा छोटी बहन के साथ दुर्व्यवहार किये जाने का आरोप है। जानकारी के अनुसार सप्ताह पूर्व कोमल व मृतक रामप्रसाद के बीच मारपीट हुई थी। वहीं नाबालिग आरोपी ने भी पिता पर मोबाइल फोन पर बात न करने देने अनावश्यक रोकटोक करने के आरोप लगाये।

**हत्या के कारण को लेकर चर्चा:** रामप्रसाद की हत्या करना बेटियों ने स्वीकार किया है तथा हत्या का कारण रोक टोक करना बताया है। वहीं हत्या के अन्य कारणों को लेकर भी गांव मे चर्चाएं जारी हैं। पिता व पुत्रियों मे इतने मतभेद क्यूँ थे जो गहरी रंजिश तक पहुंच गये तथा बेटियों ने पिता की हत्या करना जैसा घिनोना अपराध कर डाला नाबालिग बेटी जिसे पिता के दुलार की ज़रूरत थी उसी बेटी ने पिता के खून से अपने हाथ रंग लिए

**मेंहदी की जगह खून से रंगे हाथ:**जिन हाथों को मेंहदी के रंग से लाल होकर पराये घर जाना था वहीं हाथ पिता के खून से सनकर जेल की सलाखों मे ले गये यही दास्तान आज मोरना मे घर घर मे जारी है। राम प्रसाद की हत्या ने गांव के प्रत्येक व्यक्ति को झकझोर दिया है।

**कहां से आई नींद की गोलियां:** मौके से बरामद हुई लोरेजापाम नामक गोलियों के दो पत्तों ने बड़ा सवाल यह खड़ा किया है की आखिर यह गोलियां आरोपियों के पास कहां से आई किसने कहां से लाकर दी क्या इस साजिश मे किसी अन्य का भी कोई सहयोग है। कौन है जो पर्दे के पीछे से युवतियों की मदद कर रहा था।

बताया जाता है कि सोमवार को मृतक के शव को शुकतीर्थ में ले जाकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बेटियों द्वारा पिता की इस तरह निमर्म हत्या करने से लोगों में तरह-तरह के सवाल उठ रहे है।

# एसएसपी ने सराय चौकी इंचार्ज व हैड कांस्टेबल को किया सस्पैंड

■ **गरीब युवक को बिना किसी अपराध के लिया था हिरासत में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अभी चार दिन पहले ही जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने किसी एक मामले में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की परासौली पुलिस चौकी के इंचार्ज और उनके अधीन काम कर रहे एक पुलिस कांस्टेबल को निलम्बित कर दिया था। आज फिर एसएसपी का चाबुक चला तो उन्होंने इसी तरह के एक अन्य मामले में बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र की सराय पुलिस चौकी के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रजत चौधरी और हैड कांस्टेबल विनीत यादव को सस्पेंड करते हुए पुलिस महकमे में जबरदस्त हड़कंप मचा दिया है। अब एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सराय पुलिस चौकी का नया प्रभारी सब इंस्पैक्टर अजित सिंह को बनाया है।

जिन्होंने कुछ ही घंटों बाद सराय पुलिस चौकी का चार्ज भी संभाल लिया है। चर्चा है कि चौकी इंचार्ज ने गांव सराय के एक युवक विनोद प्रजापति को यह कहकर अरेस्ट किया था कि वो बिना लाइसेंस के अनार पटाखे का खाली खोका अपने चाक पर बना रहा है। युवक ने यह सुनकर हैरानी जताई क्योंकि चाक पर मिट्टी संबंधी कुछ भी बर्तन आदि बनाने का कोई भी लाइसेंस नहीं होता।

चौकी इंचार्ज ने कांस्टेबल की सहायता से युवक से 15 हजार रुपये मांगे तो युवक ने 14 हजार रुपये देकर अपना पिंड छुड़ाया। इस बात की जानकारी गांव सराय में आए भाजपा नेता नितिन मलिक को मिली तो उन्होंने फोन पर एसएसपी से बात की तो सीओ फुगाना की जांच में पूरा मामला खुला जो सही मिला।

## भाकियू 'अ' ने एटीएस के विरोध में आरटीओ प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू 'अ' के जिलाध्यक्ष अक्षय त्यागी के नेतृत्व में कार्यकर्ता आरटीओ कार्यालय पहुंचे और उन्होने आरटीओ प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जनपद में व्यवसायिक वाहन स्वामियों को समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि शासन प्रशासन का ध्यान व्यवसायिक वाहनों की फिटनेस जांच से जुडी नई व्यवस्था की ओर एक कृष्ट करती है। उन्होने कहा कि सरकार के निर्देशन अनुसार मुजफ्फरनगर में व्यवसायिक वाहनों की मैन्युअल फिटनेस जांच व्यवस्था समाप्त कर दी गई और अब वाहनों को अन्य जनपदों में परिक्षण केन्द्र के लिए भेजा जा रहा है।

# बस ने दम्पति को रौंदा, महिला की मौत

## मंदिर से पूजा अर्चना के बाद अपने गांव सहावली लौट रहे थे पति-पत्नी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर में आए दिन दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। अधिकतर घटनाओं के पीछे जांच में पाया गया कि तेज गति से आए वाहन दुर्घटना का कारण बन रहे है। एक सप्ताह के भीतर आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। पुलिस मुकदमा तो दर्ज कर लेती है, लेकिन दुर्घटना रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही। रविवार की देर रात भी साईकिल से अपने घर लौट रहे दम्पत्ति को बस ने कुचल डाला जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति की किसी तरह जान बच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस और चालक को अपने कब्जे में लिया और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दम्पत्ति से मंदिर




से पूजा अर्चना कर अपने घर लौट रहे थे।
नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव

सहावली निवासी पप्पू अपनी 34 वर्षीय पत्नी के साथ साईकिल द्वारा गांव से अलमासपुर स्थित मंदिर में गए थे। रात के समय जब पति-पत्नी साईकिल द्वारा वापस लौटने लगे तो कुकडा के निकट अचानक ही प्राइवेट बस ने उन्हे रोंद डाला। बताया जाता है कि बस की टक्कर लगने से महिला दूर जाकर पडी जिससे बस चालक का संतुलन ओर बिगड गया और महिला पहिये के नीचे बुरी तरह कुचली गई। घटना के बाद मौके पर भीड इकट्ठा हो गई और सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस समय महिला का पति पप्पू बोलने की स्थिति में था और जल्द ही पहचान होने के कारण पुलिस ने घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# काली नदी में सैकड़ों मछलियों मरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के शामली रोड पर मोतीझील में बड़ी संख्या में मछलियां मरी हुई? काली नदी में किसी ने जहरीला पदार्थ डाल दिया जिससे मछलियों की मौत हो गई है, हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मौके पर ही जहर डाला गया है या किसी ओर कारण के चलते मछलियों की मौत हुई है फिलहाल काफी संख्या में मछलियों की मौत से लोगों में तरह-तरह के सवाल उठ रहे है और पुलिस और प्रशासनिक व कर्मचारियों ने यहां छानबीन की है।





मुजफ्फरनगर: नई मंडी ग्रेन चेम्बर स्कूल में प्रश्न पत्र देखती छात्राएं।

# विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख की ठगी

## शातिरों में कानून व सरकार का खौफ लेकिन ठगी के मामले बढ़े

■ **थाइलैण्ड में नौकरी के नाम पर ठगे, स्कैम सेन्टर में बनाया बंधक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** योगी सरकार का खौफ और कानून के डंडे के डर तो शातिर अपराधियों पर तो असर कर रहा है और बड़े-बड़े खलिफा या तो अपराध से तोबा कर रहे है या फिर जमानत तुडवाकर जेल में ही अपने को सुरक्षित मान रहे है। सरकार और कानून ने अपराधिक अपराधियों की अवैध सम्पत्ति भी जब्त कर शातिरों में खौफ पैदा कर दिया है, लेकिन एक ऐसा अपराध अभी भी पनप रहा है जिसको करने वाले नटरवालाल आए दिन सरकार को चुनौती दे रहे है। देखने में आ रहा है कि ठग बेखौफ होकर बेरोजगार और भोले-भाले लोगों को ठगने के लिए नए-नए हत्थकण्डे इस्तेमाल कर रहे है और उनकी मेहनत की कमाई पर ढांका डाला जा रहा है। हाल मे भी एक मामला जो तितावी क्षेत्र का है पुलिस कप्तान के दरबार में पहुंचा है।

तितावी क्षेत्र के गावं बघरा निवासी ने मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजा है और उसी की कॉपी सोमवार को पुलिस दरबार में दी गई है जिसमें बताया गया कि उमर खान व अजीम सैफी को बघरा निवासी इंतेजार सैफी और इमरान सैफी ने दोनो को थाईलैड में कम्प्यूटर ऑपरेटर की एक बड़ी कम्पनी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उन्हे बताया गया कि प्रति माह 800 डॉलर मिलेगे। इसी का लालच देकर रजिस्ट्रेशन के नाम पर पन्द्रह हजार रूपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए और इसके बाद



अलग-अलग किस्तों में पन्द्रह लाख रूपये से अधिक की रकम ली।

उन्हे थाईलैण्ड भेजने के नाम पर कुछ कागजात भी दिए गए। आरोपियों ने कहा था कि एयरपोर्ट के निकट एक कार मिलेगी और उनको उनका फोटो दिखाएगी उसी कार में बैठ जाना। पीड़ित छम्मन खान और मौहम्मद वसी ने बताया कि उनके बेटे उमर खान और उसके साथी अजीम सैफी को इसी तरह एक फोटो दिखाया गया जिससे विश्वास करने के बाद दोनो उनकी कार में सवार हो लिए। इसके बाद उन्हे करीब 700 किलोमीटर जंगल में ले जाया गया और दूसरी कार में बैठने के लिए कहा गया जब उन्होने कार में बैठने से मना किया तो उनके साथ जबरदस्त मारपीट भी की गई जिसमें अजीम सैफी और उमर के पैरों में चोटे आई। इसके बाद दोनो को कथित रूप से सीमा पार ले जाकर म्यांमार के एक स्कैम सेंटर (के.के. पार्क क्षेत्र) में बंधक बनाकर रखा गया। परिजनों का कहना है कि वहां हथियारबंद विदेशी लोगों ने युवकों के साथ मारपीट की, एक युवक के पैर का लिगामेंट तक तोड़ दिया गया। बाद में फोन पर बताया गया कि उन्हें मोटी रकम लेकर 'बेच' दिया गया है और भारत लौटने के लिए और पैसे देने होंगे। बेटे की जान बचाने के लिए परिजनों ने आरोपियों को अतिरिक्त 12 लाख 50 हजार रुपये की मांग पर करीब 15 लाख रुपये और दे दिए। लेनदेन के ऑनलाइन रिकॉर्ड, वीडियो व मेडिकल कागजात होने का दावा किया गया है।

शिकायत में यह भी आरोप है कि आरोपियों ने कानूनी कार्रवाई करने पर फर्जी मुकदमे व जान से मारने की धमकी दी। उन्हे यह भी पता चला था कि उन्हे टूरिस्ट वीजा दिया गया था। कुल मिलाकर पीडित परिवार पुलिस ऑफिस में पहुंचा और अपनी पीडा सुनाते हुए इंसाफ मांगा है। एसपी देहात ने पुरे मामले को सुना और कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट एमपीएल-2 का आगाज

■ **मंडलायुक्त डॉ. रूपेश ने किया उद्घाटन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्रिकेट लीग-2 का आगाज़ स्पोर्ट्स स्टेडियम में सहारनपुर मंडल आयुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने फीता काटकर किया। जैसे ही कमिश्नर में फीता काटकर उद्घाटन किया तो स्पोर्ट स्टेडियम परिसर दर्शकों की तालियों से गूंज उठा। एमपीएल-2 का सीधा प्रसारण वैश्विक स्तर पर स्टे स्पोर्ट्स चैनल पर किया जा रहा है। इसके लिए स्टेडियम में विशेष प्रसारण व्यवस्था स्थापित की गई है। सभी मैचों में टीवी अंपायर की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे नजदीकी और विवादित निर्णयों का त्वरित व सटीक निपटारा किया जा सकेगा। इस दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। डीसीए के अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, कुशलपाल सिंह, इंदर माथुर, प्रवीण मलिक, योगेन्द्र मलिक, संजय शर्मा, ओमदेव सिंह, विकास राठी, रोहित चौधरी अजय जैन, अरविंद भारद्वाज शिरीष शर्मा, आशीष भटनागर, मुकेश त्यागी ने अतिथियों का स्वागत किया। टूर्नामेंट के आगाज के साथ ही जिले में खेल महोत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। सचिव मनोज पुण्डीर ने बताया कि इस वर्ष लीग को और अधिक भव्य और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाया गया है। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं और प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी, एक प्रशिक्षक तथा सहयोगी स्टाफ शामिल है। पूरे टूर्नामेंट में 33 मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि प्रतिदिन दो मैच आयोजित किए जाएंगे। दोनों सेमीफाइनल 12 मार्च को और फाइनल मुकाबला 13 मार्च को खेला जाएगा। होली पर्व के अवसर पर किसी भी दिन मैच निर्धारित नहीं किया गया है। स्पोर्ट्स स्टेडियम की पिच को बेहतर बनाने के लिए संयुक्त सचिव ओमदेव सिंह के निर्देशन में विशेष तैयारी की गई है, ताकि खिलाड़ियों को अनुकूल खेल सतह मिल सके। लीग के ब्रांड एंबेसडर द्धप्रतिष्ठित प्रतिनिधिक्र के रूप में पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार और भुवनेश्वर कुमार जुड़े हुए हैं। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों में अंपायरिंग की जिम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी निभाएंगे। स्कोरर के रूप में अपूर्व यादव और हरीश चौहान की नियुक्ति की गई है, जबकि एंटी करप्शन अधिकारी के रूप में कौशिक तैनात रहेंगे। उद्घाटन और फाइनल मैचों में चौकों-छक्कों पर डीजे की धुन पर दर्शकों का उत्साह चरम पर रहेगा।

**आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है**

माहे रमजान की दिली मुबारकबाद

**डॉ0 रिजवान अली**
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन

**डॉ0 मौहसिन अली**
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)

**डॉ0 मौ0 शुऐब**
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)

**डॉ0 जैनब इनाम**
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)

**दिवान हॉस्पिटल**
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# बूथ पर नहीं आए बीएलओ, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**बुढ़ाना।** नार्मल स्कूल बुढाना में लगे बूथ पर सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गयी जब 2 बीएलओ गैर हाजिर रहे। इस बारे में सपा नेता ने एसडीएम से शिकायत की तो उन्होंने व्यवस्था बनवानेध्की बात कही। इस बूथ की भाग संख्या 133, 134 व 135 के बीएलओ मंगल सिंह व प्रमिला देवी गैर हाजिर रहे। यहां सफीपुर पटी के सैंकड़ों ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा तो सुपरवाइजर सुशील सैनी ने सबको शांत किया। सपा नेता हारुण अली सिद्दीकी ने दोनों बीएलओ को फोन किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। जब यहां पर सैंकड़ों ग्रामीणों को उनके नोटिसों का जवाब लेने वाला कोई अधिकारी नहीं मिला तो उन्होंने जमकर हंगामा काटा। आज बूथों पर नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, नोटिसों की सुनवाई व नाम संशोधन आदि का कार्य किया जाना था लेकिन बीएलओज के न होने से वोटरों का ये कार्य अधूरा रहा। इसके बाद दर्जनों लोग इस मामले में सपा नेता हारुण अली सिद्दीकी व आरिफ सिद्दिकी के नेतृत्व में एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा से मिले तो उन्होंने व्यवस्था कराने की बात कही। उनके निर्देश पर एआरओ पहुंचे तो उन्होंने भाग संख्या 133 व 135 का कार्य चालू कराया जबकि भाग संख्या 134 के लोग परेशान रहे। कुल मिलाकर सैंकड़ों ग्रामीण सुबह 10 बजे से लेकर सायं तक बूथ पर डटे रहे मगर उन्हें कोई रास्ता न मिला। कर्मचारी पल्ला झाड़ते दिखे। इस दौरान इंतजार, बिलाल, साबिर, शमीम, गुला मौहम्मद, जाकिर, नाजिम, रहीसुदीन, मेहरदीन, गुलशेर, कादिर, वाजिद, दिलशाद, अफसाना, फारुक, ताहिर, मोसीना, वसीला, सलमा और रुखसार आदि ग्रामीण मौजूद थे।



## एसडीएम को दिया गया शिकायती पत्र......

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव हारुण अली सिद्दीकी ने एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत ब्विकर्मा को जो हस्तलिखित शिकायती पत्र दिया है उसमें बताया गया है कि भाग संख्या 134 व 135 के मतदाताओं को आज सोमवार के लिए एसआईआर प्रक्रिया के अन्तर्गत नोटिस दिए गये थे। जिसका समय 12 बजे दिन से लेकर 2:30 बजे तक था परन्तु आज सुबह भयग्रस्त मतदाताओं द्वारा सुबह 10 बजे से ही मतदान स्थल पर अपने नोटिसों का जवाब देने के लिए सभी मतदाता मतदातास्थल पर मौजूद हैं परंतु मतदान स्थल पर भाग सख्या 134 पर नियुक्त बीएलओ तथा एआरओ अब तक मौजूद नहीं हैं। फोन किया जाता है तो बीएलओ प्रमिला द्वारा फोन भी नही उठाया जा रहा। इसको लेकर अल्पसंख्यक समुदाय में भारी रोष है।

# जिला पंचायत सभागार में हुई बैठक

**मुजफ्फरनगर।** अर्हता एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रें की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बंध में समस्त मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिवों के साथ उप जिला निर्वाचन अधिक. ारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह ने जिला पंचायत सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय सिंह, ने उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों को आयोग द्वारा जारी किये गये संशोधित कार्यक्रम से अवगत कराया गया। बताया गया कि आयोग के निर्देशानुसार दावे और आपत्तियां 6 मार्च तक जमा की जा सकती हैं। नोटिस चरण एवं दावे और आपत्तियों का निस्तारण 27 मार्च तक किया जायेगा तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन आयोग की अनुम. ति से 10 अप्रैल को किया जायेगा। ऐसे अर्ह नागरिक जो अपनी आयु दिनांक 1 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं या उक्त तिथि को पूर्ण कर लेंगे वह अपना नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करा सकते हैं। यह भी बताया गया कि जनपद में निर्वाचकों को 446305 नोटिस जनरेट किये गये जिसके सापेक्ष 251788 नोटिस की सुनवाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जो कुल कार्य का 56.41 प्रतिशत है। बैठक में उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव दिया गया कि बूथ लेविल अधिकारियों के पास कार्य की अधिकता को दृष्टिगत रखते हुए उनके सहायता हेतु कार्मिक लगाये जायें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि यदि किसी नागरिक के पास वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है तो वह नोटिस प्राप्त होने पर आयोग द्वारा जारी 13 विकल्प में से आवश्यक्तानुसार अभिलेख जमा करा सकता है।

बैठक में कांग्रेस पार्टी, आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पाटह्न एवं कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (मार्कसवादी) पार्टी से जन प्रति. निधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# डोर टू डोर होली पर्व की बधाई मांग रहे किन्नर



(नसीम कुरैशी)

**बुढ़ाना।** किन्नर ज्योति, लवली और खुशी ने सोमवार के दिन ढोलकिए के साथ नाच गाकर होली पर्व की बधाई दी। इस दोरान इन किन्नरों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे में सोमवार को किन्नरों के एक समूह ने होली पर्व के अवसर पर दुकानदारों और स्थानीय लोगों से नाच गाकर बख्शीश मांगी। किन्नरों ने इस दौरान लोगों को होली की बधाई दी और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। अगले माह होली का त्योहार है। किन्नरों का ये समूह हर वर्ष होली के अवसर पर बुढ़ाना कस्बे के छोटा बाजार, बड़ा बाजार, पैंठ बाजार, सदर बाजार, प्राइवेट बस स्टैंड, महावीर तिराहा सहित अन्य बाजारों में पहुंचता है ताकि लोगों में खुशियां और एकता बनी रहे। ये दुकानदारों के पास जाकर गाना बजाना करते हैं और अपनी बख्शीश मांगते हैं। किन्नर खुशी ने बताया कि वे अपने सहयोगियों के साथ यहां के दुकानदारों व लोगों से नाच गाकर बख्शीश मांग रहे हैं। उन्होंने पास में खड़े लोगों को होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। किन्नर लवली के अनुसार वे साल में दो बार यहां पर घूमकर बख्शीश मांगते हैं। दुकानदार या लोग खुशी से जो भी पैसे देते हैं उसे वे सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। हम किसी के साथ बदतमीजी या ग़लत व्यवहार नहीं करते हैं। यही हमारी जीविका है।

# दुस्साहस: दरियाबाद के जंगल में शिकारियों ने नील गाय को गोली मारी

**मोरना।** दरियाबाद के जंगल में नीलगाय को गोली मारकर शिकार करने की सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों पर शिकारियों ने गोली चली दी, जिनमें एक शिकारी कार लेकर भाग निकला जबकि तीन खेतों में भाग गए। वन विभाग की टीम ने पीछा किया तो घिरता देख आरोपी कार छोडकर भाग गया।

शुकतीर्थ वन क्षेत्राधिकारी रविकांत चौधरी ने बताया कि सोमवार की रात्रि में वन रक्षक नंदकिशोर की टीम गश्त पर थी कि दरियाबाद के जंगल में गोली चलने की आवाज सुनाई दी, मौके पर पहुंचे तो शिकारी नीलगाय का शिकार कर उसके अंगो को काटकर कार से डाल रहे है। शिकारियों ने वन कर्मियों को देखते ही गोली चला दी, और तीन शिक. ारी खेतों घुस गया जबकि चौथा शिकारी कार लेकर भाग निकला। सूचना पर डिप्टी रेंजर दीपक कुमार व अमित कुमार पहुंचे और कार का पीछा किया तो शिकारी घिरता देख भोकरहेडी मार्ग पर कार को छोडकर भाग गया। कार से वन्यजीव के कटे अंग व कुछ धारदार हथियार भी बरामद किए गए जबकि खेत में नीलगाय के अवशेष मिले। कार को जब्त (सीज) कर रेंज कार्यालय लाया गया। पशु चिकित्सक डा. सुनील कपूर व डा. हरेंद्र सिंह ने नील गाय के अवशेष का पोस्टमार्टम किया तो उसमें दो गोली निकली। जिसके बाद नील गाय के अबशेष को जमीन में दफनाया गया। शिकारियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधि. नियम, 1972 वन विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है तथा अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों में हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, पशु क्रूरता आदि के तहत थाने पर कार्रवाई की जा रही है। कार के नंबर के आधार पर आरोपितों की तलाश की जा रही है।




### नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम विपिन कुमार से बदलकर विपिन त्यागी रख लिया है। भविष्य में समस्त कार्यो के लिए मुझे विपिन त्यागी के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

**विपिन त्यागी पुत्र राजेन्द्र**
**निवासी ग्राम चौकडा-400**
**चौकडा,**
**जिला- मुजफ्फरनगर, यूपी।**

# एसडीएम से मिले व्यापार मंडल के कार्यकर्ता



**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के पदाधिकारी और सदस्य सोमवार को नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के नेतृत्व में बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा से मिले और उनको डायरी भेंट कर सम्मानित किया। जहां एक और व्यापारियों ने बुढाना एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा को सहयोग करने की बात कही वहीं एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा ने भी व्यापारियों से संबंधित किसी भी समस्या के निस्तारण का आश्वासन सभी व्यापारियों को दिया। संरक्षक तनवीर कुरैशी ने एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा को बतलाया कि बुढ़ाना कस्बे में खासकर शनिवार के दिन लगने वाली साप्ताहिक पैंठ की वजह से लगभग पूरे कस्बे में जाम लगा रहता है। जिसके चलते काफी वाहन चालक जाम में फंस जाते हैं और उनका जरुरी काम भी छूट जाता है। लोगों का पैदल निकलना भी दूभर रहता है। अगर हर शनिवार के दिन ई रिक्शाओं की सभी बाजारों में नौ एंट्री करवाकर पुलिस पिकेट की व्यवस्था करा दी जाए तो इस जाम से छुटकारा पाया जा सकता है। एसडीएम से मिलने वालों में मुख्य रुप से डाक्टर अरविन्द गोयल, राजीव गर्ग, सुरेंद्र सिंघल, नसीम भटियारा और सुफियान कुरैशी सहित आदि व्यापारी भी उपस्थित रहे।

# चरथावल-मुज़फ्फरनगर रूट पर अवैध बसों का खुला खेल

**सादिक त्यागी**

**चरथावल** चरथावल से मुज़फ्फरनगर तक का प्रमुख यात्री मार्ग इन दिनों पूरी तरह अवैध प्राइवेट बसों के कब्जे में चला गया है। बिना वैध परमिट, बिना तय समय-सारिणी और बिना किसी नियंत्रण के ये बसें दिनभर सवारियाँ ढो रही हैं। हालत यह है कि सरकारी रोडवेज की बसें खाली होकर गुजर रही हैं, जबकि निजी बस संचालक खुलेआम मोटी कमाई कर रहे हैं। यह स्थिति सिर्फ एक रूट तक सीमित नहीं है, बल्कि जनपद के कई अन्य मार्गों पर भी यही अव्यवस्था देखने को मिल रही है, जिससे सरकारी परिवहन व्यवस्था को सीधा झटका लग रहा है।

वही कुछ निजी बस जो केवल अपने स्टॉफ के आवागमन के लिए स्टाफ डडूटी का परमिट मिला है, वही बसें आम यात्रियों को बैठाकर रोडवेज रूट पर दौड़ रही हैं। नियमों की इस खुलेआम अनदेखी से न सिर्फ कानून का मज़ाक बन रहा है, बल्कि यह भी साबित हो रहा है कि बिना किसी संरक्षण के इतना बड़ा खेल संभव नहीं है। यात्रियों का कहना है कि इन बसों में न तो सुरक्षा मानकों का पालन होता है और न ही ओवरलोडिंग पर कोई रोक है।

इस अवैध संचालन का सबसे बड़ा नुकसान सरकारी रोडवेज को उठाना पड़ रहा है। रोडवेज सूत्रों के अनुसार पहले जिन रूटों पर बसें पूरी भरकर चलती थीं, अब वही बसें आधी सवारियों के साथ निकल रही हैं। इससे रोडवेज की आमदनी में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में रोडवेज को लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपये के नुकसान का सामना करना पड़ेगा, जिसका सीधा असर आम जनता की परिवहन सुविधाओं पर पड़ेगा।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब ये अवैध बसें रोज़ सड़कों पर दौड़ती दिख रही हैं, तब परिवहन विभाग, त्ज्ञ्और पुलिस आखिर कर क्या रहे हैं? क्या यह सब अधिका. रियों की जानकारी के बिना हो रहा है, या फिर सब कुछ जानबूझकर नज़रअंदाज़ किया जा रहा है? जनता अब खुलकर सवाल उठा रही है कि यदि जल्द ही अवैध बसों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मुद्दा सड़क से लेकर कार्यालयों तक गूंजेगा। चरथावल मुज़फ्फरनगर रूट पर चल रहा यह अवैध खेल अब सिर्फ परिवहन का नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही का बड़ा इम्तिहान बन चुका है।

**सड़क पर कानून नहीं, बस मालिकों का राज**

**चरथावल।** मुज़फ्फरनगर, थानाभवन मार्ग पर जो कुछ चल रहा है, वह सिर्फ़ परिवहन व्यवस्था की अव्यवस्था नहीं, बल्कि कुछ निजी बस संचालकों की खुली मनमानी का नतीजा है। बिना वैध परमिट, बिना तय मानको और बिना यात्रियों की सुरक्षा की परवाह किए ये बसें सड़क पर दौड़ रही हैं। इन संचालकों के लिए न कानून मायने रखता है, न यात्रियों की जान।

अवैध बस संचालकों को यह समझना होगा कि सड़क कोई किसी की निजी जागीर नहीं है। ओवरलोडिंग, तेज़ रफ्तार और बिना फिटनेस के बसें चलाना सीधे-सीधे यात्रियों की जान से खेलना है।

# दो मांगों को लेकर दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे पर लगाया जाम

**बुढ़ाना।** सोमवार की सुबह सैंकड़ों आक्रोशित किसानों ने दो मांगों को लेकर गांव बिराल में को निकल रहे दिल्ली देहरादून इक्नोमिक कोरिडोर को एक तरफ से बंद करके आते जाते वाहनों को रोककर धरना प्रदर्शन किया। ये धरना इसलिए दिया गया जो मांग प्रशासनघ्के समक्ष बीते वर्ष ग्रामीणों द्वारा रखी गयी थी वे पूरी नहीं की गयी। इनमें दो मांगे बहुत गंभीर हैं। जिनमें एक तो दिल्ली वाया देहरादून एक्सप्रेस वे पर जो अंडरपास बनाए गये हैं उनमें अक्सर पानी भरा रहता है। आने जाने वाले किसानों को पानी में से ही गुजरना पड़ रहा है। जिस कारण किसानों के साथ साथ ग्रामीणों को भी भारी असुविधा उठानी पड़ रही है उससे निजात दिलाई जाए और दूसरी जिन जिन किसानों के खेतों में टावर लगाए गये थे उनको अभी तक भी मुआवजा नहीं मिल पाया है। किसानों के द्वारा धरने दिये जाने की सूचना पर बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा के निर्देश पर बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव मौके पर पहुंचे और धरनारत सभी किसानों को आश्वासन दिया कि जल्दी ही उक्त दोनों समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाएगा। सायं छह बजे तक भी धरना प्रदर्शन जारी था और तहसीलदार भी मौके पर थे। इस दौरान अंकुश ठाकुर, ठाकुर मदन, गांव प्रधान ठाकुर मन्नू, दीपक प्रधान, अजमेर सिंह, प्रमोद कुमार, भीम सिंह, सत्यवीर सिंह, राहुल कुमार, मोनू सिंह, राजेश, गजराज, ओमबीर सिंह, मुकेश कुमार, कृष्णपाल, अनिल कुमार, ईश्वर सिंह, रविंद्र सिंह और अन्नू मलिक आदि ग्रामीण भी मोजूद रहे।

# सम्भलहेड़ा में राशन डीलर पर गड़बड़ी के आरोप

**मीरापुर।** ग्राम सम्भलहेड़ा के ग्रामीणों ने गांव के राशन डीलर फरमान के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि डीलर लंबे समय से उपभोक्ताओं को परेशान कर रहा है और समय पर राशन वितरण नहीं करता। आरोप है कि वह महीने में केवल दो-तीन दिन ही दुकान खोलता है, जिससे पात्रलाभार्थियों को नियमित रूप से खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर पहले उनके अंगूठे के निशान लगवा लेता है, लेकिन बाद में राशन देने में आनाकानी करता है। लोगों को संदेह है कि अंगूठे के निशान का दुरुपयोग कर फर्जी तरीके से राशन का गबन किया जा रहा है। गांव के अधिकांश परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उन्हें प्रति माह मिलने वाले सरकारी राशन पर ही निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में समय पर खाद्यान्न न मिलने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि जब राशन की मांग की जाती है तो डीलर गाली-गलौज कर अभद्र व्यवहार करता है। इस संबंध में कुछ वीडियो साक्ष्य भी ग्रामीणों के पास मौजूद बताए गए हैं। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने और दोषी पाए जाने पर डीलर का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है, ताकि पात्रउपभोक्ताओं को समय पर उचित मात्र में राशन मिल सके।

## महासमिति ने सौंपा ज्ञापन

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासमिति पंजीकृत उत्तर प्रदेश शाखा बिजनौर मुख्यालय टीचर कॉलोनी धामपुर ने जिला अध्यक्ष धर्मेश कुमार के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों की महत्वपूर्ण मुख्य समस्या जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को दी गई रेलवे सुविधा के अंतर्गत 40% पुरुष एवं 60% महिलाओं को किराए में छूट दी जाती रही है बंद होने के कारण सभी वरिष्ठ नागरिक इस छूट के लिए अपनी मांग काफी दिनों से कर रहे हैं।

### खोया-पाया

मेरी हाईस्कूल परीक्षा 2023 का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 1230520184 है। वास्तव में कहीं गुम हो गया है।

**करीना पुत्री उमर शाद**
हरसौली, मु0नगर।

### सूचना

मैं राजेन्द्र पुत्र टिड्ढा निवासी मुकल्लमपुरा किथौड़ा, थाना मीरापुर, जिला मु.नगर का रहने वाला हूं, और मैं अपने सबसे छोटे पुत्र गुड्डू कुमार (अविवाहित) है प्रार्थी के कहने सुनने में नहीं है, के कारण आज दिनांक 23/02/2026 से अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं, क्योंकि मेरा पुत्र गुड्डू कुमार मेरे कहने-सुनने में नहीं रहा है और भविष्य में मेरा अपने पुत्र गुड्डू कुमार से कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। गुड्डू कुमार के किसी भी लेन-देन गलत कृत्य के प्रार्थी व प्रार्थी का परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। प्रार्थी का पुत्र गुड्डू कुमार स्वयं जिम्मेदार होगा।

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र लोकेश कुमार मेरे कहने सुनने में नही है मेरी बात नही मानता है। झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देता है। मारपीट करता है। मै व मेरा परिवार लोकेश कुमार से काफी परेशान है। गलत आचरण के कारण मैने अपने पुत्र लोकेश कुमार को अपनी सभी प्रकार की चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज के बाद इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। अपने कृत्य व लेन-देन के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगा।

**रामकुमार सिंह पुत्र महावीर**
**निवासी मौहल्ला पूर्वी आजाद**
**नगर एलम, थाना कांधला**
**तहसील व जनपद शामली**

### नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या B-2021: 9- 90023-000634 में गलती से पुत्र का नाम आर्यन खान हो गया है जबकि वास्तविक नाम असद खान है और भविष्य में भी असद खान के नाम से ही जाना जायेगा। इसिलिए शुद्धिकरण के लिए आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक: गुलफाम खान,**
**निवासी मौहल्ला मंडी दक्षिणी**
**बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर, यूपी।**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब( आर्डर 5 कायदा । व 5) **न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय तहसील खतौली, मु. नगर** वाद सं. टी202409550604063 सन 2024 **नन्द किशोर** पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम सरधन, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। .......**वादी** बनाम 1. विक्रम सिंह 2. हरकिशोर 3. सुकरमपाल 4. प्रताप सिंह पुत्रगण रामसिंह निवासीगण ग्राम सरधन, परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 5. गांव सभा/पंचायत, गांव सरधन द्वारा प्रधान गांव सरधन परगना व तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।...**प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा-116 उ.प्र.रा.सं. 2006 ग्राम- सरधन परगना व तहसील खतौली हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 9/03/26 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 23/2/2026 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी खतौली**

# सगे भाई ने बहन के साढ़े छह लाख रुपये हड़पे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** एक बहन ने अपने भाई पर उसके साढ़े छह लाख रूपये हड़पने और बैग से झुमकी और नथ गायब करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार मीनाक्षी पत्नि विनोद निवासी मौहल्ला कृष्णा कुंज मोदीनगर ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसने अपने सगे भाई रामकुमार पुत्र शिवचरण निवासी बडोत रोड बुढाना को बीती 12 अगस्त सन 2022 को साढ़े छह लाख रूपये उधार दिए थे। मेरा भाई है यही विश्वास करके मैंने अपने भाई को यह रकम दी। मैंने समय समय पर अपने भाई से अपने रुपये मांगे लेकिन मेरा भाई रामकुमार मुझसे रोजाना झूठे वायदे करता रहा। बीती 20 अगस्त को भी जब में अपने भाई के पास अपने रुपये मांगने के लिये बुढ़ाना आई तो मेरे भाई के लड़के सुमित और लडकी निधि ने मेरी सोने की झुमकी और सोने की नथ मेरे बैग मे से इधर उधर कर दी। जब मेरे बैग में ये सामान नहीं मिला तो मैंने अपने सामान और रुपयों की बात कही तो सुमित और निधि ने मेरे साथ मारपीट कर लात घूसे मारे। अब मेरा भाई मेरे रुपये नही दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस से अपने भाई से बैग में से गायब हुआ अपना सामान और साढ़े छह लाख रुपये दिलवाए जाने की गुहार लगाई है। उधर बुढाना पुलिस ने पीड़िता मीनाक्षी की तहरीर के आधार पर उसके आरोपी भाई रामकुमार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ की कार्यवाही**

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-खानपुर, परगना थानाभवन, तहसील व जिला-शामली में एक नीम का पेड वर्षा के कारण गिर गया है। उक्त पेड की नीलामी 27.02.2026 को पुर्वान्ह 11 बजे तहसील सभाकक्ष में की जायेगी। अत: इच्छुक व्यक्ति निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी की शर्तो की जानकारी किसी भी दिवस में रजिस्ट्रार कानूनगो, कार्यालय तहसील शामली से प्राप्त की जा सकती है।

**तहसीलदार**
**शामली**

# सड़क हादसों मे चार व्यक्ति हुए घायल

**भोपा।** मोरना भोपा क्षेत्र में हुए विभिन्न सड़क हादसो में चार व्यक्ति घायल हो गए घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए लाया गया। जनपद शामली के थाना झिंझाना क्षेत्र के गांव पैंथर निवासी 21 वर्षीय बादल पुत्र सुरेंद्र अपनी माता कविता के साथ बाइक द्वारा ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला में हुई मौत मे अंतिम संस्कार मे आया था। दोपहर बाद दोनों वापस लौट रहे थे कि बेहड़ा सादात के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी जिसमें बादल घायल हो गया जिसे भोपा अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया।

# दुर्घटनाओं में कई लोग हुए घायल

**मीरांपुर।** मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी हिमांशु पुत्र प्रमोद 21 वर्ष अपनी रिश्तेदारी भोकरहेड़ी में जा रहा था कि गांव रहमतपुर में पहुंचने पर एक ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी जिसमें वह घायल हो गया घायल को वापस पता लगाया गया । मीरपुर थाना क्षेत्र के गांव मुझेड़ा सादात निवासी 60 वर्षीय इरशाद पुत्र ननवा अपने दामाद सलमान निवासी तेवड़ा के साथ बाईक द्वारा बेहड़ा सादात से तेवडा जा रहा था की ककरोली पहुंचने पर एक अज्ञात ट्रेक्टर ट्रॉली ने उसे टककर मार दी जिसमें वह घायल हो गया घायल को भोपा सी एच सी पहुंचाया गया। एक अन्य सड़क दुर्घटना मे ककरौली निवासी बाइक सवार युवक उदय पुत्र रविन्द्र घायल हो गया घायल का सी एच सी पर उपचार किया गया।

# फाइनल प्रेजेंटेशन एवं मूल्यांकन का आयोजन सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा मीडिया फेस्ट 2026 के द्वितीय दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल प्रेजेंटेशन एवं मूल्यांकन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। फेस्ट के दूसरे दिन विभिन्न रचनात्मक एवं प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें एडवरटाइजमेंट डिजाइन, फिल्म मेकिंग, कार्टून डिजाइन, एंकरिंग तथा स्टोरीटेलिंग जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं।इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ बाहरी शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।श्री राम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित मीडिया फेस्ट 2026 के द्वितीय दिवस (21 फरवरी 2026) पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल प्रेजेंटेशन एवं मूल्यांकन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण एवं ओरिएंटेशन सत्र से हुई जिसके बाद प्रतिभागियों की फोटोग्राफी प्रदर्शनी एवं मूल्यांकन किया गया। द्वितीय सत्र में कार्टून प्रतियोगिता की प्रदर्शनी एवं जजों द्वारा समीक्षा की गई, तत्पश्चात विज्ञापन डिज़ाइन प्रस्तुति में प्रतिभागियों ने अपने कार्यो का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया। दोपहर बाद डॉक्यूमेंट्री फिल्म स्क्रीनिंग आयोजित की गई, जिसमें चयनित फिल्मों का प्रदर्शन एवं मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने निर्णायक (जज) की भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल में डॉ राजकुमार पांडे विभाग अध्यक्ष ललित कला विभाग, डी बी यू यू देहरादून, डॉ मनोज धीमान (निदेशक, ललित कला विभाग, श्री राम कॉलेज,, डॉ प्रवीण मलिक(सहायक प्रोफेसर, कृषि विभाग, श्री राम कॉलेज, एवं कहकशा मिर्जा (सहायक प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, श्री राम कॉलेज) शामिल रहे। जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। विज्ञापन में प्रथम पुरस्कार पिक्सल आर्ट के छात्र गौरव द्वितीय पुरस्कार पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र सिद्धार्थ कुंवर, तृतीय पुरस्कार पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र अर्णव त्यागी को मिला इसी के साथ स्टोरी टेलिंग में प्रथम पुरस्कार पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की छात्रा सृष्टि खुराना द्वितीय पुरस्कार सौम्या सिद्दीकी तृतीय पुरस्कार प्राची त्यागी को मिला एंकरिंग में प्रथम पुरस्कार हुरैन खान श्री राम कॉलेज ऑफ़ लॉ, द्वितीय पुरस्कार सौम्या यादव आई ए एम आर इंस्टिटडूट तृतीय पुरस्कार सम्बुल सिद्दीकी श्री राम कॉलेज फोटोग्राफी में प्रथम पुरस्कार अर्पित खोखर श्री राम कॉलेज द्वितीय पुरस्कार उदित पाल पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग श्री राम कॉलेज तृतीय पुरस्कार मोहित राय ,कार्टून मेकिंग में प्रथम पुरस्कार पूजा निरवाल श्री राम कॉलेज द्वितीय पुरस्कार प्राची शर्मा श्री राम कॉलेज तृतीय पुरस्कार ज़किया खान पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग श्री राम कॉलेज को गया।इस अवसर पर विजेता छात्रों को प्रथम पुरस्कार धनराशि 3100 द्वितीय पुरस्कार धनराशि 2100 तृतीय पुरस्कार धनराशि 1100 रुपए के साथ प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया से सम्मानित किया गया।

# सीएमओ ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर। जनपद मुजफ्फरनगर में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया।

सबसे पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला चिकित्सालय परिसर स्थित हृदय रोग विभाग के आईसीयू का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना तथा उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को निर्देशित किया कि गंभीर रोगियों को समय पर और उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इसके उपरांत डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आमजन को सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं तथा स्वच्छता एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए।

इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीपीएमयू द्धक्च्डन्त्रः कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यालय में संचा. लित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया जाएगा।





चरथावल: सड़क पर खड़ी बस।

# रतनपुरी थाने के सामने ओवरलोड गन्ना ट्रक पलटा, दादा-पोता घायल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सोमवार दोपहर थाना रतनपुरी के ठीक सामने एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब गन्ने से लदा एक ओवरलोड ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना के बाद बुढ़ाना मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। हादसे में सड़क किनारे खड़े दादा-पोता घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गन्ने से भरा ट्रक बुढ़ाना क्षेत्र से खतौली शुगर मिल की ओर जा रहा था। थाना रतनपुरी के समीप मंदिर के पास बने मोड़ पर पहुंचते ही ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गया। ट्रक में क्षमता से अधिक गन्ना भरा होने की बात सामने आ रही है। पलटते ही गन्ना सड़क पर दूर-दूर तक फैल गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हादसे के समय फल की ठेली पर खड़े अतर सिंह पुत्र सुरजन, निवासी नंगला दोघट (जनपद बागपत) और उनका पोता प्रिंस गन्ने की चपेट में आ गए।

गन्ने का ढेर उन पर गिर पड़ा, जिससे दोनों घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि गन्ने का दबाव थोड़ा और अधिक होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था। सूचना मिलते ही थाना रतनपुरी पर तैनात दो दरोगा मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करते हुए घायलों को गन्ने के ढेर से निकलवाया और सरकारी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लोगों ने पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना की। पुलिस ने जेसीबी और क्रेन की मदद



से ट्रक को सीधा कर सड़क से हटवाया तथा फैले गन्ने को साफ कराया। करीब कई घंटे की मशक्कत के बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। इस दौरान स्कूली वाहन, बसें और अन्य वाहन जाम में फंसे रहे। गन्ना पेराई सत्र शुरू होते ही सड़कों पर ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही बढ़ने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए और मुख्य बाजारों में दिन के समय इनके प्रवेश पर रोक लगाई जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं की गई तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।

# वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की भेंट



**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर भेंट कर मुजफ्फरनगर में महाराणा प्रताप चौक एवं अन्य विषयों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर नरेंद्र पुंडीर (मुखिया), ठाकुर दिवाकर सोलंकी एवं दिव्यप्रताप राणा भी साथ रहे।

## पुलिस ने 25 लाख रुपये की अफीम की जब्त

**बुढ़ाना।** कस्बा चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने एक बार फिर से अपनी काबिलियत दिखाते हुए 25 लाख रुपये की कीमत की एक किलोग्राम अफीम जब्त करते हुए दो नशा तस्करों को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के सफल नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने अपने सुत्रों के माध्यम से अपने अधीनस्थों के सहयोग से दो युवकों को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के विज्ञाना रोड से पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से एक किलोग्राम अफीम बरामद की। जिसकी कीमत बाजार में लगभग 25 लाख रूपये बताई गयी है। पकड़े गये दोनों नशा तस्करों ने अपने नाम नायब और नासिर निवासीगण गांव बडकता कोतवाली बताया। पुलिस ने दोनों नशा तस्करों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करने के बाद दोनों को लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया है।

# नमाहा चैलेंजर्स बने चैंपियन, सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रोमांच, उत्साह और जबरदस्त मुकाबले से भरे फाइनल मैच में नमाहा चौलेंजर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

मैच के अंतिम क्षणों तक दर्शकों की धड़कनें बढ़ी रहीं।

पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर किंग्स की टीम ने 19.5 ओवर में 176 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से आशुतोष शर्मा ने 44 गेंदों पर 60 रन (2 चौके, 4 छक्के) की बेहतरीन पारी खेली। लविश आहूजा ने 16 गेंदों पर 35 रन (5 चौके, 2 छक्के) बनाकर तेजी दिखाई, जबकि विकेटकीपर नईम मिर्जा ने 8 गेंदों में 19 रन जोड़े। अंकित सिंह (21) और निपुन मित्तल (14) ने भी योगदान दिया, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। नमाहा चौलेंजर्स की ओर से कप्तान रितेश बंसल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 26 रन देकर 4 विकेट झटके। गौरव अरोड़ा ने 28 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि वेदांत कपूर और मयूर को 1-1 सफलता मिली। सधी हुई गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग के चलते सुपर किंग्स को चुनौतीपूर्ण स्कोर पर रोका गया। 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नमाहा चौलेंजर्स की शुरुआत धीमी रही और टीम ने शुरुआती विकेट जल्दी गंवा दिए। हालांकि कप्तान रितेश बंसल ने जिम्मेदारी संभालते हुए 60 गेंदों में नाबाद 89 रन (11 चौके, 2 छक्के) की कप्तानी पारी खेली। उनकी इस पारी ने मैच का रुख बदल दिया।

अभिषेक अग्रवाल और वेदांत कपूर जल्दी आउट हो गए, जबकि प्रतीक भाटिया 12 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। गौरव अरोड़ा भी ज्यादा देर नहीं टिक सके। अंत में अभिषेक साहनी ने 17 गेंदों में नाबाद 47 रन (5 चौके, 3 छक्के, की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को 19.1 ओवर में 178/5 तक पहुंचा दिया और जीत सुनिश्चित कर दी।

रितेश बंसल को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने गेंदबाजी में 4 विकेट और बल्लेबाजी में नाबाद 89 रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट का आयोजन अंकित गोयल, रचित गोयल और आकाश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सोनू अहलावत, मोनू अहलावत, वेदपाल अहलावत सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।नमाहा चैलेंजर्स की इस जीत के साथ टीम ने न सिर्फ ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, बल्कि पूरे टूर्नामेंट में अपनी श्रेष्ठता भी साबित कर दी। मैदान पर खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों का जोश फाइनल मुकाबले को लंबे समय तक यादगार बना गया।

# श्रद्धा और भक्ति के संग संपन्न हुआ चंद्रप्रभ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पिसनोपाड़ा स्थित श्री 1008 चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर में चंद्रप्रभ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव इस वर्ष भी अत्यंत धूमधाम और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। पिछले एक दशक से निरंतर आयोजित हो रहे इस भव्य आयोजन में श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी। मुजफ्फरनगर से पधारे पंडित मधुबन शास्त्री के सान्निध्य में संगीतमय एवं भक्तिमय विधान का आयोजन हुआ। विधान के आमंत्रणकर्ता राजीव जैन (प्रेम विहार, मुजफ्फरनगर) परिवार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अमरचंद सुनील जैन सर्राफ द्वारा मंडप उद्घाटन से हुआ, जबकि ध्वजारोहण का पुण्य लाभ शशांक सर्राफ परिवार को प्राप्त हुआ। सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य संदीप जैन एवं शशांक जैन टिम्बर परिवार को मिला। मुख्य मंगल कलश की स्थापना विकास जैन (आर्यन वेंकट हाल) ने की, वहीं चारों दिशाओं में कलश स्थापना शिल्पी जैन, बीना जैन, रजनी जैन एवं अंजू जैन द्वारा संपन्न कराई गई। मंगलाचरण के बाद विधिवत विधान प्रारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर चंद्रप्रभ भगवान का गुणगान करते नजर आए। जिनवाणी विरा. जमान का अवसर विनय जैन, रामकुमार जैन एवं संदीप जैन परिवार को प्राप्त हुआ। साथ ही अष्ट मंगल द्रव्य एवं पंच मेरु की स्थापना कर वातावरण को पूर्णतः धार्मिकमय बना दिया गया। रात्रि में डॉ. नेमचंद जैन शास्त्री ने अपने प्रवचनों में धर्म, संयम और सदाचार का संदेश देते हुए जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने पर बल दिया।

प्रश्न मंच के माध्यम से श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व निर्देशन कलपेन्द्र जैन ने प्रभावी ढंग से किया। विधान में हितेष जैन, राहुल पैकर्स, संजय जैन 'अनंत वीर्य', राजकुमार जैन, मदन जैन, कमल जैन, अमित जैन, राहुल टिम्बर, जय भगवान जैन, संतोष जैन, सरिता जैन, सुनीता जैन, आयुषी जैन, शैलबाला जैन, रीतू



जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहयोग दिया। अंत में भूषण लाल मुकेश जैन आढ़ती एवं प्रभा जैन, पवन जैन (प्रवक्ता) परिवार की ओर से मिष्ठान वितरण किया गया। आयोजन में समाज के बड़ी संख्या में लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा।

## दो भाइयों पर हमले का मुकदमा दर्ज

**छपार।** दो सगे भाइयों पर चार लोगों ने धारदार हथियार व लाठी डंडों से हमला कर गंभीर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़ित ने चारों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव तेजलहेडा निवासी अजय कुमार व उसका भाई रामदास मेडिकल स्टोर पर 20 फरवरी को दवाई लेने गये थे। वापस लौटते समय गांव के ही रमन,दीपक, हिंमाशु व सोनू हाथों में धारदार हथियार व लाठी डंडे लेकर खड़े थे उन्होंने दोनों पर हमला कर दिया जिससे दोनों गंभीर घायल हो गये। शोर शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग आ गये। उन्हें देखकर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।अजय ने चारों हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**जानसठ।** कचहरी परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बार एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिका. रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा और महासचिव दीपेश गुप्ता को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार, उपाध्यक्ष किरणपाल सैनी, नरेंद्र कुमार सोम व कनिष्ठ उपाध्यक्ष अपूर्व सैनी को एल्डर कमेटी के चेयरमैन प्रदीप कुमार गोयल ने शपथ दिलाई। कोषाध्यक्ष रघुनाथ सिंह को भी चेयरमैन प्रदीप कुमार गोयल ने शपथ दिलाई। इसके अलावा अन्य नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में अधिवक्ताओं ने डीएम उमेश मिश्रा, एसडीएम राजकुमार भारती, तहस. ीलदार श्रद्धा गुप्ता को बुके भेंटकर सम्मानित किया गया।

सोमवार को आयोजित बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता वादकारियों को समय पर सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाएं। उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी।ततो वही कार्येकर्म का संचालन मशहूर शायर हसीन हैदर जैदी एडवोकेट नए किया और अपनी शायरी से शमा बांध दिया. इस फ़ौरन समारोह में एसडीएम राजकुमार भारती, तहस. ीलदार श्रद्धा गुप्ता, नायब तहसीलदार अजय कुमार, नायब तहसीलदार विपिन चौधरी, निवर्तमान अध्यक्ष शशि



सैनी, नगर पंचायत अध्यक्ष डाक्टर आबिद हुसैन, पूर्व चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना, एल्डर कमेटी के सदस्य प्रवेश कुमार गोयल, वेदप्रकाश सैनी, मांगे सिंह, समाजसेवी आशू मलिक, हसन अली खां, यशवंत सिंह काम्बोज, प्रदीप गर्ग, जावेद हुमायूं, अजादार हुसैन जैदी, ईमान अली, नसीम पाशा. हिलाल मेंहदी सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# सोनू के निवास पर पहुंचे भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** मोहल्ला दक्षिण चमारन निवासी सोनू पुत्र सुरेंद्र 13 फरवरी को जहरीले पदार्थ का सेवन कर गंभीर हालत के चलते में 20 फरवरी मेरठ के प्राइवेट हॉस्पिटल में मौत हो गई थी सोमवार को भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सोनू के निवास पर पहुंचे तथा उनके पिता से मिलकर शोक पर प्रकट किया राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा तथा आरोपियों को बक्सा नहीं जाएगा है इस मौके पर जिला अध्यक्ष रजत प निठारिया दिनेश बावरा अमित गौतम जिला सचिव पूरण नकुल विनोद मिथुन रवि अफजल आदि मौजूद है

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनन्द के अपमान के विरोध में आंदोलन की चेतावनी

**मुजफ्फरनगर।** क्रांतिसेना ने शंकराचार्य अविमुकतेश्वरनन्द जी के अपमान के विरोध बड़े आंदोलन का निर्णय लेते हुए कहा कि 25 फरवरी को पार्टी के पदाधिकारी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से शंकराचार्य के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करेंगे।

आज पार्टी कार्यालय पर पदा. धिकारी की बैठक को संबोधित करते हुए क्रांतिसेना अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहा कि राम राज्य में शंकराचार्य जी के खिलाफ जिस तरीके से कांधला निवासी ओर डेढ़ दर्जन अपराधों मैं शामिल अश्वनी उर्फ आशु उर्फ आशुतोष नामक अपराधी फर्जी मामला बनाकर उनके मान सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश कर रहा है ओर सरकार का ऐसे मामलों में चुप रहना भविष्य में सनातन के लिए खतरा बन सकता है उन्होंने कहा कि उक्त तथाकथित संत आशुतोष ब्रह्मचारी अपने गृह क्षेत्र कांधला में ही कई मामलों में आरोपी है, इतने अपराधों में शामिल होने के बावजूद उक्त व्यक्ति किस प्रकार सामाजिक लोगों और सम्मानित संतो को ब्लैकमेलिंग के उद्देश्य से खुलेआम शासन प्रशासन की नाक के नीचे बदनाम करता घूम रहा है उस पर एक कहावत बिल्कुल ठीक बैठती है ष्ऐसा कोई सगा नहीं जिसको आशुतोष ने ठगा नहीं जो व्यक्ति गो. कशी गौ तस्करी बलात्कार ब्लैकमेलिंग जैसे आरोपों में आरोपी हो उसकी शिकायत को गंभीरता से लेने वाले भी अपने मानसिक दिवालियापन को ही दर्शा रहे हैं ।उन्होंने चेतावनी दी संतों का यह अपमान बीजेपी के लिए बड़ा दुखदाई साबित होने वाला है उन्होंने कहा कि पहले उनका संगठन शांतिपूर्वक तरीके से अपनी बात को शासन प्रशासन तक पहुंचाएगा और बात नहीं बनने पर इसे व्यापक स्तर पर प्रदेश भर में उग्र आंदोलन के जरिए उठाया जाएगा।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शरद कपूर जिला अध्यक्ष मुक. ेश त्यागी पर प्रबुद्ध प्रकोष्ठ अध्यक्ष आलोक अग्रवाल कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा नरेंद्र ठाकुर मंगत. राम सोनकर सोनू पाहीवाल उज्ज्वल पंडित ललित रहेला राजेंद्र तायल आशीष मिश्रा अरविंद कौशिक हेम कुमार कश्यप शैलेंद्र विश्वकर्मा सोनू सैनी उपस्थित रहे।

## दरार आए मकानों की जांच करने पहुंची टीम

**बुढ़ाना।** जिस वार्ड में आधा दर्जन से भी अधिक मकानों के गिरने का खतरा जल निगम की लापरवाही से बना हुआ है उस प्रकरण की जांच करने के लिए डीएम के निर्देश पर सोमवार के दिन मुजफ्फरनगर मुख्यालय से एक टीम जांच करने के लिए आई। जिसमें लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन, जल निगम के एई, बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन, जल निगम के ठेकेदार और बुढ़ाना नगर पंचायत से जल विभाग के सुधीर कुमार शामिल रहे। एक्सईएन के नेतृत्व में टीम ने सभी खिले सातों मकानों का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद अंडरग्राऊंड पाइप लाइन देखी और सभी की फोटो और वीडियो ग्राफी कर पीडित मकान मालिकों और मौहल्ले के लोगों से बातचीत की। जिसमें सभी मकानघ्स्वामियों ने जल निगम के अधिकारी, कर्मचारी और ठेकेदार की ही गलती बताई। एक्सईएन ने बताया कि वाकई में ये गंभीर विषय हो। मकान पूरी तरह से खिले हुए हैं। कभी भी ये मकान गिर सकते हैं। इन मकानों में रहने वाले कहीं और शिफ्ट हो जाएं। इसमें जो भी कर्मचारी, अधिकारी या ठेकेदार होगा उसके विरुद्ध कडी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी मकान मालिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन इस मुद्दे पर आपके साथ है। तीन तीन में वे अपनी रिपोर्ट डीएम कौ सौंप देंगे। जांच पूरी तरह से निष्पक्ष रहेगी। दोषी किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। इस टीम की जांच से मकान मालिक खुश नजर आए और सभी ये कहते देखें गये कि वाकई में डीएम ने सभी टीम गठित कर उनके बीच भेजी है। हमें उम्मीद है कि अब हमें न्याय मिलेगा और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही होगी। इस दौरान इस वार्ड के सभासद अजय संगल भी यहां पर पूरे समय टीम के साथ मौजूद रहे और पूरी जानकारी दी।

## शादी के नाम पर लाखों की ठगी

**मीरापुर।** कस्बे में शादी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कस्बे के एक व्यक्ति के बेटे के लिए विवाह का प्रस्ताव आया था। लड़की पक्ष की ओर से कहा गया कि यदि रिश्ता स्वीकार हो तो लड़की देखने का कार्यक्रम तय किया जाए। प्रस्ताव पर सहमति बनने के बाद लड़के पक्ष के परिवारजन बिजनौर में बताए गए स्थान पर पहुंचे, जहां रस्म अदायगी के लिए वे कुछ जेवरात और नकदी साथ ले गए थे।

लड़की देखने के बाद परंपरागत रस्में पूरी की गईं और विवाह की तिथि 22 फरवरी निर्धारित कर दी गई। तय कार्यक्रम के अनुसार 22 फरवरी को लड़के पक्ष ने बारात लेकर अलीगढ़ जाने की तैयारियां शुरू कर दीं। इसी बीच लड़की पक्ष की ओर से फोन कर बताया गया कि उनके परिवार में दुर्घटना हो गई है, इसलिए शादी की तारीख स्थगित की जा रही है। बाद में जब लड़के पक्ष ने दोबारा संपर्क करने का प्रयास किया तो आरोपियों के मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिले। जांच-पड़ताल में आशंका जताई गई कि शादी के बहाने लाखों रुपये की ठगी कर आरोपी फरार हो गए हैं। घटना के बाद से लड़के पक्ष के परिजन गहरे सदमे में हैं और मामले में कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं।

## आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

**धामपुर।** ग्राम पंचायत मौहम्मदपुर सादा के अंतर्गत ग्राम उमरपुर बांगर में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान संध्या सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कमल कुमार मुखिया उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया और ग्रामीणों को समर्पित किया। लोकार्पण के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी भवन का निर्माण होने से क्षेत्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी सुविधाएं बेहतर रूप से मिल सकेंगी। यह भवन शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायक सिद्ध होगा।

# जीडी गोयनका में सीबीएसई पायथन कार्यशाला शिक्षकीय दक्षता संवर्धन की सशक्त पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, में 22 एवं 23 फरवरी को सीबीएसई के तत्वावधान में पायथन कंप्यूटर साइंस विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल एवं प्रभावी आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में मुजफ्फरनगर, मेरठ, हरियाणा एवं आसपास के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संसाधन व्यक्तियों के रूप में रुचि शर्मा, प्रधानाचार्या, आशा मार्डन इन्टरनेशनल स्कूल, सहारनपुर तथा राकेश कुमार, पीजीटी कंप्यूटर साइंस, आशा मॉर्डन स्कूल, सहारनपुर ने पायथन प्रोग्रामिंग की मूलभूत अवधारणाओं, कोडिंग कौशल तथा



व्यावहारिक पक्षों पर सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा ने इसे शिक्षकों की व्यावसायिक उन्नति हेतु महत्त्वपूर्ण पहल बताया। उपप्रधानाचार्या अंजली आनंद ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम गुणवत्ता-सम्पन्न शिक्षा के संवर्धन में सहायक सिद्ध होते हैं।कार्यशाला का समापन पायथन संवर्धन ज्ञान के साथ गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# एसडी मैनेजमेंट में ज्ञानवर्धक एवं समसामयिक गतिविधि का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आज मदर ऑफ ऑल डील्स - इंडिया मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) विषय पर एक ज्ञानवर्धक एवं समसामयिक गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की वैश्विक आर्थिक रणनीतियों तथा अंत. रराष्ट्रीय व्यापारिक समझौतों के महत्व से अवगत कराना था।

प्राचार्य ने दी आईएमईसी की महत्वता की जानकारी

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि प्डम्ब परियोजना भारत के लिए एक ऐतिहा. सिक कदम है, जो न केवल व्यापारिक संबंधों को सुखढ़ करेगी, बल्कि भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी बनाएगी।

बीबीए विभागाध्यक्ष ने बताया आईएमईसी के लाभ

इस अवसर पर बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्डम्ब परियोजना भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि यह कॉरिडोर भारत, मध्य पूर्व और यूरोप के बीच व्यापार, परिवहन, ऊर्जा एवं डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक दीपक कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि यह परियोजना भारत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय देशों सहित कई राष्ट्रों के सहयोग से विकसित की जा रही है। प्रस्तुति के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया और विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर मुख्य संयोजक द्वारा सरल एवं स्पष्ट शब्दों में दिया गया। इस अवसर पर बीबीए




विभाग की समस्त संकाय सदस्यगण ख्र डॉ. संगीता गुप्ता, मोहम्मद अंजर, संजय शर्मा, सोनिका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान एवं लवी वर्मा उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के श्री मंदिर हनुमान धाम हनुमान टीला पर श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आये भजन गायकों ने सुंदर भजन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बाबा श्याम के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आये। रविवार देर शाम शहर के श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान कोलकाता से शुभम-रूपम, जयपुर से तृप्ति, दिल्ली से राहुल राज म्युजिकल ग्रुप ने बाबा श्याम के सुंदर भजन प्रस्तुत कर सभी को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान शामली से हरीश नामदेव ने मंच संचालन किया। इस दौरान बाबा श्याम की महाआरती की गई, जिसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। संकीर्तन में बाबा का भव्य दरबार, औलोकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, अखंड ज्योत, इत्र वर्षा मुख्य आकर्षण का केन्द्र बने रहे। इस अवसर पर अश्वनी मित्तल, नितिन गोयल, आयुष गुप्ता, अंकित गोयल, अर्चित मित्तल, आर्यन मित्तल, चिराग संगल, अमित गुप्ता, ज्योति, साधुराम संगल, उमंग संगल, हर्षित गुप्ता, ईशिका संगल, ज्योति मित्तल, मेघा, रूचि, पूजा, शिवानी, प्रिया, माधवी आदि मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पालिका टीम का दुकानदारों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बाजारों में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पालिका टीम का दुकानदारों ने विरोध किया। इस दौरान टीम ने सब्जी मंडी में सडक पर रखे गए सामान को हटवाया, लेकिन जैसे ही टीम बाजारों में कपडा, गारमेंट व किरयाना दुकानों और फल-सब्जी दुकानों के बाहर पहुंची तो दुकानदारों ने विरोध करना शुरू कर दिया। दुकानदारों ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। सोमवार को शहर के बाजारों में बढते अतिक्रमण की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर पालिका टीम बाजारों से अतिक्रमण हटवाने के लिए पहुंची, जहां दुकानदारों से अपना सामान सडक पर न रखने की अपील की गई। नगर पालिका टीम ने सब्जी मंडी में दुकान खाली छोडकर सडक पर रखे गए सामान को कब्ज किया। चेतावनी दी कि बार बार नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमण नही हटाया जा रहा है, जिससे रास्ता अवरूद्ध हो रहा है। इसके बाद टीम मुख्य बाजार पहुंची जहां सडक पर खडी की गई फलों की ठेलियों हो हटाया गया। कपडा, रेडीमेंटट किरयाना की दुकानों के बाहर रखे गए सामान को भी हटाने के लिए कहा गया, जिस पर दुकानदारों में रोष फैल गया। उन्होने त्यौहारों के सीजन में नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे अतिक्रमण अभियान का विरोध किया और जमकर नारेबाजी की। दुकानदार सडक पर ही दरा बिछाकर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान दुकानदारों ने आने जाने वाले राहगीरों का भी रास्ता बंद कर दिया था। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। दुकानदारों का कहना था कि आगामी होली और ईद पर्व को लेकर बाजारों में रौनक ढाई है, जिसको लेकर वह सामान बाहर रख रहे है और दुकानों को सजा रहे है। ऐसे में नगर पालिका टीम प्रतिदिन आकर उनको परेशान कर रही है। जिससे व्यापार पूरी तरह से बाधित हो गया है। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हंगामा कर रहे दुकानदारों को समझा बुझाकर शांत किया।

## रमजान के महीने में मस्जिदों में उमड़ रही भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** माहे रमजान के पांचवे दिन मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ रही। रोजेदारों ने खुदा की इबादत कर खुदा से देश की तरक्की की दुआऐं मांगी। साथ ही देश में भाईचारा कायम करने की दुआ की गई। माहे रमजान के पां. चवे रोजे के दिन शहर के सलेह विहार मस्जिद में बोले में मोलाना साजिद कासमी ने कहा कि इस्लाम ने निकाह के लिए पाकीजगी और अच्छे चरित्र को सबसे अहम बताया है। निकाह के लिए ऐसी औरत का चुनाव किया जाना चाहिए, जिसका चाल-चलन अच्छा हो। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति निकाह का इरादा करे तो उसे लड़की के परिवार की इजाजत और रजामंदी के साथ ही यह कदम उठाना चाहिए। इस्लाम में रिश्तों की बुनियाद भरोसे और सम्मान पर रखी गई है। बयान में यह भी कहा गया कि अल्लाह तआला ने मोमिनों को नाजायज तरीकों से एक-दूसरे का माल हड़पने से सख्ती से रोका है। मुसलमानों को आपसी रजामंदी और ईमानदारी के साथ व्यापार करना चाहिए। धोखा, फरेब और बेईमानी से कमाई गई दौलत में बरकत नहीं होती। उलेमा ने कुरआनी हिदायतों का हवाला देते हुए कहा कि वालिदैन, करीबी रिश्तेदारों, यतीमों, मिस्कीनों तथा पास और दूर के पड़ोसियों के साथ अच्छा व्यवहार करना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है।

समाज में आपसी मोहब्बत, हमदर्दी और भाईचारे से ही अमन कायम रह सकता है। अपील की गई कि वे इन शिक्षाओं को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाएं और एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान दें। समाज निर्माण ही कल के देश निर्माण से सम्बंधित है। सभी को अपने देश के निर्माण के लिए आगे बढ़ना चाहिए। भाई-चारा ही एक सुरक्षित देश निर्माण के लिए आवश्यक है। तभी हमारा देश विश्व गुरू कहलाता है क्योंकि हम हमेशा से देश निर्माण में आगे रहे हैं।

## आवारा कुत्तों के आतंक से अस्पताल में लगी लंबी कतारें, बना दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र में आवारा कुत्तों के लगातार बढ़ते हमलों से दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते कुछ दिनों में दर्जनों लोग कुत्तों के हमले का शिकार हो चुके हैं। ताजा घटनाओं में गांव चढ़ाव निवासी बालक वंश, कस्बा निवासी युवक देवा, भारसी निवासी महिला नरेश और गांव गढ़ी दौलत निवासी महिला नसीमा सहित कई अन्य लोग घायल हो गए। सभी लोग अपने-अपने कार्य से घर से बाहर निकले थे, तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायलों को कुत्तों से बचाया। हमले में घायल सभी लोगों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के साथ एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए। अस्पताल में तैनात डॉक्टर रवि ने बताया कि सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुत्ते के काटने या खरोंच लगने की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचें और लापरवाही बिल्कुल न बरतें, क्योंकि समय पर उपचार ही रेबीज जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय है। साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों आवारा कुत्तों के हमले से घायल बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मोहल्लों और गांवों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने और बाधियाकरण अभियान चलाने जैसे ठोस कदम तत्काल उठाए जाएं, ताकि क्षेत्र में फैल रहे इस आतंक से राहत मिल सके।

## बिजली लाइन बिछाने के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से दर्जनों घरों की सप्लाई ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के बिजलीघर मार्ग पर विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी की अंडरग्राउंड विद्युत लाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य के तहत सड़क पर जेसीबी मशीन से खुदाई की गई, लेकिन खुदाई के दौरान पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फटने से करीब दो दर्जन से अधिक घरों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि बिजलीघर परिसर के पास 33 केवी लाइन को भूमिगत करने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी दौरान जेसीबी मशीन से खुदाई की गई, जिससे सड़क के नीचे बिछी पानी की पाइपलाइन टूट गई। पाइपलाइन टूटते ही पानी सड़क पर फैल गया और आसपास के घरों की जल आपूर्ति बंद हो गई। पानी की आपूर्ति ठप होने से लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ घरेलू कार्यों के लिए भी संकट का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के खुदाई कार्य शुरू कर दिया गया, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई। कई लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल कराने की मांग की है।लिपिक अकरम अंसारी का कहना है कि सड़क खुदाई से पूर्व उन्हें किसी तरह की सूचना नहीं दी गई है, जो भी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है उन्हें जल्दी ठीक कराया जाएगा।

## वृद्ध महिला ने अपने बड़े पुत्र पर लगाया जमीन हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के आदर्श मंडी क्षेत्र के रेलपार निवासी एक वृद्ध महिला ने अपने बड़े पुत्र पर जमीन हड़पने, मारपीट करने तथा परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

सोमवार को बीरमती पत्नी सुरेंद्र ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसके तीन पुत्र हैं, जिनमें बड़े पुत्र राकेश ने पारिवारिक विवाद के चलते वर्ष 2019 में मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। आरोप है कि उस दौरान घर में रखे सोना-चांदी व नकदी भी ले ली गई। मामले में उस समय थाने में समझौता करा दिया गया था। वृद्ध महिला का आरोप है कि बाद में एक अन्य प्रकरण में उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ थाना आदर्श मंडी में मुकदमा दर्ज करा दिया गया, जबकि जांच में तथ्यों की अनदेखी की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस की मिलीभगत से उनके परिवार को प्रताड़ित किया गया। बताया कि बड़े पुत्र ने धोखे से करीब डेढ़ बीघा जमीन बेच दी, जिसकी कीमत लगभग दो करोड़ रुपये बताई गई है, और रुपये स्वयं हड़प लिए। साथ ही शेष जमीन अपने नाम कराने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। पीडिता वृद्ध दंपत्ति ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पीड़िता ने डीएम से जल्दी से जल्दी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाते हुए अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग की है।

## अभद्र भाषा का विरोध करना वृद्ध को पड़ा भारी, मारपीट कर सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने ग्रामीण दुकानदार व उसके दादा के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने के साथ साथ मारपीट करने व दादा के सिर में ईट मारकर गभीर रूप से घायल करने के मामले में पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज। पुलिस जांच कार्रवाई में जुटी। क्षेत्र के गांव सहपत निवासी हरीश शर्मा पुत्र राजपाल शर्मा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गत रविवार की सायं करीब साढ़े सात बजे वह अपनी दुकान पर सामान बेच रहा था। पड़ोसी नीरज पुत्र रामेश्र तथा रामेश्र पुत्र चन्दन दुकान पर आये और उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। आरोप हैं कि विरोध करने पर आरोपियों द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित अपने बाबा रामकुमार पुत्र भोला के साथ उनके घर शिकायत करने गये तो नीरज पुत्र रामेश्वर, रामेश्वर पुत्र चन्दन, पालू पुत्र बिरमा ,संदीप व प्रदीप पुत्र गण पालू ने भी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बाबा रामकुमार के सिर पर ईट से वार कर घायल कर दिया।

## उधार दिए पैसों का तकाजा करने पर मारपीट में तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** युवक ने उधार दिए बीस हजार रुपये का तकाजा करने पर मारपीट व गाली-गलौच करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कस्बे के मोहल्ला दरबारखुर्द निकट भारत मैरिज होम निवासी आमिर ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि कस्बे के मोहल्ला पीरजादगान तालाब के पास निवासी आमिर का उसके पास आना जाना था। आमिर ने करीब एक वर्ष पूर्व उससे बीस हजार रुपये उधार लिए थे, जिन्हें बार-बार तकाजा करने पर भी वह नही दे रहा है। विगत दस फरवरी को शाम करीब पौने सात बजे वह पैसे लेने के लिए आमिर के पास गया। इसी दौरान उसे तालाब के पास बनी मस्जिद के निकट आमिर, इमरान व वसीक मिले। उसने आमिर से पैसों की मांग की, जिस पर वह आगबबूला हो गया। आरोप है कि आमिर ने अपने दांतों से उसके सिर में काट लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

# सरकार की अस्पष्ट नीति के विरोध में जनपद के शिक्षक संगठनों में रोष व्याप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी अनिवार्यता को लेकर दिए गए फैसले के बाद सरकार की अस्पष्ट नीति के विरोध में जनपद के शिक्षक संगठनों में रोष व्याप्त है। सोमवार को शामली में विभिन्न शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया और हाथों पर काली पटी बांधकर कार्य किया।

प्रशिक्षण के दौरान डाईट कार्यालय पर टीएफआई संयुक्त शिक्षक संघ के बैनर तले आयोजित बैठक में शिक्षकों ने सरकार की कथित दमनकारी नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक अब और उत्पीड़न सहन नहीं करेंगे और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लो. कतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखेंगे। प्रांतीय नेतृत्व के आहवान पर 23 से 25 फरवरी तक सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर स्कूलों में शिक्षण कार्य करेंगे। इसके बाद 26 फरवरी को दोपहर 3 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना आयोजित किया जाएगा। धरने के उपरांत जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। शिक्षक नेताओं ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में मार्च के तीसरे सप्ताह में दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर के शिक्षकों की महारैली आयोजित की जाएगी और केंद्र सरकार का घेराव किया जाएगा। शिक्षक संघ प्रतिनिधियों ने जनपद के सभी शिक्षक साथियों से अपील की है कि वे अपने अस्तित्व और सम्मान की रक्षा के लिए इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस अवसर पर प्रमेन्द्र, प्रवीन, सचिन, पूनम तोमर, परमेन्द्र, नीरू, भूपेन्द्र कुमार, डा. अंजू आदि मौजू रहे।

## लाल-नीली बत्ती लगाकर घूम रही स्कॉर्पियो पकड़ी, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस चेकिंग के दौरान एक फर्जी नंबर प्लेट लगी स्कॉर्पियो कार पकड़ ली। कार पर लाल-नीली बत्ती लगाकर हूटर बजाते हुए आमजन पर रौब झाड़ा जा रहा था। पुलिस ने बैरियर लगाकर स्कार्पियो सवार दो लोगों को पकड़ लिया और वाहन को सीज करते हुए दोनों आरो. पियों को जेल भेज दिया है।

रविवार की देर रात्रि थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व उप निरीक्षक नरेंद्र वर्मा सहित पुलिस टीम के साथदिल्ली-शामली हाईवे पर एलम कस्बे के निकट सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रखा था। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो कार, जिस पर लाल-नीली बत्ती का प्रयोग करते हुए और हूटर बजाते हुए आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और आगे बढ़ने का प्रयास किया। पुलिस ने संदेह होने पर बैरियर लगाकर स्कॉर्पियो को घेराबंदी कर रोक लिया। कार में सवार व्यक्तियों से पूछताछ की गई तो चालक ने अपना नाम रोबिन उर्फ बुन्ना पुत्र जयप्रकाश निवासी घिटोरा, थाना खेकड़ा, जनपद बागपत बताया। उसके साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कुलदीप पुत्र धर्मसिंह निवासी ईस्ट गोकुलपुरी, थाना ज्योतिनगर, दिल्ली बताया। पुलिस द्वारा जब वाहन के दस्तावेजों की जांच की गई तो दोनों कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। संदेह गहराने पर पुलिस ने वाहन के इंजन नंबर की जांच कराई। जांच में पता चला कि कार का वास्तविक पंजीकरण नंबर दिल्ली निवासी एक महिला के नाम दर्ज है। इससे स्पष्ट हुआ कि आरोपी फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चला रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी आमजन में रौब जमाने और पुलिस को भ्रमित करने के उद्देश्य से वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट तथा लाल-नीली बत्ती लगाकर घूम रहे थे। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर दोनों आरो. पियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## गोवध के कई मामलों में छह को कारावास

**कैराना।** न्यायालय ने अवैध हथियार बरामदगी व गोवध के चार अलग-अलग मामलों में दोषी पाए जाने पर छह आरोपियों को कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष-2006 में अलाउद्दीन उर्फ फीका निवासी बही थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर के विरुद्ध थाना जीआरपी शामली पर अवैध हथियार बरामदगी के आरोप में आयुध अधिनियम की धारा-4/25 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचक ने मामले की जांच करके आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में सशक्त व प्रभावी कार्यवाही की गई, जिसके चलते अदालत ने सोमवार को अला. उद्दीन को दोषी करार देते हुए 500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। दूसरा मामला वर्ष-2009 का है। इमदाद निवासी ग्राम बघरा थाना तितावी जिला मुजफ्फरनगर के विरुद्ध कोतवाली कैराना पर गोवध व पशु क्रूरता के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। पुलिस के द्वारा न्यायालय में मामले की प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई, जिसके परिणामस्वरूप सोमवार को कोर्ट ने आरोपी इमदाद को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि के कारावास व 6600 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। तीसरा मामला वर्ष-2013 का है। विजय कुमार निवासी वार्ड संख्या-03 थाना निसिंग करनाल के विरुद्ध झिंझाना थाने पर अवैध हथियार बरामदगी के आरोप में आयुध अधिनियम की धारा-4ध25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचक ने मामले की जांच करके आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। सोमवार को अदालत ने आरोपी विजय कुमार को दोषी करार देते हुए दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से हुई एक व्यक्ति की मौत, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पीड़ित ने लापरवाही व तेजराफ्तार से बाइक की सीधी टक्कर मारकर पिता को गम्भीर रूप से घायल करने व उपचार के दौरान दम तोड़ने पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस जांच कार्रवाई में जुटी। कोतवाली में थाना झिंझाना के गांव नौनागली पोस्ट पुरमाफी निवासी विपिन कुमार पुत्र नरेन्द्र सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गत 11 फरवरी की सायं लगभग सात बजे विपिन पिता नरेन्द्र सिंह मोटर साइकिल से गांव जा रहे थे। कैराना झिंझाना मार्ग पर स्थित गोगवान अडडे से आगे पहुंचे तो वह मोटर साईकिल रोक कर सड़क किनारे पेशाब करने गया। इस दौरान उसका पिता मोटर साइकिल के पास ही खड़े हुए थे। सामने से तेज गति में आई मोटर साईकिल सवार ने लापरवाही सीधी टक्कर उसके पिता नरेन्द्र सिंह को मार दी। काफी गम्भीर चोट लगने से घायल हो गए। वह गंभीर रूप से घायल पिता को संभालने में लग गया और उपरोक्त मोटर साईकिल चालक भीड का फायदा उठाकर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस व राहगीरो की भीड़ की मदद से घायल को आयुष्मान हस्पिटल झिंझाना में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत अंतिम संस्कार किया गया।

## रात 10 बजे के बाद डीजे व लाउडस्पीकर पर बढ़ी सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** धवनि प्रदूषण को नियंत्रित करने तथा बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए रात 10 बजे के बाद डीजे, लाउडस्पीकर व धवनि-विस्तारक यंत्रों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने का निर्देश जारी किया है। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। नोटिस के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर या डीजे का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा।

अस्पताल, स्कूल, कॉलेज व न्यायालय के आसपास के साइलेंट जोन में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा निर्धारित डेसिबल सीमा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने बताया कि वर्तमान में यूपी बोर्ड सहित अन्य बोर्ड परीक्षाएं संचालित हैं, ऐसे में अधिक धवनि से परीक्षार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नोटिस में भारतीय न्याय संहिता 2023, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 तथा धवनि प्रदूषण विनियमन एवं नियंत्रण नियम 2000 का हवाला देते हुए कहा गया है कि उल्लंघन करने पर जुर्माना व कारावास तक की कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति डीजे या लाउडस्पीकर का प्रयोग न करने, रात 10 बजे के बाद पूर्ण रूप से बंद रखने तथा निर्धारित धवनि सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। धार्मिक स्थलों से भी अपील की गई है कि जन-सुविधा को धयान में रखते हुए नियमों का पालन करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि निर्देशों का उल्लंघन किया गया तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए समस्त जिम्मेदारी स्वयं की होगी। उन्होंने कहा कि तेज आवाज में डीजे बजाने से प्रदूषण बढ़ता है जिससे आमजन को मानसिक कष्ट उत्पन्न होता है। वहीं पशु-पक्षियों के लिए इसकी तेज आवाज परेशान करता है। यह केवल मनुष्य के लिए ही नहीं अपितु सम्पूर्ण इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचाता है।

## प्रतीक सागर मुनिराज ने बताए जीवन के खास पहलू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित प्रवचन में मुनि श्री 108 प्रतीक सागर मुनिराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में मंगल और अमंगल का निर्धारण बाहरी परिस्थितियों से अधिक उसकी ख्रष्टि, वाणी और विचारों से होता है। उन्होंने कहा कि जैसा चित्र वैसा चित की उक्ति जीवन में पूर्णत: सार्थक है। रात को सोते समय हमारी आंखों के सामने जो चित्र होता है और प्रात:काल उठते ही जिस वस्तु या व्यक्ति पर पहली नजर जाती है, वही हमारे दिन और जीवन की दिशा तय करती है। यदि सुबह सबसे पहले किसी शांत, पवित्र और मंगलमय स्वरूप का दर्शन किया जाए तो भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मुनि श्री ने कहा कि दिन की शुरुआत सामान्य सांसारिक शब्दों से नहीं, बल्कि पवित्र व मंगलमय वचनों से होनी चाहिए। चाय बन गई? जैसे शब्दों के स्थान पर नवकार नमस्कार जैसे पवित्र शब्दों का उच्चारण मन को सही दिशा देता है। पवित्र वाणी से मन और संकल्प शुद्ध होते हैं, जबकि गलत विचार और शब्द जीवन में अशांति का कारण बनते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आत्मा का स्वयं कोई आकार नहीं होता, वह वातावरण और विचारों के अनुसार स्वरूप ग्रहण कर लेती है, ठीक जल और वायु की भांति। यदि हमारी दृष्टि, वाणी और मन मंगलमय हों तो जीवन भी मंगलमय बन जाता है।

## सर्वेक्षण कार्य को नदी पर पहुंची टीम

**कैराना।** पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं के मद्देनजर आवास-विकास परिषद सहारनपुर के अवर अभियंता के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने यमुना नदी पर पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य किया है। सोमवार को आवास-विकास परिषद सहारनपुर के अवर अभियंता सौरव कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना नदी पर पहुंची। जहां पर टीम ने यमुना नदी पर आमजन के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर श्रद्धालुओं व पर्यटकों की सुविधा व सुरक्षा हेतु होने वाली सामान्य सुविधाओं के लिए सर्वेक्षण कार्य किया। टीम सर्वेक्षण कार्य के पश्चात वापिस लौट गई। विगत दिनों स्थानीय सांसद के द्वारा प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को पत्र लिखकर यमुना नदी पर श्रद्धालुओं व पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर सामान्य सुविधाओं को विकसित किये जाने की मांग की गई थी। इस दौरान आर्किटेक्ट लखनऊ दीपक कुमार, नीरज मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं, आवास विकास परिषद सहारनपुर के अवर अभियंता सौरव कुमार ने बताया कि यमुना नदी पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के दृष्टिगत प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, चेंजिंग रूम आदि का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे सर्वेक्षण कार्य किया गया है।

## एक नजर

### मौसम बदलते ही अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में मौसम के लगातार बदलते मिजाज का असर अब लोगों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। सोमवार सुबह जैसे ही सरकारी अस्पताल के ओपीडी कक्ष का ताला खुला, वैसे ही मरीजों की लंबी कतारें लग गईं।

महिला, पुरुष और बच्चों सहित सैकड़ों मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे, जिससे पूरे दिन अस्पताल परिसर में भारी भीड़ बनी रही। रविवार को अवकाश रहने के कारण सोमवार को मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही। सुबह से ही पर्ची काउंटर पर लोगों की लाइन लग गई और ओपीडी कक्ष के बाहर बैठने की जगह तक मरीजों की भीड उमडी रही। अस्पताल बंद होने तक मरीजों का आना-जाना लगातार जारी रहा। चिकित्सकों के अनुसार इन दिनों तेज बुखार, खांसी, जुकाम, गले में संक्रमण, उल्टी-दस्त और वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों में मौसमी बीमारियों के लक्षण अधिक देखने को मिल रहे हैं।

बदलते मौसम, सुबह-शाम की ठंडक और दिन में हल्की गर्माहट के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है, जिससे वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मौसम परिवर्तन के चलते मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाइयों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और समस्त स्टाफ मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभा रहा है। प्रत्येक मरीज की जांच के बाद आवश्यक दवाइयां दी जा रही हैं। गंभीर स्थिति वाले मरीजों को विशेष परामर्श भी दिया जा रहा है। डॉक्टर ने लोगों से अपील की है कि मौसम को देखते हुए सावधानी बरतें, साफ-सफाई का विशेष धयान रखें, बाहर का खुला खाद्य पदार्थ खाने से बचें और बच्चों को सुबह-शाम के समय गर्म कपड़े पहनाकर रखें। साथ ही किसी भी प्रकार के तेज बुखार या लगातार उल्टी-दस्त की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

### महिला महाविद्यालय में काव्य एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग की विभागीय परिषद के तत्वावधान में सह-पाठ्यक्रम, को-करिकुलर गतिविधियों के अंतर्गत काव्य पाठ प्रतियोगिता, लघु काव्य लेखन प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सानिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान तूबा बीए प्रथम वर्ष, तथा तृतीय स्थान शीजा बीए प्रथम वर्ष को मिला।

लघु काव्य लेखन प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की दीक्षा पंवार ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान आयशा,बीए तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान तहरीन,बीए तृतीय वर्ष को प्राप्त हुआ।आशु भाषण प्रतियोगिता में आयशा बीए तृतीय वर्ष प्रथम, तहरीन द्वितीय तथा अंजली, बीए तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहीं।कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ. श्याम बाबू ने किया। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता रही, जिससे महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा से सराबोर रहा। सभी प्रतिभागियों के चेहरे खुशी से खिले हुए थे। सभी विज. ेताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी तथा उत्साह बढ़ाया। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में एक व्यक्ति ने गांव के ही युवक पर फोन कर पूरे परिवार को जान से मारने तथा दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी सतबीर पुत्र देवी सिंह ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि उसके पुत्र रितिक के मोबाइल फोन पर गांव के ही संजय उर्फ सुरज पुत्र सतपाल ने फोन करते हुए पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह आगामी 26 और 27 फरवरी को गांव में आएगा और परिवार को जान से मार देगा। साथ ही उसने दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है तथा उसके खिलाफ पूर्व में एक युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज हो चुका है। धमकी के बाद से परिवार में भय का माहौल है। पीड़ित व्यक्ति ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कॉल डिटेल की जांच कराई जा रही है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी गुनहगार को बक्शा नहीं जाएगा।

### पांच महीने से अधूरी पड़ी सड़क, आरसीसी का इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे की खेड़की रोड से मोहम्मद उमर मस्जिद को जाने वाली सड़क पिछले पांच महीनों से अधूरी हालत में पड़ी है। ग्राम पंचायत ने पुरानी ईंटें उखाड़कर मिटी भराव और दोनों किनारों पर नाली निर्माण तो करा दिया, लेकिन इसके बाद आरसीसी सड़क डालने का कार्य शुरू नहीं हुआ। अधूरी सड़क के कारण मोहल्लेवासियों में रोष बढ़ता जा रहा है। चौसाना कस्बे के खेड़की रोड से मोहम्मद उमर मस्जिद को जाने वाली सड़क पर स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले यहां खंडजा सड़क बनी हुई थी, जिससे आवाजाही सुचारू रहती थी। बरसात में जलभराव और कीचड़ की समस्या के चलते पंचायत ने निर्माण कार्य शुरू कराया, लेकिन अब मिट्टी डालकर काम अधर में छोड़ दिया गया है। पांच महीने से सड़क कच्ची पड़ी है, जिससे पैदल चलने वालों और दोपहिया चालकों को दिक्कत हो रही है। इसरार, अब्दुल कादिर, सबीर, नदीम, इमरान, उमर, समीर, इजहार, यासिन, राफा, क्यूम, मुरसलीन, भूरा, महफूब, अय्यूब समेत कई ग्रामीण अधूरी सड़क पर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उखाड़ी गई ईंटों को भी हटा लिया गया, लेकिन नई सड़क बनाने की कोई ठोस पहल नहीं हुई। बच्चों और बुजुर्गों को खासतौर पर परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से शीघ्र आरसीसी सड़क निर्माण शुरू कराने की मांग की। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे।

# कोई भी अर्ह युवा फार्म 06 भरने से न छूटेः मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि कोई भी अर्ह युवा फार्म 06 भरने से नहीं छुटना पाए।



जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में एसआईआर ड्यूटी में लगे बीएलओ की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देशित किया कि बीएलओ घर-घर जाकर यह सुनिश्चित कराएं कि फार्म 06 की अर्हता रखने वाला कोई भी पात्र व्यक्ति फार्म भरवाने से न छूटे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़ने से मतदान देने का अधिकार प्राप्त होता है। इससे लो. कतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित होती है। सभी बीएलओ को परिचय पत्र पहनने के निर्देश दिए। इस संबंध में कहा कि परिचय पत्र आमजनमानस के बीच पहचान को सुनिश्चित करता है। श्री बंसल ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि यदि आपकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है, तो आज ही मतदाता सूची में अपना पंजीकरण कराएं और एक गौरवान्वित मतदाता बनें। मतदाता हेल्पलाइन ऐप या ऑनलाइन फॉर्म संख्या 6 भरें या संबंधित बूथ स्तरीय अधिकारी को फॉर्म जमा करें। उन्होंने कहा कि 17 वर्ष के भावी मतदाता भी अग्रिम रूप से फॉर्म भर सकते हैं, क्योंकि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर चार पात्रता तिथियां निर्धारित की गयी है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सहित बीएलओ उपस्थित रहे।

## नियम उल्लंघन का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** गन्ना समिति सहारनपुर के डायरेक्टर संजय चौधरी ने बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल प्रबंधन पर गन्ना भुगतान मे नियम उलंघन का कथित आरोप लगाया है ।

जारी प्रेस विज्ञप्ति मे कहा है कि बजाज शुगर मिल गागंनौली ने गन्ना भुगतान एस जी के साइट पर 21 फरवरी को फीड किया गया दिखाया है जबकि किसानों के अकाउंट में 23 फरवरी तक भुगतान नहीं आया है । नियमानुसार यह है कि किसानों के अकाउंट में 24 घंटे के अंदर पैसा आ जाना चाहिए । अगर नहीं आता तो ब्याज सहित भुगतान किया जाएगा। बजाज शुगर मिल गागंनौली ने इस नियम का लगातार दूसरी बार उल्लंघन किया है। जिले के गन्ना अधिकारी मूक दर्शक बनकर देख रहे हैं।

गन्ना अधिकारी भाजपा सरकार के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं और योगी आदित्यनाथ की प्रदेश सरकार को फेल करने की कोशिश कर रहे हैं ।

# समान शिक्षा का अधिकार मिलेः विनय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** आजाद समाज पार्टी कांशी राम के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह ने कहा कि देश में सभी को समान शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। प्रत्येक नागरिक के लिए एक जैसे स्कूल बनाए जाने चाहिए ताकि किसान तथा मजदूर का बेटा भी पढ़ लिखकर उच्च शिक्षा हासिल कर सके।

विनय रतन सिंह कस्बे में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी जगदेव सिंह द्वारा सदस्यता ग्रहण करने के दौरान जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज निजीकरण हावी है किसान अपने खेत में गेहूं पैदा करता है लेकिन फैक्ट्री का मालिक अपना टैग लगाकर ज्यादा कीमत वसूल रहा है। संविधान में मौलिक अधिकारों में सभी को धार्मिक सामाजिक राजनीतिक समानता का अधिकार है लेकिन आम आदमी आज भी इससे वंचित है।

इस दौरान उन्होंने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी जगदेव सिंह को आजाद समाज पार्टी का पार्टी का पटका पहना कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

इस दौरान पूर्व विधायक नवाजिश खान, नगर पंचायत अध्यक्ष अफजल खान, सचिन खुराना, अंकित आर्य, महताब अली, पृथ्वीराज सिंह, शौर्य अंबेडकर, अनुज कुमार आदि सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# विधि विधान के साथ किया हवन पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** श्री बालाजी धाम धोलाहेडी में श्री बालाजी महाराज की मूर्ति की स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हवन के साथ हुई।



रविवार को श्री बालाजी धाम के संस्थापक भगत ओपिन महाराज ने कहा कि बालाजी महाराज की कृपा से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से धर्म के मार्ग पर चलने और सेवा भाव से समाज की भलाई में योगदान देने का आह्वान किया।

हवन-पूजन पंडित जयंती प्रसाद शर्मा ने कराया। हवन के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। सुबह मंदिर परिसर में सुंदर कांड के पाठ का आयोजन हुआ। आयोजन में प्रेमचंद सैनी, कृष्णा, टिंकू, अनिल कुमार, रो. हतास, अजय, राकेश, बालकृष्ण शर्मा आदि रहे।

## आयुष्मान के बाद भी खर्च की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** कई अस्पताल आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी मरीज का इलाज करने में खर्च देने की मांग करते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बीमार व्यक्ति अस्पताल से बिना इलाज के लौट आया।

कस्बा निवासी ओमप्रकाश अपने भाई हरफूल को जनपद शामली के एक कस्बे में स्थित अस्पताल में इलाज के लिए ले गया था। ओम प्रकाश ने बताया कि उसके वृद्ध भाई के कूल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर है जिसे इलाज की बहुत आवश्यकता है। अस्पताल ने इलाज से पहले उसे बताया कि एक्सरे बाहर से करवाकर लाना होगा दूसरे इलाज में प्रयुक्त होने वाले उपकरण का बंदोबस्त भी अपने आप करना होगा। जिन पर खर्च पांच हजार रूपये का आयेगा जो पहले जमा करना होगा।

# अंसारी रोड पर 50 दुकानों से हटवाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ दस्तें ने आज अंसारी रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान करीब पचास दुकानों से अस्थायी तथा एक दुकान से स्थायी अतिक्रमण हटाया गया।



नगरायुक्त के निर्देश पर आज सुबह अंसारी रोड पर अतिक्रमण हटाओ दस्ता पहुंचा तो सड़क पर बाहर सामान फैला कर बैठे दुकानदारों में खलबली मच गयी। पुल जोगियान से जामा मस्जिद तक अंसारी रोड पर करीब 50 दुकानदारों का अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया और चेतावनी दी गयी कि यदि भविष्य में दुकानों के बाहर सामान पाया गया तो सामान जब्त कर भारी जुर्माना लगाया जायेगा।

एक प्रचून दुकानदार द्वारा फुटपाथ पर दीवार बनाकर अतिक्रमण किया गया था, ताकि उसकी आड़ में सामान बाहर तक फैला कर रखा जा सके। प्रवर्तन दल द्वारा उक्त दीवार को तोड़ते हुए अतिक्रमण हटाया गया। कुछ दुकानदारों का सामान जब्त किया गया लेकिन भविष्य में अतिक्रमण न किये जाने के आश्वासन पर जुर्माना वसूल कर सामान वापिस कर दिया गया। चार दुकानदारों से दो हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व हरिप्रकाश कसाना सहित प्रवर्तन दल के सभी जवान मौजूद रहे।

# आस्था व उत्साह के साथ मनाई संत गाडगे बाबा की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महान समाज सुधारक संत गाडगे बाबा की जयंती श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक जागरूकता के संदेश के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर संत गाडगे महाराज को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।



गलीरा रोड स्थित प्रांगण में विपिन कुमार शिव कुमार, अंशुल तोमर, विकी, सुखपाल, किशन, राहुल, जोगिंदर सहित अनेक वक्ताओं ने संत गाडगे महाराज के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि संत गाडगे महाराज का जीवन त्याग, सादगी और समाज सेवा का प्रतीक था। वे गांव-गांव जाकर पहले स्वयं सफाई करते थे और फिर लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाते थे। उनका मानना था कि भगवान की सच्ची पूजा गरीब और पीड़ित मानव की सेवा में है।

वक्ताओं ने बताया कि संत गाडगे महाराज ने शिक्षा को समाज की असली ताकत माना। उनके नाम पर स्थापित संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी आज हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान कर रही है, जो उनके दूरदर्शी विचारों का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान समाज में फैली कुरीतियों पर भी गंभीर चर्चा हुई। विशेष रूप से मृत्यु भोज जैसी सामा. जिक प्रथा को बंद करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संत गाडगे महाराज स्वयं फिजूलखर्ची और दिखावे के खिलाफ थे। उन्होंने सादगी और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। इसलिए समाज को चाहिए कि मृत्यु भोज जैसी परंपराओं को त्यागकर उस धन को शिक्षा, जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक विकास में लगाए। सभा में उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया कि वे संत गाडगे महाराज की विचारधारा को अपनाते हुए शिक्षा, स्वच्छता, समानता और सामाजिक सुधार की दिशा में कार्य करेंगे , कार्यक्रम का समापन संत गाडगे महाराज के जयघोष और समाज सुधार के संकल्प के साथ हुआ।

कार्यक्रम का मंच संचालन राज. कुमार जी ने प्रभावशाली ढंग से किया।

# इंजेक्शन या ग्लूकोज लगवाने से नहीं टूटता रोजाः मौलाना शमशीर कासमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने जानकारी देते हुए बताया कि इंजेक्शन या ग्लूकोज लगवाने से रोजा नहीं टूटता क्योंकि इसमें दी जाने वाली दवाई खाने पीने की चीजों में शुमार नहीं की जाती।



मदरसा जामिया दावतुल हक मुइनिया चर्तोह के प्रबंधक व जमीयत उलेमा ए हिन्द के जिला उपाध्यक्ष हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने रमजान के मुताल्लिक जानकारी देते हुए बताया कि रोजा अल्लाह की पसंदीदा इबादत है।जहाँ इसमें कुछ पाबंदियां हैं वहीं कुछ छूट भी दी गई है।उन्होंने कहा कि रोजा रखने के बाद अगर किसी की तबीयत अचानक खराब हो जाए और डॉ कहें कि इंजेक्शन या ग्लूकोज लगाना जरूरी है तो लगवा देना चाहिए उससे रोजा नहीं टूटेगा।यहाँ तक कि अगर ऐसी हालत हो कि खून चढ़वाना पड़े तो खून चढ़वा सकते हैं उससे भी रोजा नहीं टूटेगा। मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि रोजेदार को बहुत एहतियात भी रखनी चाहिए।रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है।आँख कान और जबान पर काबू रखना जरूरी है।उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को अपनी नफ्स पर काबू करना सिखा देता है।यह रोजे की खासियत और मोजिजा है।बशर्ते रोजे को रोजे की तरह और उसके हक की तरह रखा जाए।


## कार्यालय पशु कल्याण अनुभाग, नगर निगम सहारनपुर।

पत्रांक 266/प.क.अनु./न.नि. सहा./ 2025-26 दिनांकः- 23/02/2026

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा पशु कल्याण अनुभाग में हरा चारा, भूसा व अन्य साम्रगी की आपूर्ति किये जाने हेतु ई-निविदा निविदा दिनांक 24.02.2026 को अपरान्हः 3:00 बजे वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम से (टैक्निकल / फाईनेन्शल) ऑनलाईन के माध्यम से निविदा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ही ऑनलाईन व्यवस्था के अन्तर्गत देय होगी तथा पेन नम्बर, जी.एस.टी. निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तों में मांगे गये अन्य समस्त प्रपत्र निविदादाता को ऑनलाईन टैक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई क्लैम मान्य नही होगा एवं ऑनलाईन टैक्निकल निविदा दिनांक 16. 03.2026 को समिति एंव उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। विस्तृत शर्ते, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं saharanpur.nic.in पर उपलब्ध है। यदि ई-निविदा की किसी भी शर्त में कोई संशोधन किया जाता है तो उसका प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा बल्कि उपरोक्त वेबसाइट पर ही सूचित किया जायेगा।


| | |
|---|---|
| File No. | E-941787 |
| E-Bid Referance | 266/ निविदा / 2025-26 दिनांक 23 फरवरी 2026 |
| Publish Date and time for RFP | दिनांक 24.02.2026 से |
| Last Date time for submission of E-Bids | दिनांक 16.03.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| Date and time of Technical opening bids | दिनांक 16.03.2026 को 04:00 बजे |
| Palace of opening of E-bids | Nagar nigam Saharanpur |
| Security Money | 5,00,000/- (Five Lakh Rupees Only) |
| Tender Cost With GST | 1180/- |
| | पशुचिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी नगर निगम सहारनपुर |


## नशा तस्कर पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 1 शातिर आरोपी नशा तस्कर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से कुल 08 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने गस्त चौकिंग के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले उस्मान पुत्र अब्दुल मलिक निवासी ग्राम फिरोजाबाद थाना चिलकाना को फिरोजाबाद रोड के निकट से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तारी टीम में एसओ विनोद कुमार, एसआई नरेन्द्र सोलंकी, रोहताश कुमार, हैड कांस्टेबल पंकज चोधरी व कांस्टेबल जिम्मी सागर शामिल रहे।

# बच्चों को कराई एक्सपोजर विजिट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** विकास क्षेत्र नागल से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को आई आई टी रूडकी के सहारनपुर परिसर में एक्सपोजर विजिट कराई गई।

इस अवसर पर बच्चों ने कागज निर्माण की समस्त प्रक्रियाओं को विस्तार से समझा तथा उससे संबंधित महत्वपूर्ण नोट्स तैयार किए। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों ने आर्यभट्ट कंप्यूटर लैब का भी भ्रमण किया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ शैक्षिक भ्रमण का आनंद लिया। उक्त एक्सपोजर विजिट में स्नेही पूजा, वंदना मलिक, स्वतंत्र चौधरी, सोरन सिंह, संजय कुमार, नरेश कुमार शर्मा, धर्मदास, अरविंद कुमार शर्मा, आशीष कुमार शर्मा, पप्पन पवार, शुभम सहगल, सुमित यादव, सुरेंद्र सिंह, संजय कुमार, सोनवीर सिंह, राकेश कुमार एवं रजनीश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## तंबाकू उत्पादों की कालाबाजारी जारी

**गंगोह।** पान मसाला, गुटखा और सिगरेट की कालाबाजारी जोरों पर है। होलसेलर पुराने स्टॉक के पान मसाला, गुटखा और सिगरेट पर भी निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूल रहे हैं। छोटे दुकानदारों का कहना है कि होलसेलर उन्हें तय रेट से ज्यादा कीमत पर सामान बेच रहे हैं।


**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सईद अहमद है, जबकि मेरा सही नाम सईद हसन है जो कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में भी दर्ज है। इसलिये भविष्य में मुझे सईद हसन के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सईद हसन पुत्र नाजर निवासी ग्राम दुमझेडा, डाकखाना व थाना चिलकाना, तहसील सदर, सहारनपुर।**


# जनता मॉन्टेसरी में सीनियर्स को विदाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नानौता।** जनता मॉन्टेसरी जूनियर हाईस्कूल में कक्षा 7 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 8 के छात्रों के लिए हर्षोल्लास के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम में गीत, नृत्य और मनो. रंजक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रामभूल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा जीवन में अनुशासन और परिश्रम का महत्व बताया। विदाई समारोह में कक्षा सात के छात्र छात्राओं ने कक्षा आठ के छात्रों को गिफ्ट प्रदान किए। रेणु पुंडीर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान दिनेश सिंह पुंडीर, लक्की कुमार, संजय कुमार, रविशा, खुशबू, प्राची, नीलम, सुनीता अरोड़ा, प्रतिभा, नसरीन, सुनीता राणा, दीपा, सना, आरती, आंशिका शर्मा, अल्का शर्मा, आंचल, स्वाति, शबनम आदि रहे।

# 2552 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत सोमवार को जनपद में हाईस्कूल अंग्रेजी एवं इंटरमीडिएट के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुईं। जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी में दोनों पालियों की परीक्षाएं निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल आयोजित की गईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा में पंजीकृत 35,644 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 33,900 उपस्थित रहे, जबकि 1,744 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट के फल एवं खाद्य संरक्षण, पाकशास्त्र (कुकरी), परिधान रचना एवं सज्जा, रंगीन फोटोग्राफी, ऑटोमोबाइल्स, अकाउंटेंसी एवं ऑडिटिंग, बैंकिंग, आशुलिपि एवं टंकण तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण विषयों की परीक्षा में पंजीकृत 279 परीक्षार्थियों में से 267 उपस्थित रहे और 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट गणित एवं जीव विज्ञान विषय की परीक्षा में पंजीकृत 14,432 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 13,636 उपस्थित रहे, जबकि 796 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट को मिलाकर कुल 50,355 परीक्षार्थियों में से 47,803 उपस्थित रहे तथा 2,552 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली की परीक्षा 89 परीक्षा केन्द्रों तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 88 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई।

जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों पर तैनात रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं छह विभागीय सचल दलों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

# जूडो की मण्डलीय टीम का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लखनऊ में 25 से 27 फरवरी तक आयोजित होने वाली समन्वय प्रदेशीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए मंडलीय जूडो टीम का चयन कर लिया गया है। चयन ट्रायल में सहारनपुर के साथ-साथ मुजफ्फरनगर के खिलाड़ियों ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।



सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय रेफरी दीपक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि चयन ट्रायल उनके निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम में स्थान बनाया। चयनित बालक एवं बालिकाओं की सूची जारी कर दी गई है, जो मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चयनित टीम को मंडलीय क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा, सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग) प्रवीण चौधरी तथा खेल प्रशिक्षक सूरजप्रताप सिंह, पुनीत आर्य, रुपेश कुमार, अमन झा, सोनू सैनी, नौशाद सैफी एवं सोनू सिंह सहित अन्य खेल अधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# युवक ने ग्रामीण पर हमला कर किया घायल, पुलिस से कार्रवाई की मांग



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** घर से निकल कर अपने घेर में जा रहे अमित पर एक युवक ने डंडे से हमला कर घायल कर दिया। घायल ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

गांव रणखंडी में घर से निकल कर अपने घेर में जा रहे अमित पुत्र सुखपाल को गांव के एक युवक ने डंडे से हमला कर घायल कर दिया। घायल अमित ने देवबंद कोतवाली पहुंच पुलिस को तहरीर देकर आरोपी हमलावर के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि हमलावर युवक आपराधिक प्रवृति का और वह इससे पहले भी कई लोगों को हमला कर घायल कर चुका है। पुलिस ने घायल के मेडिकल परीक्षण कराते हुए जांच शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सडक दुर्घटना में घायल हुए बलकार की रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की।

एक सप्ताह पूर्व रणखंडी रोड पर सडक दुर्घटना में घायल हुए थाना बडगांव के गांव शहजी निवासी बलकार की रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजन देवबंद कोतवाली पहुंचे और घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि विगत 16 फरवरी को बलकार बाइक पर सवार होकर गांव रणखंडी आया था। वापस लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गया था, जिसके बाद से उसका बराड़ा मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा था। जहां पर उसने रविवार को दम तोड़ दिया।

# छात्र-छात्राओं को विभिन्न विद्याओं का दिया प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवबंद में सोमवार को रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विद्याओं का प्रशिक्षण लिया।

भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य प्रशिक्षक राजपाल सिंह पुंडीर ने शिविरार्थियों को झंडा शिष्टाचार, प्रार्थना प्रतिज्ञा, झंडा गीत एवं शिविर के सामान्य नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोवर्स रेंजर्स के मुख्य कार्य सेवाभाव एवं जीवन में हमेशा दूसरे की सेवा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्राचार्य डा. गौरव बालियान ने छात्रों को स्काउट गाइड के आधारभूत सिद्धांतों तथा वर्तमान व भविष्य में स्काउट व गाइड से मिलने वाले व्यक्तिगत व सामाजिक लाभ से अवगत कराया। इस मौके पर रोवर्स प्रभारी डॉ. राकेश कुमार, डॉ. कुसुमलता, डॉ. विनीत, डॉ. शाहनजर, डॉ. मोहम्मद आरिफ व लोकेश शर्मा आदि छात्र-छात्राओं सहित शामिल रहे।



मुकद्दस रमजान
छठा रोजा इफ्तार
23 फरवरी
---
सुन्नी 06.15 बजे
शिया 06.30 बजे

छठा रोजा सहरी
24 फरवरी
-----
सुन्नी 05.27 बजे
शिया 05.19 बजे

नोट: सहरी और इफ्तार के समय में क्षेत्रवार परिवर्तन संभव है।

## फूड पैक वितरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मुकद्दस माह रमजान में सामाजिक संस्था ए.ए. एजुकेशनल सोसायटी ने सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को फूड पैक वितरित किए।

सोसायटी के महासचिव उमर फारूक ने बताया कि उनकी टीम द्वारा नगर क्षेत्र में असहाय व जरूरतमंद लोगों विशेषकर विधवा महिलाओं और अनाथ बच्चों को चिन्हित कर फूड पैक का वितरण किया गया है। जिसमें आटा, चावल, दाल, तेल और अन्य जरूरी सामान शामिल हैं। ताकि रमजान के महीने में ऐसे लोगों को कम से कम खाने पीने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। बताया कि सोसायटी द्वारा समय समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीब व असहाय लोगों को राशन किट का वितरण किया जाता है।

## पत्र भेजा

**देवबन्द।** इंद्रपुर गांव निवासी सुशील जायसवाल, शिवकुमार, अनिल कुमार और विक्रम आदि ग्रामीणों ने अधिकारियों को पत्र भेजकर आरोप लगाया कि एक जनप्रतिनिधि समेत दो लोगों ने मोहल्ला कोहला बस्ती का पानी इंद्रपुर गांव के रास्ते पर निकाला हुआ है। जलनिकासी न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर भरा हुआ है, जिसकी वजह से ग्रामीणों के साथ ही स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# शंकराचार्य परंपरा भारत की आध्यात्मिक चेतना की आधारशिला : डा. विनेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बोले, ब्राह्मण समाज एवं शंकराचार्य पद के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ हो कठोर कार्रवाई**

**देवबन्द।** ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा (सम्पूर्ण भारत) के उपाध्यक्ष डा. विनेश कुमार शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज तथा पूज्य शंकराचार्य पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली घटनाएं न केवल वर्ग विशेष की भावनाओं का आहत करने वाली बल्कि भारत की सनातन सांस्कृतिक परंपरा और आध्यात्मिक विरासत के लिए चिंताजनक हैं।

मीडिया को जारी बयान में डा. विनेश कुमार ने कहा कि आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित शंकराचार्य परंपरा भारत की आध्यात्मिक चेतना की आधारशिला है। देश के विभिन्न पीठों में विराजमान शंकराचार्य गण सदैव राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं धर्म-संरक्षण के लिए कार्यरत रहे हैं। उन्होंने शासन प्रशासन से ब्राह्मण समाज एवं शंकराचार्य पद के प्रति किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी या कृत्य को तत्काल रोकने और ऐसी घटनाओं पर कठोर विधिक कार्यवाही किए जाने की मांग की। कहा कि महासभा देश के समस्त नागरिकों से आग्रह करती है कि वे भारत की सनातन परंपराओं एवं आध्यात्मिक संस्थाओं के सम्मान की रक्षा हेतु सजग रहें।

# आपूर्ति कार्यालय में हंगामे के बाद चार राशन डीलरों पर मुकदमा दर्ज

## सरकारी अभिलेख फाड़ने व कार्यालय में बाधा डालने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** आपूर्ति कार्यालय में दो दिन पहले हुए हंगामे के मामले में अब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार राशन डीलरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आपूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर दर्ज एफआईआर के अनुसार 21 फरवरी को सुबह कुछ राशन डीलर शराब के नशे में आपूर्ति कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से तीखी बहस करने लगे।

एफआईआर में आरोप है कि नोटिस दिए जाने से नाराज राशन डीलरों ने कार्यालय में गाली-गलौज की। सरकारी अभिलेख फाड़ दिए और अधिकारियों को धमकी दी। इस दौरान कार्यालय का कामकाज बाधित हुआ और कर्मचारियों में भय का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर जिला आपूर्ति अधिकारी (डीएसओ) भी मौके पर पहुंचे और सख्ती बरतते हुए स्थिति को नियंत्रित कराया।

प्राथमिक सूचना रिपोर्ट के अनुसार आरोपितों ने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और धमकी दी कि तहसील से बाहर निकलने पर अंजाम भुगतना पड़ेगा। जब हंगामे की वीडियो रिकॉर्डिंग का प्रयास किया गया तो आरोपितों ने उसे भी रोकने की कोशिश की। इससे कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं शासकीय कार्य में बाधा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की श्रेणी में आती हैं।

बताया जा रहा है कि घटतोली को लेकर नोटिस दिए जाने के बाद कुछ राशन डीलर भड़क गए थे। इसी को लेकर आपूर्ति कार्यालय पहुंचे डीलरों और अधिकारियों के बीच विवाद बढ़ गया। हालांकि राशन डीलरों की ओर से विभागीय अधिकारियों पर दबाव बनाकर नाजायज काम कराने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। कैमरे पर कोई भी राशन डीलर बयान देने को तैयार नहीं हुआ, जबकि ऑफ कैमरा कई डीलरों ने राशन व्यवस्था में दबाव और कथित अनियमितताओं की ओर इशारा किया।

पुलिस ने आपूर्ति निरीक्षक की तहरीर के आधार पर चार राशन डीलरों सहित अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक पवन सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज, मौजूद कर्मचारियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीएसओ के मौके पर पहुंचने के बाद कार्यालय का माहौल शांत हुआ। प्रशासन का कहना है कि शासकीय कार्य में बाधा, सरकारी अभिलेखों को नुकसान और कर्मचारियों को धमकी देने जैसे मामलों में किसी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, घटतोली और विभागीय दबाव के आरोपों की भी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी, ताकि पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आ सके।

अब सवाल यह है कि क्या राशन व्यवस्था में कथित अनियमितताओं की जांच भी उसी सख्ती से होगी, जिस सख्ती से कार्यालय में हंगामा करने वालों पर कार्रवाई की गई है।

# सीएचसी में टीकाकरण समीक्षा बैठक, कोल्ड चेन का निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. जयनारायण ने करते हुए खसरा-रुबेला अभियान सहित विभिन्न टीकाकरण गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान गत सप्ताह के टीकाकरण सत्रों, वैक्सीन उपलब्धता तथा लॉजिस्टिक व्यवस्था पर चर्चा की गई और यू-विन व ई-कवच पोर्टल के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए गए। एसएमओ ने कोल्ड चेन का निरीक्षण किया, जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। उन्होंने कहा कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सरकार की प्राथमिकता है तथा कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

## विवेक हॉस्पिटल को 100 बैड की मान्यता

**बिजनौर।** क्वालिटी कांउसिल ऑफ इंडिया ने मुरादाबाद रोड स्थित विवेक मल्टीस्पेशिलिटी हास्पिटल एंड वैलनैस सेंटर (विवेक हास्पिटल बिजनौर) NABH (नैशनल एक्रश्डिशन बोर्ड फॉर हास्पिटल एंड हैल्थकेयर प्रोवाइडर) की मान्यता दे दी है। एनएबीएच की अनुमोदन के लिये एक साल से तैयारी की जा रही थी, जिसके तहत अस्पताल को एनएबीएच की सर्टीफिकेशन के लिए तय मानको एवं शर्तो के मुताबिक तैयार किया गया। इसके बाद क्वालिटी कौंसिल ऑफ इडिया की टीम ने विवेक हॉस्पिटल का गहन निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाओं, ढांचे व पेंशट केयर समेत क्वालिटी के 173 पैरामीटर पर जांचा एवं परखा गया।

**आवश्यकता है।**

**देवबंद कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन देवबंद**

बी.एड. पाठ्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर्स
विषय:-उर्दू शिक्षण, हिंदी शिक्षण एवं गणित शिक्षण
योग्यता: सम्बंधित विषयों के स्नातकोत्तर एवं एम.एड. में 55% अंकों के साथ शिक्षा शास्त्र में NET या PhD
वेतनमान: यू.जी.सी. एवं माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 2 अप्रैल 2026 को प्रात: 10 बजे महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु अपने समस्त मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

प्राचार्य
डा. मो. आबिद
(9411298511)

वेबसाइट
http://www.dcheducation.co.in

ई-मेल
dchedeoband763@gmail.com

पता -देवबंद कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन देवबंद,
देवबंद-सहारनपुर जी.टी. रोड/ (हाईवे) देवबंद (सहारनपुर)
पिन: 247554

# एसडी मैनेजमेंट में हुई शैक्षिक गतिविधि



**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के IiQ.C सेल के अंतर्गत इन्फोटेनमेंट क्लब द्वारा यूनियन बजट 2026 विषय पर एक शैक्षिक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ। संदीप मित्तल द्वारा किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट देश की आर्थिक दिशा और विकास की गति को निर्धारित करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बजट की बारीकियों को समझने तथा उसे व्यावहारिक जीवन से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यूनियन बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह देश की आर्थिक नीतियों, सामाजिक प्राथमिकताओं और विकास योजनाओं का समग्र खाका प्रस्तुत करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे बजट के विभिन्न प्रावधानों का विश्लेषण करें और उसके दूरगामी प्रभावों को समझें। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक संजय शर्मा ने ष्यूनियन बजट 2026 ष विषय पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने पावर पॉइंट प्रस्तुति पीपीटी के माध्यम से बजट के विभिन्न पहलुओं जैसे कर नीति, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, रोजगार, आधारभूत संरचना तथा डिजिटल अर्थव्यवस्था आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सरल एवं प्रभावी भाषा में विद्यार्थियों को समझाया कि बजट में किए गए प्रावधान किस प्रकार देश की आर्थिक वृद्धि, निवेश, रोजगार सृजन तथा सामाजिक कल्याण योजनाओं को प्रभावित करते हैं। संजय शर्मा ने अपने व्याख्यान में विस्तार से बताया कि इस वर्ष के बजट में युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार को प्रोत्साहन, स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय सहायता, तथा लघु एवं मध्यम उद्योगों के सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य नई उद्यमशीलता को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसरों का सृजन करना तथा डिजिटल तकनीकों के माध्यम से आर्थिक पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाना है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि प्रत्यक्ष कर द्धजैसे आयकरत्र एवं अप्रत्यक्ष कर द्धजैसे जीएसटीत्र में किए गए परिवर्तनों का प्रभाव सीधे आम नागरिक की आय, बचत, उपभोग और जीवन स्तर पर पड़ता है। कर दरों में संशोधन, छूटों में परिवर्तन तथा नई योजनाओं की घोषणा से मध्यम वर्ग, व्यापारी वर्ग और उद्योग जगत सभी प्रभावित होते हैं। प्रस्तुति के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछे, जिनमें कर प्रणाली, निवेश के अवसर, सरकारी योजनाओं के लाभ तथा बजट के दीर्घकालिक प्रभाव जैसे विषय शामिल थे। संजय शर्मा ने सभी प्रश्नों का संतुलित एवं स्पष्ट उत्तर देते हुए विषय की गहन जानकारी प्रदान की, जिससे विद्यार्थियों की समझ और अधिक सुदृढ़ हुई। कार्यक्रम में बीबीए विभाग की समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इनमें डॉ. संगीता गुप्ता, मोहम्मद अंजर, संजय शर्मा, दीपक गर्ग, सोनिका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान एवं लवी वर्मा शामिल रहे।

# विद्यालय में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम



**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवकुमार शर्मा (क्षेत्रीय संयोजक शिशु वाटिका विद्या भारती), विशिष्ट अतिथि उपेन्द्र कुमार शर्मा (सम्भाग निरीक्षक, मुरादाबाद सम्भाग), प्रधानाचार्य महेश सिंह और कार्यक्रम में उपस्थित माता-पिता द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत अतिथिगणों और माता-पिता का स्वागत भैया बहिनों द्वारा तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर किया गया। इसके पश्चात पृथ्वी सिंह (प्रान्त संयोजक, परिवार प्रबोधन मेरठ प्रान्त) द्वारा वैदिक विधि और पूर्ण मंत्रोच्चार द्वारा हवन का आयोजन किया गया तत्पश्चात मां सरस्वती की वन्दना की गयी और विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया गया। इसके बाद भैया बहिनों द्वारा मंत्रोच्चार व आरती के साथ माता पिता की पूजा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवकुमार शर्मा (क्षेत्रीय संयोजक शिशु वाटिका विद्या भारती) का उद्बोधन हुआ, जिसमें उन्होंने भैया बहिनों और माता पिता के दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए उनका पालन करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उपेन्द्र कुमार शर्मा (सम्भाग निरीक्षक, मुरादाबाद सम्भाग) का उद्बोधन हुआ।

# मृतक पुष्पेंद्र के परिजनों ने लगाया जाम

## पुलिस पर लगाए आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**बढ़ापुर।** ग्राम साहूवाला निवासी मृतक पुष्पेंद्र के स्वजन व ग्रामीणों ने समय पर घटना की जानकारी नहीं देने और ट्रक चालक को घटनास्थल से भगाने का आरोप लगाते हुए थाने के सामने सड़क पर जाम लगाकर नारेबाजी की। सीओ नगीना के समझाने व ट्रक चालक और स्वामी के खिलाफ केस दर्ज होने पर साढ़े तीन घंटे बाद जाम खुला।

ग्राम टांडा साहूवाला निवासी पुष्पेंद्र कुमार उर्फ मनीष की रविवार की शाम गन्ने से भरे ट्रक से कुचल कर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना से नाराज स्वजन और ग्रामीण महिलाओं के साथ आज सुबह भारी संख्या में थाने पहुंचे और पुलिस पर घटना का समय पर जानकारी नहीं देने और ट्रक चालक को मय ट्रक के मौके से भगा देने का आरोप लगाते हुए थाने के सामने सड़क पर जाम लगा दिया और नारेबाजी की।





इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई। स्कूली बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ी। वाहन चालकों ने वाहनों को आसपास के गांव से होकर निकाला। सूचना मिलने पर सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे और मृतक के स्वजन को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई रवींद्र कुमार की ओर से ट्रक स्वामी रियासत और चालक अबूबल हसन के खिलाफ केस दर्ज किया है, तब ग्रामीणों ने लगभग साढ़े तीन घंटे बाद जाम खोला।

### किसान यूनियन के नेता को पीट कर भगाया

बढ़ापुर थाने पर जाम लगने के दौरान क्षेत्र के एक किसान यूनियन के नेता को मृतक के स्वजन को नसीहत देना उस समय भारी पड़ गया, जब भीड़ ने किसान नेता की पिटाई कर वहां से भगा दिया।

# बी.फार्मा पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित, रिया प्रथम स्थान पर





**बिजनौर।** एकेटीयू द्वारा बी.फार्मा पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी ने बताया की कृष्णा फार्मेसी कालेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जिसमें रिया गोयल ने 8.29 एसजीपीए सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अदनान जावेद ने 8.00 एसजीपीए द्वितीय एवं मौ. अदीब ने 7.86 एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर कालेज संस्थापक राजीव कुमार, कालेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. अंकित कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन कर बधाई दी। छात्रों ने इस सफलता के लिए अपने माता पिता एवं अपने गुरुजनों का सहयोग बताया। फार्मेसी के प्रवक्ता शहीर अहमद, सीमा त्यागी, दीपिका पाल, मौ. खालिद, दीपक कुमार गुप्ता, नीरज चौहान, डा. ऐमन सिफत, पियूष कुमार एवं रजिस्ट्रार हिमांशु शर्मा ने छात्रों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए जागरूकता रैली निकाली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जनपद में बसंत कालीन गन्ना बुवाई एवं प्रजाति बदलाव को लेकर सोमवार को व्यापक जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।



कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित कुमार पांडे, सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड धामपुर के सचिव विनोद कुमार, चीनी मिल के उपाध्यक्ष विजय वीर सिंह, वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) राहुल चौधरी, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) कपिल चौधरी, डेवलपमेंट हेड नरेश सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना नवीन आर्य, मनोज कुमार गिल, नरेंद्र पाल सिंह सहित लगभग 50 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रैली में दो प्रचार वाहनों समेत करीब 50 गाड़ियों और मोटरसाइकिलों का काफिला शामिल रहा। यह रैली नांगल जट, झालू, धर्मपुरा, चौकपुरी, चंदनपुरा, खारकगंज, शाहपुर, छाछरी, सिंकदरी, खेड़ा अजीज, नानूपुरा, मंडोरा जट और हल्दौर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होकर चीनी मिल परिसर पहुंचेगी। रैली का प्रमुख उद्देश्य गन्ना फसल में फैल रही 'लाल सड़न' (रेड रॉट) बीमारी के प्रति किसानों को जागरूक करना और रोगग्रस्त Co 0238 प्रजाति के स्थान पर नई उन्नतशील किस्मों को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। विभाग ने Co 0118, Co 15023, CoS 13235, CoS 18231, CoS 19231, CoLk 16202, CoLk 14201 जैसी उन्नत प्रजातियों के साथ जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए Co 98014 को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

अधिकारियों ने किसानों को प्रमाणित बीज का चयन करने, SGK पोर्टल पर बीज उपलब्धता की जानकारी देखने तथा अस्वीकृत प्रजातियों की बुवाई से बचने की सलाह दी। बुवाई के समय खेतों में ट्राइकोडर्मा के प्रयोग और बीज को थायोफिनेट मिथाइल से शोधित करने पर विशेष जोर दिया गया।

# तीन दिन से लापता कपिल का शव नाले में मिला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बढ़ापुर।** ग्राम गोपीवाला निवासी कपिल उर्फ कोपीन का शव बढ़ापुर पिंडदान स्थल के पास नाले में पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला निवासी कपिल कुमार उर्फ कोपीन बीते शुक्रवार से लापता था। रविवार को स्वजन ने बढ़ापुर थाने पहुंचकर कपिल की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तभी से स्वजन और पुलिस उसकी तलाश में जुटे थे सोमवार की बढ़ापुर-गोपीवाला मार्ग पर पिंड स्थल के पास बालक खेल रहे थे, तभी उनकी नजर नाले में पड़े शव पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और शव को नाले से निकलवाया। शव की पहचान कपिल उर्फ कोपीन (38 वर्ष) निवासी गोपीवाला के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपनी पत्नी और एक बेटे व दो बेटियों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## सप्तशक्ति संगम का समापन कार्यक्रम

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सप्त शक्ति संगम समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों डा. शेफाली सिंह चौहान, कमलेश सैनी, डा. अनामिका, मीनू मेहरोत्रा व प्राचार्य हमेंद्र सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। विद्या मंदिर के भईयाओं ने गीत प्रस्तुत किया। सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। (हर्ष, शुभम, वेदांश, पीयूष, तविश, मनन, देव) कार्यक्रम संचालिका आचार्या पूर्णिमा शर्मा ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। अतिथियों में मुख्य अतिथि डा.शेफाली सिंह चौहान (जिला पंचायत अध्यक्षा मुरादाबाद), विशिष्ट अतिथि कमलेश सैनी (पूर्व विधायक चांदपुर), अध्यक्षा डा. अनामिका प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज बिजनौर, मुख्य अतिथि डा. शैफाली सिंह चौहान ने अपने भाषण में कहा कि कार्यक्रम नारी शक्ति के एकत्रीकरण का आधार है। यह कार्यक्रम नारी शक्ति का जागरण है। उन्होंने मोदी जी की मां, लाल बहादुर शास्त्री जी की मां आदि नारी शक्ति का स्मरण किया। हमें सप्त शक्ति के माध्यम से देश को जोड़ने वाले तत्वों को जोड़ना है। हमारे 16 संस्कारों में से मातृ शक्ति ही है। उन्होंने मातृभाषा का सम्मान करने को कहा। भारतीय संस्कृति के मूलभूत आधार नमस्ते, प्रणाम को भूलाकर, हाय हेलो को अपनाना शर्म की बात है। मां बच्चों को सिखाती है। सप्त शक्ति संगम से हमें संस्कार लेकर जाना है। बच्चों को इतना जोड़े की वह अपनी भूल भी हमसे कह सकें। उन्हें क्षमा करना सीखें।

### टी-20 विश्व कप : सुपर आठ में जोरदार भिड़ंत के आसार

# इंग्लैंड-पाक के बीच मुकाबला आज



● **अपने पिछले सुपर-8 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद इस मैच में मजबूत लय के साथ उतरेगा इंग्लैंड**

● **पाक की ताकत उनका स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, इसी में उनके गेंदबाजों ने टूर्नामेंट में अधिकतर विकेट लिए हैं**

**पल्लेकेले, श्रीलंका।** इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी की सोच और धीमी पिच पर पाकिस्तान की स्पिन गेंदबाजी ताकत के बीच मंगलवार को टी-20 विश्वकप 2026 के सुपर आठ में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होगा। पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल इंग्लैंड अपने पिछले सुपर 8 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद इस मुकाबले में मजबूत लय के साथ उतरेगा। उनकी बल्लेबाजी फिलिप सॉल्ट और जोस बटलर जैसे खिलाड़ियों के माध्यम से पावरप्ले में तेजी से रन बनाने पर बनी है, जबकि जैकब बेथेल पांच मैचों में 133 के स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाकर टीम के लिए सबसे लगातार रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। हैरी ब्रूक और बेथेल से बीच के ओवरों में स्थिरता की उम्मीद है, जबकि डेथ ओवरों में सैम करण और विल जैक्स पर दारोमदार होगा। इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण भी शानदार रहा है, खासकर उनके पिछले मैच में जहां स्पिनरों ने इसी मैदान पर दस में से सात विकेट लिए थे। जोफ्रा आर्चर के पेस वेरिएशन और आदिल राशिद के स्पिन कंट्रोल से पाकिस्तान की बल्लेबाजी की रफ्तार को रोकने में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है उसने अपने चार हुए ग्रुप मैचों में से तीन जीते हैं। उनकी ताकत उनका स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, इसी में उनके गेंदबाजों ने टूर्नामेंट में अधिकतर विकेट लिए हैं। उस्मान तारिक विशेषकर किफायती रहे हैं, उन्होंने प्रति ओवर केवल 5.82 रन दिए हैं, जिससे वह इस पिच पर गेम बदलने वाले गेंदबाज हो सकते हैं।

पाक की तकनीकी योजना मैच के दौरान 16 से 18 ओवर स्पिन गेंदबाजी करने पर फोकस करने की उम्मीद है। वहीं बल्लेबाजी की बात की जाए तो पाकिस्तान काफी हद तक साहिब. जादा फरहान पर निर्भर है, जिन्होंने चार मैचों में 164 के आक्रामक स्ट्राइक रेट से 220 रन बनाए हैं। सैम अयूब और सलमान आगा जैसे शीर्षक्रम का मकसद तेज शुरुआत देना होगा, जबकि बाबर और फखर जमान जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से दबाव के समय पारी को संभालने की उम्मीद है। पल्लेकेले में पिच की कंडीशन बैलेंस्ड रहने की उम्मीद है, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, धीरे-धीरे स्पिन गेंदबाजों को फायदा होगा। यहां पहली पारी का स्कोर आमतौर पर 150 से 170 रन के बीच होता है। ऐसा अनुमान है कि इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमें प्रतियोगिता में बने रहने के लिए 175 से 185 रन का लक्ष्य रख सकती हैं, जबकि पीछा करने वाली टीमों को उमस और बादल वाली शाम के हालात में सफल होने के लिए मजबूत मध्यमक्रम साझेदारी की जरूरत होगी। मैच की शुरुआत में स्विंग और बाद में स्पिन गेंदबाजो को मदद मिल सकती है।

## अभिषेक शर्मा 'ए' ब्लॉक से बाहर निकलने के लिए एक रन लें : गावस्कर



● **खराब फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे स्टार बल्लेबाज को दिग्गज क्रिकेटर ने दी सलाह**

**अहमदाबाद, वार्ता।** दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने सुझाव दिया कि खराब फॉर्म के कारण संघर्ष कर रहे अभिषेक शर्मा 'जीरो' ब्लॉक से बाहर निकलने के लिए एक रन लें। उन्होंने अभिषेक शर्मा को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें लाइन के पार बड़े शॉट खेलने के लिए स्वयं को मजबूर नहीं करना चाहिए। सिगल लें और शुरुआत करें। चार डॉट बॉल भी मायने नहीं रखतीं। जैसे ही उन्होंने एक रन लिया, उससे विश्वकप में उनके डक पर आउट होने का सिलसिला खत्म हुआ और उनके फॉर्म में लौटने की उम्मीदें बढ़ गईं, जिसका उन्हें बेसब्री से इंतजार था।

रविवार रात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, उन्हें पेसरों से चुनौती मिली, जिन्होंने उन्हें बड़ा स्कोर करने से रोकने के लिए वाइड और धीमी गेंदें फेंकी। यह साफ है कि युवा ओपनर को अपना गेम बेहतर करने की जरूरत है नहीं तो विरोधी टीम उसे बाहर कर सकती है। अभिषेक की स्थिति को कैसे हैंडल किया जाए, इस पर भारतीय कोचों की राय अलग-अलग थी। असिस्टेंट कोच रायन टेन डोएशेट ने कहा कि मुझे लगता है कि विश्वकप में आने से पहले अभि की तैयारी, एक समय पर उसे फूड पॉइजनिग हुई थी, इससे साफ तौर पर उसकी प्रोग्रेस में रुकावट डाली है, जहां हम उसे इस फेज में देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आप चाहते हैं कि वह तैयार रहे और अपनी स्विंग और अपने गेम प्लान को लेकर कॉन्फिडेंट रहे और जब आप तीन जीरो स्कोर करते हैं तो यह आप पर भारी पड़ने लगता है। मैंने शुक्रवार रात नेट्स में कुछ बहुत अच्छे संकेत देखे, मुझे लगता है कि मैंने तब प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका जिक्र किया था। लेकिन वह थोड़ा कमजोर लग रहा है और कोचिग स्टाफ के तौर पर हमारा काम इसे ठीक करना है। हमारे पास ऐसा करने के लिए चार दिन हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि मुझे लगता है कि यह कोई स्ट्रगल जैसा नहीं है। आज भी, मुझे लगा कि उसे अच्छी शुरुआत मिली है। अगर आप इस समय बैट्समैन से बहुत कुछ कहते हैं, तो उससे कुछ न कहना फायदेमंद है। हर प्लेयर के पास 2-3 मैचों का ऐसा स्लैक पीरियड होता है। और यह वही समय होता है जब पांच लोग सोचते हैं।

## किदांबी श्रीकांत जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई

● **पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज व थारुन भी होंगे**

**मुलहेम एन डेर, वार्ता।** दुनिया के पूर्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत मंगलवार से मुलहेम एन डेर रूर के वेस्टएनर्जी स्पोर्टहॉल में शुरू होने वाले जर्मन ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती अगुवाई करेंगे। पुरुषों की एकल बैडमिटन रैंकिग में 32वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत, इस साल की शुरुआत में इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दो क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद जर्मन ओपन में उतरेंगे।

उन्हें आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में बैडमिटन एशिया टीम चैंपियनशिप में खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने भारत के लिए अपने दोनों एकल रबर जीते थे। पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी श्रीकांत के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली भी होंगे। ओलंपियन और दुनिया के नंबर 5 खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव पुरुष एकल में टॉप सीड हैं और पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिधु की गैरमौजूदगी में दुनिया की नंबर 40 तन्वी शर्मा महिला सिगल्स में भारत की कमान संभालेंगी।

तन्वी शर्मा, जो पिछले साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप और यूएस ओपन में उप विजेता रही थीं, उनके साथ महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में तस्नीम मीर, मालविका बंसोड़, रक्षिता रामराज और इशारानी बरुआ होंगी।

## गोल्फ विस्तार को 830 करोड़ का निवेश होगा



**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने सोमवार को आधिकारिक तौर पर 10 शहरों की अपनी फेंचाइजी टीमों के जरिए गोल्फ के देशभर में विस्तार के लिए 100 मिलियन डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) के निवेश की घोषणा की है। यहां की गई घोषणा के अनुसार लीग ने 100 मिलियन डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ एक मजबूत ढांचा तैयार किया है। इसके अलावा 250 मिलियन डॉलर (करीब 2000 करोड़ रुपये) गोल्फ कोर्स बनाने के लिए अलग से रखे गए हैं। इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों में 8-10 एकड़ के छोटे गोल्फ कोर्स बनाए जाएंगे जिससे यह खेल बड़े और महंगे क्लबों से निकलकर स्थानीय मैदानों तक पहुंचेगा। इस खेल की पुरानी सीमाओं को तोड़ते हुए आईजीपीएल को एक बड़े और रोमांचक लीग फॉर्मेट में तैयार किया गया है ताकि प्रोफेशनल गोल्फ को आम जनता तक पहुंचाया जा सके। इसके पहले सीजन में हैदराबाद, मुंबई, कोल. काता, दिल्ली, चेन्नई, विशाखापत्तनम, गोवा, बेंगलुरु, पंजाब और गुरुग्राम की टीमें खिताब जीतने के लिए आपस में भिड़ेंगी।

आईजीपीएल ने 'गोल्फ ग्रोथ इनिशिएटिव' शुरू करने के लिए इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू), विमेंस गोल्फ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूजीएआई), पीजीए ऑफ इंडिया (पीजीएआई) और द गोल्फ फाउंडेशन (टीजीएफ) के साथ साझेदारी की है। यह प्रोग्राम नए खिलाड़ियों को सीधे खेल के दिग्गजों से जोड़ता है। जीव मिल्खा सिंह, शिव कपूर, ज्योति रंधावा, गगनजीत भुल्लर, गौरव घई और एसएसपी चौरसिया जैसे महान खिलाड़ी नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करेंगे, ताकि स्कूलों से लेकर प्रोफेशनल गोल्फ तक पहुंच सके। इस घोषणा को लेकर आईजीपीएल के मुख्य कार्यकारी उत्तम सिंह मुंडी ने कहा कि यह कोई आम खेल निवेश नहीं है। यह खेलों के जरिए बिजनेस बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण का एक खास मंच है। हमारे फेंचाइजी पार्टनर फार्मा, इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट और वेंचर कैपिटल जैसे क्षेत्रों से आते हैं, और वे आईजीपीएल को एक खेल संस्कृति बनाने के एक बड़े मौके के रूप में देखते हैं। 100 मिलियन डॉलर का निवेश हमारे विजन में उनके भरोसे को दिखाता है।

## हम अगले मैच में मजबूत वापसी करेंगे : सूर्यकुमार

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि हम सुपर आठ के अगले मैच में मजबूती के साथ वापसी करेंगे। दक्षिण अफ्रीका से 76 रनों की हार के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि उम्मीद है कि अच्छी बल्लेबाजी, अच्छी गेंदबाजी और अच्छा क्षेत्ररक्षण करेंगे।

बस इतना ही। हम इसे सरल रखने का प्रयास करेंगे। हम जैसा क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वैसा ही क्रिकेट खेलेंगे, और कुछ नहीं बदलेगा और मुझे लगता है कि हम मजबूती से वापसी करेंगे। दक्षिण अफ्रीका से भारत की 76 रन की हार ने टूर्नामेंट में उसकी 12 मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया और डिफेंडिंग चैंपियन को सेमीफाइनल तक पहुंचने के लिए



● **भारतीय टी-20 कप्तान ने बल्लेबाजों व गेदबाजी में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई**

मुश्किल रास्ते पर छोड़ दिया। अब उन्हें मुकाबले में बने रहने के लिए अपने शेष सुपर आठ मैचों में जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी।

भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को चेन्नई में जिम्बाब्वे से होगा।

### खेल विशेष

## खेलो इंडिया विंटर गेम्स का शुभारंभ गुलमर्ग बना राष्ट्रीय खेल उत्सव का केन्द्र

**श्रीनगर, वार्ता।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को गुलमर्ग में 6वें खेलो इंडिया विंटर गेम्स का विधिवत उद्घाटन किया। देश के प्रमुख शीतकालीन खेल केंद्र गुलमर्ग में आयोजित चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 1,000 खिलाड़ी और अधिकारी भाग ले रहे हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि गुलमर्ग में आयोजित खेलो इंडिया विंटर गेम्स एक साधारण खेल आयोजन से आगे बढ़कर राष्ट्रीय उत्सव का स्वरूप ले चुका है। यह आयोजन शांति, समानता और सौहार्द के मूल्यों को पुनर्जीवित करता है तथा विविध भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं वाले देश में एक साझा विरासत के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि विंटर गेम्स जीवन की चुनौतियों का प्रतिबिब हैं, जो खिलाड़ियों में दृढ़ता और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं। गिरना, गलतियों का विश्लेषण करना और बेहतर बनकर उठना-यही खेल की असली सीख है, जिसे स्कीयर यहां आत्मसात करेंगे। उपराज्यपाल ने इस आयोजन के व्यापक उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलो इंडिया विंटर गेम्स राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आपसी सम्मान साथ-साथ चल सकते हैं और आज समाज को इसी भावना की आवश्यकता है। अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और स्की माउंटेनियरिग जैसी स्पर्धाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में खिलाड़ी अपनी तकनीकी दक्षता, वर्षों की मेहनत और अदम्य साहस का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से खेल भावना के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और पूरे टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आह्वान किया। उपराज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में खेल क्षेत्र में हुए बदलावों का भी उल्लेख किया।

## 72वीं सीनियर नेशनल्स पुरुषों की कबड्डी चैंपियनशिप 24 से 27 तक

**वडोदरा, वार्ता।** 72वीं सीनियर नेशनल्स पुरुषों की कबड्डी चैंपियनशिप 2026, 24 से 27 फरवरी तक यहां समा इनडोर कॉम्प्लेक्स में खेली जायेगी। इस चैंपियनशिप में देश भर से 31 टीमें हिस्सा लेंगी और लगभग 400 खिलाड़ी खिताब जीतने के लिए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देंगे।

अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत होने वाले इस टूर्नामेंट में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ उभरते सितारे भी भाग लेंगे। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी इस चैंपियनशिप के दौरान एक्शन में दिखेंगे। पीकेएल सीजन 12 के टॉप तीन रेडर शामिल हैं,अयान लोहचब (हरियाणा), जिन्होंने शानदार 316 रेड पॉइंट बनाए, देवांक दलाल ने 271 रेड पॉइंट बनाए,

● **चैंपियनशिप में देश भर से 31 टीमें हिस्सा लेंगी और लगभग 400 खिलाड़ी शामिल होंगे**

और भरत हुड्डा, जिन्होंने 230 रेड पॉइंट के साथ सीजन खत्म किया। आशु मलिक, जिन्होंने पिछले सीजन में दबंग दिल्ली को टाइटल जिताने में मदद की थी, रेलवे का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि अर्जुन देशवाल एक बार फिर कप्तानी करते दिखाई देंगे जब वह उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करेंगे। टूर्नामेंट में दीपक शंकर (तमिलनाडु) जैसे उभरती हुई प्रतिभा भी दिखेगी, जिन्होंने बेंगलुरु बुल्स के लिए 64 टैकल पॉइंट बनाए और उन्हें पीकेएल 12 में सीजन का न्यू यंग प्लेयर चुना गया। पुणेरी पल्टन के रेडर आदित्य लशदे महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिन्होंने पांच सुपर रेड समेत 159 रेड पॉइंट बनाए। हरियाणा के डिफेंडर नितेश कुमार, जिन्होंने 65 टैकल पॉइंट्स और पांच हाई-5 के साथ एक और शानदार परफॉर्मर किया है, वे भी इस चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे।

साथ ही, होनहार खिलाड़ी अनिल (हिमाचल प्रदेश) और उदय पराते (मध्य प्रदेश) भी इस चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे। डिफेंडिंग चैंपियन सर्विसेज, जिसमें देवांक दलाल, नवीन कुमार, भरत हुड्डा, अंकित जगलान और जयदीप दहिया जैसे स्टार खिलाड़ियों की लाइनअप है, अपना टाइटल बचाने के इरादे से टूर्नामेंट में उतरेगी। रेलवे, हरियाणा और महाराष्ट्र की टीमें भी उतनी ही मज़बूत हैं। इन टीमों से उन्हें कड़ी मुश्किल मिलने की उम्मीद है, जिससे एक कड़े मुकाबले वाली चैंपियनशिप का माहौल बनेगा। यह टूर्नामेंट एलीट और उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए भी एक बेहत. रीन प्लेटफॉर्म का काम करेगा।

## रणजी ट्रॉफी का दिलचस्प मुकाबला आज

### कर्नाटक दबदबे की विरासत जारी रखने, जे-के पहली बार चैंपियन बनने उतरेगा

कर्नाटक दबदबे की विरासत जारी रखने, जम्मू-कश्मीर पहली बार चैंपियन बनने उतरेगा-

हुबली, वार्ता। हुबली क्रिकेट मैदान पर मंगलवार को रणजी ट्रॉफी 2025-26 के फाइनल में मेजबान कर्नाटक अपने दबदबे की विरासत को जारी रखने, जबकि जम्मू-कश्मीर ऐतिहासिक प्रदर्शन कर पहली चैंपियन बनने उतरेगा। एक ओर जहां घरेलू कर्नाटक क्रिकेट टीम है। जो अनुभव, स्वभाव और बड़े मैचों की जानक. ारी के बल पर आठ बार चैंपियन बनी है। वहीं दूसरी ओर 67 साल के इतिहास में पहली बार फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर की टीम के संघर्ष और जूनून की कहानी है। कर्नाटक की बल्लेबाजी लाइनअप में जबरदस्त दम और अंतर्राष्ट्रीय पहचान है। केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों की क्लास और संयम टॉप पर स्थिरता देते हैं, जबकि मयंक अग्रवाल और करुण नायर जैसे अनुभवी घरेलू चैंपियन रेड-बॉल में अपना दबदबा साबित करते हैं। कर्नाटक के इस सीजन में घरेलू सनसनी स्मरण रविचंद्रन का भी जलवा रहा है, जिन्होंने जबरदस्त औसत से रन बनाए हैं, जिससे वह टूर्नामेंट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजो में से एक बन गए हैं। श्रेयस गोपाल के ऑलराउंड असर के साथ, कर्नाटक का फॉर्मूला आसान है। टोटल बनाना, सेशन को कंट्रोल करना और गेम को बेरहमी से खत्म करना। लेकिन क्रिकेट, खासकर लंबे प्रारुप के फाइनल में, शायद ही कभी यह सबसे बड़े नामों से तय होता है। यह उन खिलाड़ियों से तय होता है जो जब मोमेंटम बदलने लगता है तो चुपचाप मैच को एक साथ रखते हैं। वहीं जम्मू और कश्मीर क्रिकेट टीम के लिए, यह फाइनल केवल एक चैंपियनशिप मुकाबला नहीं है, यह इतिहास है। उनका पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहु. चना पहले ही सीजन की सबसे इंस्पायरिग कहानियों में से एक बन गया है। उनका अभियान किसी एक सुपरस्टार पर निर्भर रहने के बजाय मिलकर लड़ने की भावना के आस-पास बना है। इस कहानी के शांत हीरो ऑलराउंडर आकिब नबी रहे हैं। टूर्नामेंट में 50 से अधिक विकेट और बल्ले से निचले क्रम में अहम योगदान के साथ, उन्होंने टीम के प्रेशर-ब्रेक स्पेशलिस्ट की तरह काम किया है। जब साझेदारी बढ़ने लगीं, तो उन्होंने ब्रेकथ्रू दिलाए। जब बल्लेबाजी के गिरने का खतरा था, तो उन्होंने पारी को संभाला। जम्मू और कश्मीर की बल्लेबाजी को पारस डोगरा जैसे अनुभवी कप्तान ने भी संभाला है, जिनकी दबाव वाली स्थिति में शांत मौजूदगी ने युवा खिलाड़ियों को गाइड किया है। शुभम खजूरिया और कमरन इकबाल के टॉप-ऑर्डर सपोर्ट ने शुरुआती मोमेंटम दिया है, जबकि अब्दुल समद और आबिद मुश्ताक की मध्यमक्रम स्टेबिलिटी ने दबाव बनने पर स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया है। कर्नाटक अपने पारंपरिक चैंपियनशिप ब्लूप्रिंट पर निर्भर रहेगा। प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वाथ कवरप्पा जैसे तेज गेंदबाजी विकल्प की लीडरशिप में गेंदबा. जी आक्रमण और अनुभवी कैंपेनर्स का सपोर्ट यह पक्का करता है कि वे लहरों में अटैक कर सकें। श्रेयस गोपाल का स्पिन कंट्रोल अक्सर पिच के टूटने पर अहम हो जाता है। हुबली की पिच के असली टेस्ट मैच जैसा बनने की उम्मीद है। शुरुआती दिनों में बाउंस और मूवमेंट वाले तेज गें. दबाजों को फायदा होगा, जबकि धैर्य दिखाने वाले बल्लेबाज स्कोरिग फेज में हावी रहेंगे। तीसरे और चौथे दिन तक, जैसे ही सतह पर दरारें दिखेंगी, स्पिनर गेम को कंट्रोल करना शुरू कर देंगे।

## यह सोचकर निकलती हूं कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना है : साक्षी



● **कहा : अगर मैं क्वालिफाइंग राउंड के लिए जाती हूं तो मुझे बस जीतकर वापस आना है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रीय में प्रशिक्षण ले रही मिडफील्डर साक्षी राणा का कहना है कि मैं हर दिन यह सोचकर निकलती हूं कि मूझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। यहां राष्ट्रीय शिविर में मुख्य कोच शोर्ड मारिन और साइंटिफिक एडवाइजर वेन लोम्बार्ड के दिशा निर्देश में चल रहे प्रशिक्षण शिविर को लेकर 18 वर्षीय साक्षी ने कहा कि हर दिन मैं यह सोचकर बाहर निकलती हूं कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

अगर मैं क्वालिफाइंग राउंड के लिए जाती हूं, तो मुझे बस जीतकर वापस आना है। अभी, हमें बस हर एक दिन कड़ी मेहनत करनी है और कोच ने हमारे लिए जो भी प्लान बनाया है, उसे पूरा करना है। उन्होंने कहा कि जिन चीजो में हमारी कमी है, वे हमें दिन-ब-दिन उन पर काम करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। वेन सर बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि कितनी ताकत और फिटनेस की आवश्यकता है, और हमें रिकवरी का महत्व सिखा रहे हैं। जहां तक स्ट्रक्चर की बात है, वे सब कुछ धीरे-धीरे और साफ-साफ समझा रहे हैं। सीनियर खिलाड़ी भी हम जूनियर खिलाड़ियों को लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कि हमारी वन-ऑन-वन मीटिंग्स में, कोच ने मुझसे कहा कि मैं जो कर रही हूं, वही करती रहूं, लेकिन उन्होंने मेरी प्री-स्कैनिग और ऑन- फील्ड कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने की जरूरत पर बल दिया, क्योंकि मैं सेंटर में खेलती हूं। टीम मीटिंग्स में, हम स्ट्रक्चर पर बहुत अधिक फोकस कर रहे हैं। बॉल को कैसे पकड़ना है और चकमा देने के बजाय कब पास करना है, यह जानना, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बहुत जल्दी आ जाता है। उल्लेखनीय है कि भारत के एफआईएच हॉकी विश्वकप 2026 क्वालिफायर तेलंगाना के हैदराबाद में आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ शुरू होंगे।

## दक्षिण अफ्रीका ने आगामी सीजन के लिए तीन देशों के साथ कार्यक्रम की घोषणा की

**प्रिटोरिया, वार्ता।** दक्षिण अफीका ने सामवार को आगामी सीजन में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश और इंग्लैंड के साथ होने वाली टेस्ट सीरीज और सफेद गेंद सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका आज यहां घोषित कार्यक्रम के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 24 से 30 सितंबर के बीच किंग्समीड स्टेडियम से शुरू होगी। इसके बाद मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए तीन टेस्ट मैचों सीरीज का शुरुआत मैच नौ अक्टूबर से डरबन में शुरू होगा, इसके बाद गकेबरहा (18-22 अक्टूबर) और न्यूलैंड्स (27-31 अक्टूबर) क्रमश: बाकी दो मैचों की मेजबानी करेंगे। इसके बाद बंगलादेश अगले दो मैचों की टेस्ट सीरीज से शुरू होने वाले एक और बहु-प्रारुप टूर के लिए आएगा। सीरीज का पहला मैच 15 से 19 नवंबर तक वांडरर्स स्टेडियम में होगा, जबकि दूसरे मैच 23 से 27 नवंबर तक की मेजबानी सेंचूरियन करेगा। इसके बाद चार दिन बाद सफेद गेंद चरण में 1-7 दिसंबर के बीच ईस्ट लंदन, गेकेबरहा और केप टाउन में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज होगी। तीन टी-20 किम्बरली, बेनोनी और सेंचुरियन में 10 से13 दिसंबर के बीच होंगे। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज है।

### अफगानिस्तान मार्च में यूएई में सफेद गेंद सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** अफगानिस्तान मार्च में पहली बार सफेद गेंद सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। इस सीरीज में तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच यूएई में 13 से 25 मार्च तक खेले जाएंगे। टी-20 सीरीज के मैच 13, 15 और 17 मार्च को शारजाह में और एकदिवसीय मुकाबले 20, 22 और 25 मार्च को दुबई में खेले जायेंगे। टी-20 सीरीज आठ मार्च को टी-20 विश्वकप खत्म होने के ठीक पांच दिन बाद शुरू होगी। एकदिवसीय सीरीज 26 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और पीएसएल दोनों के शुरू होने से ठीक एक दिन पहले खत्म होगी। दोनों देशों के खिलाड़ी - दासुन शनाका, राशिद खान, कुसल परेरा और नूर अहमद, और दूसरे दोनों फ्रेंचाइजी कॉम्पिटिशन की अलग-अलग टीमों में हैं। यह दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली दूसरी द्विपक्षीय टी-20 सीरीज है। वहीं एकदिवसीय यह अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच चौथी द्विपक्षीय सीरीज होगी।

**रमजान मुबारक**



**सातवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.27 |
| | शिया | 5.18 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.16 |
| | शिया | 6.31 |

रोजा खुद को परखने का आसान तरीका है ।रोजा और आम दिन में हमारे अपने अंदर आये फर्क को हम खुद महसूस करें।रोजा की हालत में हम बद नजरी,झूठ बोलना,पान,बीड़ी सिगरेट, तम्बाकू समेत तमाम बुराइयों से पूरी तरह बचते हुए अपना रोजा पूरा करते हैं। यानि अपने ईमान को तरो ताजा और मजबूत रखते हैं। आम दिनों में हम ऐसा क्यों नहीं कर सकते।

कुरआन करीम

# 28 तक हर हाल में पूरा करें पुल पहुंच मार्ग: शिपू गिरी

## नगर आयुक्त ने किया ढमोला नदी पर राकेश और सपना सिनेमा के बीच निर्मित कराए जा रहे पुल का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी के सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज दोपहर स्मार्ट सिटी योजना के तहत ढमोला नदी पर राकेश सिनेमा और सपना सिनेमा के बीच निर्मित कराये जा रहे पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने हर हाल में 28 फरवरी तक देहरादून रोड की ओर निर्माणाधीन पहुंच मार्ग का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को साफ शब्दों में कहा कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होगा।

स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि आज दोपहर स्मार्ट सिटी अधिकारियों व कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों के साथ राकेश और सपना सिनेमा के बीच ढमोला नदी पर बनाये जा रहे पुल का निरीक्षण करने पहुंचे। जीएम स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल ने बताया कि कार्यदायी संस्था द्वारा 28 फरवरी तक पुल का देहरादून रोड की ओर पहुंच मार्ग पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर तरुण चतुर्वेदी ने नगरायुक्त को बताया कि बाकि समस्त कार्य पूरा हो चुका है, वर्तमान में देहरादून रोड की ओर पहुंच मार्ग वाली सड़क का कार्य शेष है जिसे 28 फरवरी तक अवश्य पूरा कर दिया जायेगा। प्रोजेक्ट मैनेजर ने आज रात से ही कार्य शुरु करने का आश्वासन दिया।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट शब्दों में कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि 28 फरवरी तक हर हाल में कार्य पूर्ण कर दें। उन्होंने पहुंच मार्ग के बीच आ रहे बिजली के खंभों एवं दो ट्रांस्फार्मर को हटाने के सम्बंध में कहा कि यदि यह कार्य कार्यदायी संस्था एवं उत्तर प्रदेश विद्युत निगम समय से पूर्ण नही कर पाते हैं तो सीधे निविदा के माध्यम से कार्य पूर्ण करा लिया जाए। इस दौरान मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र सिंह व कार्यदायी संस्था के सहायक परियोजना प्रबंधक उमेश आदि मौजूद रहे।

# नवागंतुक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा.हेमंत का स्वागत



■ सुधाकर अग्रवाल व राघव अग्रवाल की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय में डॉ. हेमन्त कुमार का इण्डियन हर्ब्स कम्पनी की ओर से एडवोकेट पंकज कपूर लाईजन मैनेजर द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। कम्पनी की ओर से निदेशक सुधाकर अग्रवाल एवं राघव अग्रवाल द्वारा भी डॉ. हेमन्त को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

इस अवसर पर ड्रग विभाग से डॉ. अनुराधा, सुनील त्यागी, मनु शर्मा, जसबिंदर सिंह, अनुज कुमार एवं अंकुश कुमार उपस्थित रहें।

# फिल्म मंजिल कहीं तो होगी का पोस्टर लॉन्च



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिव्या फिल्म्स आर्ट, मुंबई के बैनर तले बन रही हिंदी फीचर फिल्म "मंजिल कहीं तो होगी" का मुहूर्त शॉट एवं पोस्टर लॉन्च सोमवार को हिम्मत नगर कागज मिल रोड स्थित चौधरी वीरेंद्र सिंह गुर्जर के आवास पर किया गया।

निर्माता रियासत अली खान व सुशील कुमार सैनी तथा लेखक-निर्देशक नवनीत पंवार ने बताया कि फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की के संघर्ष पर आधारित है, जिसकी जिंदगी एक हादसे के बाद पूरी तरह बदल जाती है और वह सामाजिक परिस्थितियों से लड़ते हुए अपनी बेग.नाही साबित करती है।

इस मौके पर वीरेंद्र चौधरी, कुंवर राज, लियाकत अली, शमशाद भाई टोपीवाले, संगीत निर्देशक आरिफ मिर्जा सहित बद्री रमाणंदी, ऋषि भारती, आख्या सिंह, मिथुन, फैज अली, अब्दुल जब्बार, राजेंद्र शिवा, अलीशान, वकील खान और जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

# मंजीत नौटियाल समेत दस लोगों पर मुकदमा

## फाईनेंस कंपनी के कार्यालय में घुसकर मैनेजर के साथ मारपीट का आरोप, वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दो अन्य नामजद सहित दस अज्ञात लोगों के खिलाफ फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में घुसकर मैनेजर के साथ मारपीट करने के आरोप में बेहट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

बेहट कस्बे में स्थित फाइनेंस कंपनी जेड फर्स्ट प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर जॉनी कुमार ने भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह नौटियाल, अंकित कुमार निवासीगण बेहट तथा विकास निवासी जाटोवाला सहित दस अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली बेहट में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उक्त लोगों ने कंपनी के ऑफिस में घुसकर मारपीट की और कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी तथा कार्यालय के फर्नीचर, दस्तावेज और सिस्टम को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने मामले को लेकर तीनों नामजद सहित दस अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191, 115(2), 352, 351(3), 324 (2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मारपीट की घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

उधर, भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत नौटियाल ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि एक व्यक्ति ने कंपनी से लोन लिया था और उनकी मौत हो गई थी। इंश्योरेन्स आधार पर लोन फाइनल हो गया था। आरोप है कि अब कंपनी का मैनेजर अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर मृतक के बेटे से उगाही करना चाह रहे है और जान से मारने की धमकी दे रहे है। मंजीत नौटियाल ने कहा कि मजदूरों और किसानों की सुरक्षा करना ही संगठन का मकसद है। किसी भी कंपनी को जबरन वसूली नहीं करने देंगे। कहा कि कुछ लोग इस मामले को राजनीतिक तूल देने में लगे है।

## सभासद गिरफ्तार



**साढौली कदीम।** कस्बे में एक फाइनेंस कंपनी के दफ्तर में घुसकर मारपीट करने के आरो.पित नगर पंचायत बेहट के सभासद प्रति.निधि अजय नौटियाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

पुलिस ने मामले में आरोपित नगर पंचायत बेहट सभासद प्रतिनिधि और आजाद समाज पार्टी से जुड़े अजय नौटियाल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# शिवलिंग पर चांदी की जलहरी प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

## श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे जलहरी जीर्णोद्धार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को विश्राम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिद्ध पीठ श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को विश्राम दिया गया।

विगत 19 फरवरी से मंदिर परिसर में चल रही जलहरी जीर्णोद्धार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में आज मंडप पूजन एवं हवन यज्ञ के साथ अभिजीत मुहूर्त में अंबिका स्वरूप जलहरी की स्थापना एवं श्री हनुमान जी महाराज, मां दुर्गा, भगवती जी की पुर्न प्रतिष्ठा बड़े विधि विधान से संपन्न हुई। जिसमें यज्ञाचार्य अजय किरण महाराज एवं समस्त वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा 19 से 23 फरवरी तक विधिपूर्वक प्राण प्रतिष्ठा का कार्य किया गया। आज विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ। जिसमें मुख्य यजमान मुकेश चौरसिया से परिवार सहित रहे।

इस दौरान श्री भूतेश्वर महादेव समिति के प्रधान मुकेश गोयल व मंत्री आशु अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# दिन निकलते ही बुलेट सवार दो युवकों की मौत

■ पंचकूला रूडकी नेशनल हाईवे पर हुआ दर्दनाक हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** पंचकूला - रुड़की नेशनल हाईवे 344 पर दिन निकलते ही नकुड रोड पुल पर अज्ञात वाहन से टकराई बुलेट मोटरसाइकिल उस पर सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर पहुंच तत्परता दिखाते हुए घायल युवकों की जान बचाने का प्रयास करते हुए उन्हें अपनी सरकारी गाड़ी से पीजीआई पिलखनी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने दोनों युवक मृत घोषित कर दिए। हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने बिना किसी पुलिस कार्यवाही के शव को अपने साथ ले गए।

सोमवार सुबह करीब 7:00 बजे थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवेश शर्मा को सूचना मिली कि हाईवे पर पुल के ऊपर बुलेट सवार दो युवक अज्ञात वाहन से टकराकर गंभीर घायल हो गए है। सूचना पर वह अपनी टीम के साथ तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने ने युवकों की हालत गंभीर देखते हुए अपनी सरकारी गाड़ी से मेडिकल कॉलेज पिलखनी के इमरजेंसी वार्ड में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।मृतक दोनों युवक की पहचान विश्वजीत सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम भलस्वा हरिद्वार एवं रूद्र प्रताप पुत्र प्रदीप कुमार निवासी ग्राम सबीरपुर बड़गांव नानौता देहात सहारनपुर पुलिस ने दोनों युवकों के परिजनों को हादसे की खबर दी परिजन आनन फानन में मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस से किसी भी प्रकार की कार्यवाही से मना करते हुए बिना पोस्टमार्टम के शवों को साथ ले गए। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवेश कुमार शर्मा ने बताया कि सड़क हादसे में घायल हुए दोनों युवकों को बचाने का बहुत प्रयास किया पर चोट अधिक होने के कारण बच न सके जिसका उन्हें बहुत दुख है।

# रजवाहा पटरी पर डंपर धंसने से लगा लंबा जाम

**तीतरों।** निर्माण सामग्री से भरा डंपर रजवाहा पटरी मार्ग पर पलटने से बाल बाल बच गया। पटरी पर डंपर के धसने के कारण दोनों ओर लम्बा जाम लग गया।

शामली नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य जोरों पर है। सुबह के समय एक डंपर निर्माण सामग्री को ले जा रहा था दूसरी ओर से आते वाहन को बचाने के कारण डंपर कच्ची पटरी पर उतर गया ज्यादा लोड होने के कारण डंपर पलटने से बाल बाल बचा।

रजवाहा पटरी मार्ग पर डंपर के धस जाने के कारण जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया। रजवाहा पटरी मार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। क्षेत्र निवासी अनेको बार रजवाहा पटरी मार्ग के चौड़ीकरण की मांग कर चुके हैं। पिछले दिनों लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह के सामने भी क्षेत्रवासियों ने इस समस्या को उठाया था तो उन्होंने लोक निर्माण अधिकारियों के साथ बात कर मामले का निस्तारण करने का आश्वासन दिया था।




# आज बीएसए से मिलेगा डेलिगेशन: मलिक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि 24 फरवरी को लखनऊ में होने वाला घेराव कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अब कल (आज) बीएसए से शिक्षकों का एक डेलीगेशन मिलेगा।

डा.अशोक मलिक द ग्रेट सनराईज पब्लिक स्कूल में संघ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 17 मार्च को आरटीई के छात्र-छात्राओं के फीस प्रतिपूर्ति का बकाया भुगतान और अभिभावकों की प्रोत्साहन राशि एवम प्री प्राइमरी कक्षाओं के लिए पोर्टल से हटाकर मान्यता लेने के लिए बाध्य करना सहित अन्य समस्याओं को लेकर बेसिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ उत्तर प्रदेश का घेराव किया जाएगा।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष केपी सिंह प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट धनंजय शर्मा महानगर प्रभारी गययूर आलम मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता जितेंद्र गोरिया एडवोकेट शिवकुमार मालियां जोरा सिंह रविंद्र चौधरी दिनेश रुपडी योगेश अरविंद वीरेंद्र मुकेश चौधरी प्रशांत त्यागी नारायण सिंह लिटिल शर्मा संदीप कुलदीप प्रदीप अनिल सचदेवा अमरीश शर्मा भोपाल सिंह संजीव कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ओवरलोड खनन सामग्री से भरा ट्रक पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने चैकिंग के दौरान अवैध खनन से भरा ओवरलोड ट्रक पकड़ा है।

एसएसपी के निर्देशन में अवैध खनन पूर्णतया रोक लगाए जाने के उद्देश्य से जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एसपी सिटी एवं सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान पठेड चौक पोस्ट पर खनन सामग्री से भरे ओवरलोड ट्रक को पकड़कर सीज किया गया।कार्यवाही टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसआई चन्द्रपाल सिंह, हैड कांस्टेबल सन्दीप कुमार, संग्रह अमीन अश्वनी कुमार तहसील सदर शामिल रहे।



















# मनोयोग से काम करें शिक्षक व कर्मी: जसवंत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरीय खण्ड संसाधन केंद्र नुमाइश कैंप के प्रांगण में जनपद स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय कार्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी रहे। उन्होंने बीएसए कुमारी कोमल के साथ कार्यक्रम का उदघाटन किया। जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपरेखा को विस्तार से अवगत कराया। एस.आर.जी. कपिल दुआ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा के तहत विभाग द्वारा बाल वाटिका में दी जाने वाली सुविधाओं यथा ऑपरेशन कायाकल्प, लर्निंग कॉर्नर, स्टेशनरी, वंडर बॉक्स, माता उन्मुखीकरण बैठक, आउटडोर प्ले मैटेरियल आदि के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर अंकिमा जैन ने आंगनवाड़ी में प्रयुक्त होने वाला टीएलएम वंडर बॉक्स का सुंदर प्रदर्शन किया। एआरपी बृजेश देवी ने आदर्श बाल वाटिका कक्षा-कक्ष की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। ईसीसीई एजुकेटर राधा के द्वारा चार लर्निंग कॉर्नर एवं स्टेशनरी की विस्तृत जानकारी दी गई। मंत्री जसवंत सैनी ने प्रत्येक विकास क्षेत्र के उत्कृष्ट नोडल शिक्षक संकुल, नोडल शिक्षक, शिक्षा मित्र, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं ईसीसीई एजुकेटर को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा बाल वाटिका में संचालित योजनाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वन करने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षामित्र व अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि पर भी सबको बधाई दी एवं सभी शिक्षकों, कार्यकत्रियों एवं कर्मचारियों को अपना कार्य पूर्ण निष्ठा व मनोयोग से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल के द्वारा पूर्व प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत बाल वाटिका में संचालित गतिविधियों की सराहना की गई।

कार्यक्रम का संचालन कृपाल मलिक व एआरपी डॉक्टर अंकिमा जैन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे मनवीर सिंह, प्रमोद कौशिक, सरफराज आलम, पूनम तनेजा, चारु माहेश्वरी, ब्यूटी राणा, आशिया एवं आशा गौड़ उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 24 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# राजनीति का गिरता स्तर

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी। यूपी पुलिस ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बाल यौन शोषण के आरोपों में रविवार को एफआईआर दर्ज की। दरअसल जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने प्रयागराज की पॉकसो कोर्ट में दो बच्चों को पेश कर अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगाए हैं। इसी को आधार बनाकर कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। इसके बाद रविवार की देर रात मुकदमा दर्ज हो गया। इसी के साथ राजनीति भी शुरू हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक प्रेस वार्ता कर जगद्गुरु राम भद्राचार्य के बारे में कहा कि एक समय उन पर मुकदमे दर्ज थे, जो उन्होंने वापस लिए थे। यह मुझसे गलती हुई थी। मुझे उसे वापस नहीं लेना चाहिए था। निश्चित रूप से जिस तरह की कार्रवाई शंकराचार्य के खिलाफ देखने में आई, वह बदले की कार्रवाई ज्यादा लगती है। जिसमें एफआईआर दर्ज हुई है यह मामला बीस वर्ष पुराना बताया जा रहा है। कोई भी पूछ सकता है कि आखिर बीस वर्षों तक इस मामले पर चुप्पी क्यों साधी गई। इस तरह की कार्रवाई तभी देखने में क्यों आई जब पिछले दिनों माघ मेले में गंगा स्नान को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद को रोका गया। सरकार और शंकराचार्य के बीच जिस तरह तू-तू मैं मैं बढ़ी कि अविमुक्तेश्वरानंद बिना स्नान किए ही वापस चले गए। उम्मीद थी कि यह मामला शीघ्र शांत हो जाएगा, लेकिन समय के साथ-साथ और तूल पकड़ता जा रहा है। गंगा स्नान रोकने से शुरू हुआ विवाद अब शंकराचार्य और प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच तू-तू मैं मैं तक पहुंच गया है। हालात तो इतने विकट हो गए हैं कि अब दोनों ही एक दूसरे को अस्तित्व की चुनौती दे रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने तो यहां तक कह दिया कि शंकराचार्य अपने संबंध में सबूत दिखाएं। जहां तक बात विपक्षी नेताओं की है, उन्होंने इस मुद्दे को तुरंत लपक लिया है और वह शंकराचार्य के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। उसको सनातन धर्म से जोड़कर देख रहा है। सपा प्रमुख एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तो राजनीतिक मौका ताड़ प्रदेश के दो उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक को सीधे ऑफर दे दिया है कि अगर वह भाजपा के सौ विधायक लाते हैं तो सीएम की कुर्सी पा सकते हैं। ऐसा कहते हुए उन्होंने यह भी कह डाला कि यह ऑफर सिर्फ एक हफ्ते के लिए है। हालांकि दोनों सीएम का रुख शंकराचार्य को लेकर अपने सीएम से इतर रहा है। बहुत संभव है अखिलेश यादव उनके रुख को भांपकर यह ऑफर पेश कर रहे हैं। ये सब बातें तो राजनीति में चलती रहती हैं, लेकिन जिस तरह का तमाशा शंकराचार्य को लेकर इस समय देखने में आ रहा है उसे जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता।

## छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए



ममता दीदी के बिना, इंडिया गठबंधन खत्म हो जाएगा, क्योंकि ममता बनर्जी इस गठबंधन की लीडर हैं, उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं, मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए, फिर चाहे वह स्टालिन हों, ममता दीदी हों, अखिलेश हों, तेजस्वी हों, या कोई और राहुल गांधी को इन लोगों को जिम्मेदारी देनी चाहिए, पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सीएम ममता बनर्जी का समर्थन करने पर मेरा कहना है कि मैं खुद टीएमसी में ममता दी का पहला नेशनल सेक्रेटरी था, मैं दिसम्बर 1997 के आखिर में यहां पार्टी में शामिल हुआ था। लेकिन तीन हफ्ते के अंदर ही मुझे एहसास हो गया कि यह पार्टी बंगालियों की है और मैं बंगाली नहीं हूं, तो फिर मैं वहां क्या करता, इसलिए मैंने पार्टी छोड़ दी।

**-मणिशंकर अय्यर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन गलत, तो भाजपा का व्यवहार सही कैसे!






**रोहित कौशिक**

एआई समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने टीशर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया तो उन पर तरह-तरह के सवाल उठने लगे। इसके बाद एक प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी और कांग्रेस को देश का सबसे बड़ा गद्दार बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी देश आगे बढ़ता है, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी उस खुशहाली में रंग में भंग डालते हैं और विकास को बाधित करते हैं। संबित पात्रा ने एआई समिट में यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को राहुल गांधी की साजिश बताया और कांगेस को टॉपलेस, ब्रेनलेस और शेमलेस कहा। सवाल यह है कि अगर एआई समिट में यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन गलत है तो फिर संबित पात्रा का यह बयान सही कैसे हो सकता है? क्या यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन और संबित पात्रा का यह बयान अतिवाद की श्रेणी में नहीं आते हैं। अब भाजपा के लोग जगह-जगह राहुल गांधी के पुतले फूंक रहे हैं। राहुल गांधी को देश का गद्दार बताया जा रहा है।

दरअसल एक स्वस्थ लोकतंत्र में प्रदर्शन कर सरकार की किसी नीति का विरोध करना हर नागरिक का अधिकार है। सवाल यह है कि क्या एआई समिट में यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जरूरी था या फिर किसी अन्य जगह भी प्रदर्शन किया जा सकता था? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का विरोध करने वाले अनेक पत्रकार यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को सही ठहराया रहे हैं। नीतियों का विरोध करना ठीक है लेकिन क्या इस आधार पर यूथ कांग्रेस के इस व्यवहार को सही ठहराया जा सकता है? शायद कांग्रेस के अंदर भी यूथ कांग्रेस के इस प्रदर्शन को लेकर लोग एकमत नहीं हैं। शुक्रवार 20 फरवरी को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एआई समिट में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया था। कार्यकर्ताओं ने टीशर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ 'पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड' के नारे लगाए। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या यूथ कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन सही था लेकिन गलत जगह पर था। ऐसी जगह जहां ज्ञान-विज्ञान का अस्थाई केन्द्र बनाया गया हो, वहां इस तरह का विरोध क्या देश हित में था ? एक ऐसी जगह जहां कई देशों के प्रतिनिधि एआई पर केन्द्रित रचनात्मक योगदान दे रहे हों, वहां इस तरह का व्यवहार क्या कांग्रेस को कोई नई प्रतिष्ठा दिला पाएंगा ? विरोध करने की सही जगह भी होनी चाहिए। हालांकि ऐसे लोग और पत्रकार जो हर महीने नरेन्द्र मोदी की सरकार गिरने की घोषणा करते रहते हैं, वे कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को सही ठहरा रहे हैं, लेकिन कुछ बातें कांग्रेस को अपने स्तर पर गंभीरता से सोचनी होंगी। निश्चित रूप से राहुल गांधी लगातार सवाल उठा रहे हैं और मेहनत कर रहे हैं। लेकिन क्या उनकी मेहनत सही दिशा में जा रही है ? कहीं ऐसा तो नहीं कि कांग्रेस के कुछ क्रियाकलाप राहुल गांधी की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं ? या फिर कभी-कभी राहुल गांधी स्वयं भी अपनी ही मेहनत पर पानी तो नहीं फेर रहे हैं ? जहां कांग्रेस को लगता है कि सरकार की नीतियों का विरोध होना चाहिए वहां उसे विरोध करना चाहिए। लेकिन यदि जनता में यह संदेश जाएगा कि कांग्रेस तो हर बात का विरोध कर रही है तो वह स्वयं कांग्रेस के लिए भी शुभ नहीं होगा। सही जगह पर सही तरीके से विरोध होना चाहिए। सवाल यह है कांग्रेस के नेता उस तरह से सड़कों पर क्यों नहीं दिखाई देते हैं, जिस तरीके से उन्हें दिखाई देना चाहिए ? क्या भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करने के लिए एआई समिट उचित जगह थी ? इस डील के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर कितनी उतरी है ? केवल दिखावे के लिए सड़कों पर उतरना दूसरी बात है और पूरे जज्बे साथ सड़कों पर उतरना दूसरी बात है। क्या कारण है कि वास्तविक मुद्दों पर कांग्रेस अभी भी एक जन आन्दोलन पैदा नहीं कर पाई है। कई बार ऐसा लगता है कि कांग्रेस अपनी ऊर्जा ऐसी जगहों पर लगा रही है जहां से उसे बदनामी ही ज्यादा मिल रही है। भाजपा के पूरे तंत्र से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को अभी बहुत काम करने की जरूरत है।

इस मुद्दे पर राहुल गांधी को गद्दार कहने वाली भाजपा को भी यह विचार करना होगा कि क्या राहुल गांधी को गद्दार कह कर वह सवालों से बच जाएंगी? भाजपा को राहुल गांधी की आलोचना का पूरा हक है लेकिन उन्हें गद्दार कहना न केवल अलोकतांत्रिक है बल्कि शर्मनाक भी है। भाजपा को राहुल गांधी को गद्दार कहने की बजाय उनके सवालों के गंभीरता के साथ जवाब देने चाहिए। राहुल गांधी को नहीं बल्कि सवाल उठाने वाले हर नागरिक को भाजपा देशद्रोही सिद्ध करने की कोशिश करती है। भाजपा का यह चरित्र हमारे लोकतंत्र को कमजोर करता है। आज भाजपा कांग्रेस के विरोध करने के तरीके पर सवाल उठा रही है लेकिन यदि भाजपा विपक्ष में होती तो क्या वह भी कुछ इसी तरह का व्यवहार नहीं कर रही होती। आज भाजपा बार-बार यह सिद्ध करने का प्रयास करती है कि पूरा विपक्ष भारतीय संस्कृति और देश के खिलाफ है। लोकतंत्र में भाजपा की इस मानसिकता को उचित नहीं कहा जा सकता। सत्ता में होने के कारण भाजपा से ज्यादा गंभीरता की उम्मीद की जाती है, लेकिन कई बार भाजपा के अनेक नेताओं के बयान न्यूनतम मर्यादा को भी ताक पर रख देते हैं। बहरहाल एआई समिट में यूथ कांग्रेस का इस तरह से किया गया विरोध प्रदर्शन गलत है तो इस मुद्दे पर भाजपा द्वारा राहुल गांधी को गद्दार घोषित करने के प्रयास को उचित कैसे ठहराया जा सकता है।

**क्या भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करने के लिए एआई समिट उचित जगह थी ? इस डील के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर कितनी उतरी है ? केवल दिखावे के लिए सड़कों पर उतरना दूसरी बात है और पूरे जज्बे साथ सड़कों पर उतरना दूसरी बात है। क्या कारण है कि वास्तविक मुद्दों पर कांग्रेस अभी भी एक जन आन्दोलन पैदा नहीं कर पाई है। कई बार ऐसा लगता है कि कांग्रेस अपनी ऊर्जा ऐसी जगहों पर लगा रही है जहां से उसे बदनामी ही ज्यादा मिल रही है। भाजपा के पूरे तंत्र से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को अभी बहुत काम करने की जरूरत है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी को गद्दार कहने वाली भाजपा को भी यह विचार करना होगा कि क्या राहुल गांधी को गद्दार कह कर वह सवालों से बच जाएंगी? भाजपा को राहुल गांधी की आलोचना का पूरा हक है लेकिन उन्हें गद्दार कहना न केवल अलोकतांत्रिक है बल्कि शर्मनाक भी है। भाजपा को राहुल गांधी को गद्दार कहने की बजाय उनके सवालों के गंभीरता के साथ जवाब देने चाहिए।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आप नहीं आपके अंगों को खा जाएंगे ये सभी आहार

**यह काफी दिलचस्प बात है कि जब चूहों को फिर से सामान्य आहार दिया गया तो सेनेसेंट कोशिकाएं लगभग गायब हो गई थीं। उच्च वसा वाला भोजन और नियमित भोजन निश्चित अंतराल पर बारी-बारी करने से भी ऐसी कोशिकाओं का निर्माण रुक गया। इससे स्पष्ट होता है कि कीटोजेनिक आहार से नियमित अंतराल पर ब्रेक लेने से इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है। बहरहाल, अन्य विशेषज्ञ इस बात से सहमत नहीं हैं कि कीटोजेनिक आहार मनुष्यों के लिए भी हानिकारक है। उनका कहना है कि इन निष्कर्षों को पूरी तरह से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है। सेनेसेंट कोशिकाओं के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हो सकते हैं-वे घाव भरने में मदद करती हैं।**

हाल ही में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक अध्ययन ने तेजी से वजन घटाने और चयापचय लाभों के लिए जाने-माने कीटोजेनिक आहार के छिपे हुए जोखिम को उजागर किया है। शोधकर्ताओं ने उच्च वसा और अत्यधिक कम कार्बोहाइड्रेट पर आधारित इस आहार से चूहों के अंगों में सेनेसेंट (वृद्ध) कोशिकाओं का संचय होते देखा है। सेनेसेंट कोशिकाएं वे कोशिकाएं होती हैं जो विभाजन करना बंद कर देती हैं लेकिन मरती भी नहीं। आम तौर पर हमारा प्रतिरक्षा तंत्र इन्हें साफ कर देता है लेकिन उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा तंत्र अपना काम भलीभांति नहीं कर पाता और जमा होने वाली सेनेसेंट कोशिकाएं ऊतक के कार्य को बाधित कर सकती हैं और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म दे सकती हैं। वास्तव में, कीटोजेनिक आहार शरीर को कार्बोहाइड्रेट की बजाय वसा का उपयोग करने के लिए मजबूर करता है, जिससे कीटोन नामक अणु उत्पन्न होते हैं। आम तौर पर कीटो आहार लेने वाले लोग अपनी कैलोरी का 70 से 80 प्रतिशत वसा से और केवल 5 से 10 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट से प्राप्त करते हैं। इसके विपरीत, एक औसत अमेरिकी के आहार में लगभग 36 प्रतिशत वसा और 46 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट होता है। वैसे तो यह आहार मूल रूप से 1920 के दशक में बच्चों में मिर्गी के इलाज के लिए विकसित किया गया था लेकिन यह वजन तथा रक्त शर्करा के स्तर को कम करने और एथलेटिक प्रदर्शन को बढ़ाने की चाह रखने वालों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है।

दरअसल, सैन एंटोनियो स्थित टेक्सास हेल्थ साइंस सेंटर के विकिरण कैंसर विशेषज्ञ डेविड गियस के नेतृत्व में शोधकर्ता यह जांच कर रहे थे कि कीटो आहार के कारण च53 प्रोटीन पर किस तरह के असर होते हैं। p53 प्रोटीन कैंसर से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही यह कोशिकीय सेनेसेंस का नियमन भी करता है। प्रयोगों के दौरान उन्होंने देखा कि उच्च वसा (जो कुल में से लगभग 90 प्रतिशत कैलोरी देता है) वाले कीटोजेनिक आहार से चूहों के दिल, गुर्दे, यकृत और मस्तिष्क में p53 और सेनेसेंट कोशिकाओं के अन्य संकेतकों का स्तर बढ़ा था। इसके विपरीत, आहार में वसा से केवल 17 प्रतिशत कैलोरी प्राप्त करने वाले चूहों के नियंत्रण समूह में ऐसी कोई वृद्धि नहीं देखी गई।



यह काफी दिलचस्प बात है कि जब चूहों को फिर से सामान्य आहार दिया गया तो सेनेसेंट कोशिकाएं लगभग गायब हो गई थीं। उच्च वसा वाला भोजन और नियमित भोजन निश्चित अंतराल पर बारी-बारी करने से भी ऐसी कोशिकाओं का निर्माण रुक गया। इससे स्पष्ट होता है कि कीटोजेनिक आहार से नियमित अंतराल पर ब्रेक लेने से इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है। बहरहाल, अन्य विशेषज्ञ इस बात से सहमत नहीं हैं कि कीटोजेनिक आहार मनुष्यों के लिए भी हानिकारक है। उनका कहना है कि इन निष्कर्षों को पूरी तरह से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है। सेनेसेंट कोशिकाओं के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हो सकते हैं-वे घाव भरने में मदद करती हैं लेकिन अगर वे लंबे समय तक बनी रहती हैं तो सूजन पैदा कर सकती हैं और ऊतकों को क्षति भी पहुंचा सकती हैं। लिहाजा, आहार की सुरक्षा सम्बंधी निष्कर्ष निकालने से पहले मनुष्यों में इन कोशिकाओं के हानिकारक प्रभाव को प्रदर्शित करना जरूरी है। वैसे, अध्ययन यह भी कहता है कि सभी कीटोजेनिक आहार एक जैसे नहीं होते। वसा और प्रोटीन स्रोतों में भिन्नता से इनके परिणाम अलग-अलग भी हो सकते हैं। ऐसे में यह कहना उचित नहीं है कि चूहों में देखे गए प्रभाव सभी कीटोजेनिक आहारों पर एक समान रूप से लागू होंगे। बहरहाल, कीटोजेनिक आहार विभिन्न स्वास्थ्य लाभ तो प्रदान करता है लेकिन इस अध्ययन की मानें तो संतुलन और समय-समय पर इस आहार से ब्रेक लेकर सामान्य भोजन अपनाना समझदारी होगी। फिर भी इस संदर्भ में अधिक शोध आवश्यक है ताकि सुरक्षित और प्रभावी कीटोजेनिक आहार के लिए दिशानिर्देश तैयार किए जा सकें। तब तक, कीटोजेनिक आहार लेने वाले लोग प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए नियमित ब्रेक लेने पर विचार कर सकते हैं।

**-साभार**

# जलवायु परिवर्तन के लिए प्रभावी तरीके खोजना अहम

जैसे-जैसे जलवायु संकट गहराता जा रहा है, इस पर कार्रवाई के लिए प्रभावी तरीके खोजना उतना ही अर्जेंट होता जा रहा है। इस सम्बंध में एक आशा. जनक साधन रोल-प्लेइंग गेम द्धआरपीजीऋ हो सकता है। यह गेम खिलाड़ियों को एक आभासी वातावरण में जटिल स्थितियों से निपटने का काम देता है जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया पर खतरा पैदा किए बिना अपने उपायों के दीर्घकालिक प्रभावों को समझने में मदद मिलती है। इस सम्बंध में नेचर में सैम इलिंगवर्थ ने कुछ सुझाव प्रस्तुत किए हैं।

**यथार्थ विश्व में निर्णय**

यह बहुत ही दिलचस्प खेल है जिसमें आपको एक निर्णायक व्यक्ति की भूमिका में रखा जाता है। उदाहरण के लिए मान लीजिए कि आप एक तटीय शहर के मेयर हैं, और आपको यह तय करना है कि भविष्य में बाढ़ से बचने के लिए समुद्र की दीवार कितनी ऊंची बनाई जाए। इस निर्णय में आपको बाढ़ के जोखिम और दीवार के निर्माण की लागत के बीच संतुलन बनाना है। और वह भी यह जाने बिना कि समुद्र का स्तर कितनी तेजी से बढ़ेगा। ऐसे जटिल निर्णय लेने वाले परि.श्यों को इस तरह रोल-प्ले के माध्यम से प्रभावी ढंग से समझा जा सकता है।

**खेल-खेल में सीखना**

टेराफॉर्मिंग मार्स (यानी मंगल का पृथ्वीकरण) जैसे खेल खिलाड़ियों को नैतिक दुविधाओं से परिचित कराते हैं। मसलन संसाधन खर्च की प्राथमिकता अंतरिक्ष औपनिवेशीकरण हो या पृथ्वी पर समस्याओं को हल करना। इसके हर सत्र में इस बात पर तीखी बहस होती है कि मंगल जैसे किसी ग्रह पर हरित स्थानों का निर्माण करना और रहने योग्य शहर बनाना बेहतर होगा या यहां पृथ्वी की समस्याओं को दुरुस्त करना। इसी तरह, इलिंगवर्थ ने गेम शोधकर्ता पॉल वेक और जलवायु चौरिटी पॉसिबल के साथ मिलकर ताश का एक खेल बनाया था - कार्बन सिटी जीरो। इसमें प्रत्येक खिलाड़ी पहला शून्य कार्बन शहर बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करते थे। लेकिन इससे मिले फीड बैक से उन्हें समझ में आया कि प्रतिस्पर्धा वाला पहलू गलत संदेश देता है तो उन्होंने इसी खेल का नया संस्करण बनाया - कार्बन सिटी जीरो वर्ल्ड एडिशन। इसमें खिलाड़ी शून्य-कार्बन शहरों का निर्माण करने के लिए सहयोग करते हैं। यह खेल जलवायु संकट से निपटने में टीमवर्क की भूमिका को उजागर करता है।

**मैजिक सर्किल की शक्ति**

मैजिक सर्कल आधारित गेम्स में नियम लागू होते हैं। उदाहरण के लिए, डे-ब्रेकश नामक खेल में खिलाड़ी विश्व नेताओं की भूमिका निभाते हैं जो जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए मिलकर काम करते हैं। गेम में नियम लागू होते हैं जिनमें पर्यावरणीय लक्ष्य भी निर्धारित होते हैं और दंड का प्रावधान भी होता है। जैसे यदि उत्सर्जन कम नहीं किया जाता है तो दंड यह होता है कि वैश्विक तापमान बढ़ने लगता है और समुदायों पर संकट मंडराने लगता है, लेकिन देखा गया है कि ऐसे खेल जिनमें एक तयशुदा प्रक्रिया हो और परिदृश्य भी सीमित हों, उनमें रचनात्मक समाधानों की गुंजाइश कम होती है। इस संदर्भ में, टेबल टॉप रोल प्ले खेल कहीं ज्यादा लचीलापन और निजी अनुभव प्रदान करते हैं। खिलाड़ी गेम डिजाइनर के मार्गदर्शन में अपने पात्र और कहानी गढ़ते हैं। डंजियन एंड ड्रैगन्स जैसे गेम खिलाड़ियों को अपने-अपने पात्र की पृष्ठभूमि कथा तैयार करने का मौका देते हैं, जो खेल के दौरान विकसित होती रहती है। अध्ययनों से पता चलता है कि नियमित आरपीजी खिलाड़ी गैर-खिलाड़ियों की तुलना में अधिक समानुभूति प्रदर्शित करते हैं और अधिक समाज-हितैषी व्यवहार दर्शाते हैं। अधिक समानुभूति वाले लोग पर्यावरण-हितैषी निर्णयों पर अधिक ध्यान देते हैं, जैसे टिकाऊ उत्पादों का अधिक इस्तेमाल। हालांकि, इस बात के स्पष्ट प्रमाण तो नहीं हैं कि आरपीजी का प्रत्यक्ष संबंध विशिष्ट पर्यावरणीय कार्रवाइयों से होता हैं लेकिन ऐसा लगता है कि समानुभूति को बढ़ावा देकर वे जलवायु कार्रवाई को प्रोत्साहित कर सकते हैं। उपरोक्त संभावनाओं की प्रेरणा से रूटेड इन क्राइसिस टेबलटॉप आरपीजी उभरा है जिसे शोधकर्ताओं, शिक्षकों और गेम डिजाइनरों की एक वैश्विक टीम ने विकसित किया है। इस गेम में जलवायु सम्बंधी प्रामाणिक जानकारी को कथा में गूंथा जाता है। जैसे, एक खेल में खिलाड़ियों को एक जादुई शहर में रखकर भयानक बाढ़ के बाद आपदा राहत पर बातचीत के लिए छोड़ दिया जाता है। या वे किसी आसन्न आपदा के साए में अंतरिक्ष में किसी स्थान की खोज करने जैसी विचित्र परिस्थिति का सामना करते हैं। इस तरह के खेलों को अपनाने में कई दिक्कतें भी आती है। वैज्ञानिकों द्वारा समर्थित होने पर भी इन्हें अक्सर बचकाना माना जाता है। आलोचकों को यह भी चिंता है कि ऐसे खेल जटिल वैज्ञानिक डैटा और नीति संबंधी चर्चाओं का अतिसरलीकरण सकते हैं। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, रूटेड इन क्राइसिस में ऐसे परिदृश्य शामिल किए गए हैं जो वास्तविक दुनिया की जलवायु चुनौतियों को दर्शाते हैं। इसमें बढ़ते समुद्र स्तर पर शहर की प्रतिक्रिया का प्रबंधन करने, हितधारी समूहों का मुकाबला करने और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी के लिए बातचीत करने जैसे विषय शामिल किए गए हैं। जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों को संबोधित करने में खेलों की शक्ति कुछ लोगों के व्यक्तिगत अनुभवों से



प्रमाणित हुई है। खेल अलग-अलग व्यक्तित्वों को अपनाने और विभिन्न स्थितियों में समानुभूति और समस्या-समाधान का अभ्यास करने के अवसर प्रदान करते हैं।

**स्रोत फीचर्स**

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल: त्रिशूली नदी में गिरी बस, 18 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के धादिग में रविवार देर रात एक बस के त्रिशूली नदी में गिर जाने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। नेपाल के राष्ट्रीय अखबार काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, धादिग के बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगर पालिका के चरौंडी में हुए बस हादसे में घायल यात्रियों को इलाज के लिए काठमांडू भेजा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पोखरा से काठमांडू जा रही बस देर रात 1:15 बजे त्रिशूली नदी में गिर गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हैं। इनमें से 24 को आगे के इलाज के लिए काठमांडू भेजा गया है। एक घायल यात्री न्यूजीलैंड का नागरिक है। उसे इलाज के लिए मालेखु टीचिंग अस्पताल भेजा गया है।

### जॉर्डन ने फलस्तीन के पश्चिमी तट में भेजी राहत सामग्री

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को छह ट्रकों का एक मानवीय सहायता काफिला फलस्तीन के पश्चिमी तट स्थित नब्लूस में जॉर्डन के फील्ड हॉस्पिटल के लिए रवाना किया, जिसमें चिकित्सा, खाद्य और राहत सामग्री भेजी गई। जॉर्डन सशस्त्र बलों (जेएएफ) द्वारा भेजे गए इस काफिले में अस्पताल के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा उपभोग्य सामग्री, खाद्य वस्तुएं और पानी शामिल थे। जेएएफ के एक बयान के अनुसार, अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सकीय और तकनीकी टीमों के माध्यम से चिकित्सा और उपचार सेवाएं लगातार प्रदान कर रहा है, जिससे मौजूदा हालात में नागरिकों की स्वास्थ्य जरूरतें पूरी करने और उन पर पड़ रहे बोझ को कम करने में मदद मिल रही है।

### अलास्का तट के पास 6.1 तीव्रता का भूकंप

**अलास्का।** अमेरिका के अलास्का तट के पास सोमवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। यह जानकारी संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप जीएमटी 05:11 पर आया। इसका केंद्र निकोल्स्कोए से लगभग 86 किलोमीटर (53 मील) दक्षिण-पश्चिम में स्थित था और इसकी गहराई 25.4 किलोमीटर मापी गई। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप से किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

### नीता भूषण पोलैंड में भारत की नई राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी नीता भूषण को पोलैंड में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारतीय विदेश सेवा की 1994 बैच की अधिकारी नीता भूषण को पोलैंड में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। सुभूषण अभी न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त हैं।



**बारामूला। गुलमर्ग में आयोजित खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2026 के आरंभिक समारोह के दौरान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।**

## ग्रीनलैंड के पीएम बोले: ट्रम्प की 'हॉस्पिटल शिप' की जरूरत नहीं

**ओस्लो।** ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फेडरिक नील्सन ने रविवार को कहा कि उनके देश को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भेजी जाने वाली 'हॉस्पिटल शिप' में कोई रुचि नहीं है। ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा था कि वह लुइसियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री के साथ मिलकर एक 'हॉस्पिटल शिप' ग्रीनलैंड भेज रहे हैं ताकि देश में जो भी लोग बीमार हैं, उनका इलाज किया जा सके। नील्सन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा कि इस प्रस्ताव का जवाब है 'नहीं, धन्यवाद।' उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली है, जहां नागरिकों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है।

# अफगान पर एयरस्ट्राइक कर 80 लड़ाके मारे: पाक

## कहा: टीटीपी को टारगेट किया, आत्मघाती हमलों का बदला लिया, अफगान बोला: 16 नागरिक मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने सोमवार को बताया कि अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर कार्रवाई की गई। उनके मुताबिक कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी मीडिया डान ने दावा किया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है। हालांकि सरकार ने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत सार्वजनिक नहीं किया।

दरअसल, पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। सेना ने कहा कि टीटीपी और इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े 7 कैंपों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। पाकिस्तान ने कहा कि हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए। वहीं अफगानिस्तान सरकार ने कहा कि हमले में मासूम नागरिकों को निशाना बनाया गया। मीडिया चौनल टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23

■ पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी



लोग मलबे के नीचे दब गए। अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था। तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई कि वह अफगानिस्तान की जमीन को अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी समूह या व्यक्ति को इस्तेमाल नहीं करने देगा। इसमें विशेष रूप से अल-कायदा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों से संबंध तोड़ने और उन्हें अफगानिस्तान में भर्ती, प्रशिक्षण, फंडिंग या हमले की अनुमति न देने का वादा शामिल था। समझौते के बाद अमेरिका ने 2021 में अपनी सेना वापस बुला ली, जिसके बाद तालिबान ने तेजी से काबुल पर कब्जा कर लिया अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सही समय पर पाकिस्तान को जवाब देने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने इन हमलों को अफगानिस्तान की गोपनीयता नीति का उल्लंघन बताया। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे।

# मेक्सिको में सबसे बड़ा ड्रग माफिया मारा गया

## ट्रम्प के दबाव के बाद एक्शन, देशभर में हिंसा शुरू, समर्थकों ने एयरपोर्ट-मॉल में आग लगाई

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। इसके बाद देशभर में आगजनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया है और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। तलपला शहर में सेना के ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गया था।

उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) का लीडर था। जलिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है।

इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प काफी समय से मेक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे। मेक्सिको में पहले भी जब किसी बड़े कार्टेल नेता को पकड़ा गया या मारा गया है, तब सरकार और कार्टेल के बीच हिंसक टकराव हुआ है। कई बार गिरोह के अंदर ही सत्ता की लड़ाई छिड़ जाती है, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि



■ सेना के ऑपरेशन में ड्रग माफिया सरगना मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं

एल मेंचो की मौत से पहले 2016 में सिनाओला कार्टेल के सरगना एल चापो की गिरफ्तारी और 2024 में अल मायो की गिरफ्तारी के वक्त भी देश में ऐसा ही हुआ था। 2019 में जब अल चापो के बेटे ओविदियो गुजमान को पकड़ा गया था, तब उसके गुर्गों ने कुलियाकान शहर को घंटों तक बंधक बना लिया था और सरकार को उसे छोड़ना पड़ा था। इसलिए अब भी डर है कि हालात और बिगड़ सकते हैं। अब यह इस बात पर निर्भर करेगा कि जालिस्को कार्टेल के पास नया नेता साफ तौर पर तय है या नहीं। अगर अंदरूनी लड़ाई शुरू हुई तो खून-खराबा और बढ़ सकता है। जालिस्को कार्टेल (सीजेएनजी) कार्टेल 2009 में बना था। एल मेंचो की लीडरशिप में यह मेक्सिको का सबसे बड़ा ड्रग नेटवर्क बन गया था। यह कोकीन, मेथामफेटामिन और हाल के वर्षों में फेंटानिल जैसी सिंथेटिक ड्रग्स अमेरिका भेजता था। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मेंचों की मौत से मेक्सिको और अमेरिका के रिश्तों में सुधार हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मेक्सिको पर दबाव बना रहे थे कि वह कार्टेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वह सैन्य कार्रवाई पर भी विचार कर सकते हैं। इसी साल फरवरी में ट्रम्प एडमिनिस्ट्रेशन ने कार्टेल को विदेशी टेररिस्ट आर्गनाइजेशन घोषित किया। मेक्सिको सरकार ने साफ कहा है कि अमेरिकी हमले से देश की संप्रभुता का उल्लंघन होगा, लेकिन खुफिया जानकारी के स्तर पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ा है। मेक्सिको दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क का गढ़ माना जाता है, जहां से कोकीन, हेरोइन, मेथ और फेंटेनाइल जैसे बेहद खतरनाक ड्रग अमेरिका तक पहुंचते हैं। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक देश में ड्रग्स की सबसे बड़ी सप्लाई मेक्सिकन कार्टेल्स के जरिए होती है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा ड्रग मार्केट है। हर साल लाखों लोग नशे की लत के शिकार होते हैं और फेंटेनाइल जैसी दवाओं से हजारों मौतें होती हैं। अमेरिकी सरकार पर लगातार दबाव रहता है कि ड्रग तस्करी पर सख्त कदम उठाए जाएं और इसी वजह से उसकी नजर मेक्सिको में मौजूद कार्टेल्स पर रहती है। दूसरी तरफ, कार्टेल्स मेक्सिको में इतने शक्तिशाली बन चुके हैं कि कई इलाकों में वे पुलिस और सरकार को चुनौती देते हैं।

### मेक्सिको में हिंसा भड़कने के बाद भारतीय दूतावास ने जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली।** भारत ने मेक्सिको में रह रहे अपने नागरिकों को सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और 'कानूनी गतिविधियों के आसपास के क्षेत्रों' से दूर रहने की सलाह जारी की है। यह परामर्श मेक्सिको पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कुख्यात ड्रग माफिया के मारे जाने के बाद भड़की हिंसा के मद्देनजर दिया गया है। मारे गए ड्रग माफिया की पहचान नेमेसियो रुबेन ओसेगुएरा सर्वांटेस उर्फ 'एल मेंचो' के रूप में हुई है, जो जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का सरगना था। वह सैनिकों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ था। मेक्सिको सिटी ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इसके बाद कई इलाकों में हिंसक घटनाएं सामने आईं। भारतीय दूतावास द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि भारतीय नागरिक ऐसी जगहों से दूर रहें जहां विधिक एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। अपने आसपास के माहौल के प्रति सजग रहें, सुरक्षित स्थान पर शरण लें और अनावश्यक बाहर निकलने से बचें।

## ट्रम्प के रिजार्ट मे घुस रहे युवक को गोली मारी, मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिजार्ट में घुसने की कोशिश करने वाले एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार आधी रात 1.30 बजे हुई। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शाटगन और फ्यूल केन लेकर आया था।

मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नार्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शाटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल केन भी नजर आ रहा है। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि रिजार्ट के नार्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शाटगन और फ्यूल केन थी। सीक्रेट सर्विस के दो

■ गन और फ्यूल केन लेकर अंदर घुसने की कोशिश कर रहा था

एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और केन गिराने को कहा गया। युवक ने केन तो रख दिया, लेकिन शाटगन को गोली चलाने की पोजिशन में उठा लिया। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने गोली चलाई और वह मारा गया। जांच में पता चला कि उसके परिवार ने कुछ दिन पहले उसे लापता होने की रिपोर्ट की थी। वह नार्थ कैरोलीना से साउथ की ओर आया था और रास्ते में शाटगन खरीदा। उसकी कार में गन का डिब्बा मिला है। ट्रम्प की सुरक्षा में पहले भी चूक हो चुकी है। 13 जुलाई 2024 में ट्रम्प को एक रैली के दौरान एक हमलावर ने गोली मार दी थी। उस वक्त वे राष्ट्रपति नहीं थे। उन पर यह हमला राष्ट्रपति चुनाव से ठीक 4 महीने पहले हुआ था। 20 साल के हमलावर ने 400 फीट की दूरी से ट्रम्प पर असाल्ट राइफल से गोली चलाई थी। यह गोली उनके कान को छूते हुए गुजरी थी। इसके बाद ट्रम्प की सुरक्षा में तैनात सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने हमलावर को तुरंत ढेर कर दिया था। ट्रम्प को गोली लगने के बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने कवर कर लिया।

## ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत का तीसरा दौर गुरुवार को

**काहिरा।** अमेरिका और ईरान ने परमाणु समझौते को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण के बावजूद बातचीत जारी रखने का फैसला किया है मगर अमेरिका की ओर से सैन्य तैनाती में उल्लेखनीय वृद्धि ने इस प्रक्रिया की नाजुकता और टकराव के जोखिम को उजागर किया है।

ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर गुरुवार को जिनेवा में होगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका-ईरान वार्ता इस गुरुवार को जिनेवा में तय हुई है, और समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में अतिरिक्त

■ ईरान अमेरिका के साथ मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाने को तैयार है: अराघची

प्रयास किए जाएंगे। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, रविवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें 'रचनात्मक सहभागिता और संवाद के रास्ते को अपनाने' के महत्व पर जोर दिया गया, ताकि एक टिकाऊ परमाणु समझौता हासिल किया जा सके। यह बातचीत अराघची के उस बयान के बाद हुई।

# तारिक रहमान सरकार ने किया बांग्लादेश सेना में फेरबदल

## भारत से रक्षा सलाहकार को वापस बुलाकर प्रमोशन दिया, चीफ ऑफ जनरल स्टाफ भी बदला

**ढाका।** बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने के कुछ दिन बाद ही तारिक रहमान ने सेना में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। जारी आदेशों में ऑपरेशनल और इंटेलिजेंस पदों पर नई नियुक्तियां की गईं। भारत में तैनात रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल एमडी हाफिजुर रहमान को मेजर जनरल पद पर प्रमोट किया गया है।

उन्हें वापस बुलाकर 55वीं इन्फैंट्री डिविजन का जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी) नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद मैनूर रहमान को सेना का चीफ ऑफ जनरल स्टाफ (सीजीएस) बनाया गया है। वे इससे पहले आर्मी ट्रेनिंग एंड डाक्ट्रिन कमांड के प्रमुख थे। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल मिजानुर रहमान शमीम की जगह ली है, जिन्हें रिटायरमेंट लीव पर भेज दिया गया था। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने सोमवार को आर्म्ड फोर्स डिवीजन में पदभार ग्रहण किया।



■ लेफ्टिनेंट जनरल मीर मुशफिकुर रहमान को सशस्त्र बल डिविजन का प्रिंसिपल स्टाफ आफिसर (पीएसओ) बनाया गया है


मेजर जनरल कैसर राशिद चौधरी को डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फोर्सेस इंटेलिजेंस (डीजीएफआई) का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। वे आर्मी मुख्यालय में ब्रिगेडियर जनरल के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने मेजर जनरल मोहम्मद जहांगीर आलम की जगह ली है, जिन्हें फिलहाल विदेश मंत्रालय में राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मीर मुशफिकुर रहमान को सशस्त्रा बल डिविजन का प्रिंसिपल स्टाफ आफिसर (पीएसओ) बनाया गया है। वे इससे पहले चटगांव स्थित 24वीं इन्फैंट्री डिविजन के जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी) थे। मौजूदा पीएसओ लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कामरुल हसन को विदेश मंत्रालय में राजदूत के पद पर ट्रांसफर कर दिया गया है। मेजर जनरल जेएम एमदादुल इस्लाम को ईस्ट बंगाल रेजिमेंटल सेंटर का कमांडेंट नियुक्त किया गया है। वहीं मेजर जनरल फिरदोस हसन सलीम को 24वीं इन्फैंट्री डिविजन का जीओसी बनाया गया है। ये बड़ा फेरबदल तारिक रहमान की नई बीएनपी सरकार के लिए सेना पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने का पहला बड़ा कदम माना जा रहा है। फरवरी 2024 में छात्र आंदोलन से शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बनी थी, जिसने सेना के कई शीर्ष पदों पर अपने करीबी या पुरानी व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को तैनात किया था। अब 12 फरवरी 2026 के चुनाव में बीएनपी की भारी जीत के बाद तारिक रहमान 17 फरवरी को प्रधानमंत्री बने, तो नई सरकार ने जल्दी से इन पदों पर बदलाव किए। इसके पीछे मुख्य वजह यह माना जा रहा है कि पुराने अधिकारियों (जो यूनुस सरकार या हसीना काल से जुड़े थे) को हटाकर बीएनपी के करीबी या नई सरकार के प्रति वफादार अधिकारियों को महत्वपूर्ण कमांड और खुफिया पद दे रही है, ताकि सेना नई सरकार के खिलाफ कोई असंतुलन पैदा न करे और सेना मजबूत हो सके। सेना के बड़े पदों पर नए अधिकारियों की नियुक्ति से नई सरकार को सेना का साफ समर्थन मिलेगा।

# डा. यूनुस ने नहीं किया संविधान के तहत काम

## मुझे हटाने की रची गई साजिश: बांग्लादेशी राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने लगाया गंभीर आरोप

**ढाका।** बंगलादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा है कि अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने संवैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं किया और युनूस ने उन्हें पद से हटाने के लिए साजिश भी रची। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो उन्हें विदेश दौरों की जानकारी दी गई और न ही राज्य के मामलों पर कोई जानकारी उपलब्ध करवाई गई थी।

कालेर कंठ अखबार ने शहाबुद्दीन के हवाले से कहा कि मुख्य सलाहकार कई बार विदेश गए, लेकिन लौटने के बाद कभी राष्ट्रपति से मुलाकात नहीं की और न ही किसी तरह की लिखित रिपोर्ट सौंपी, जबकि यह उनका संवैधानिक दायित्व था। राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्य सलाहकार ने संविधान के किसी भी प्रावधान का पालन नहीं किया। जब भी वह विदेश जाते थे, उन्हें लौटकर राष्ट्रपति से मिलना और परिणामों की जानकारी लिखित रूप में देना चाहिए था। वह 14 से 15 बार विदेश गए,



■ शहाबुद्दीन ने तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उस स्थिति में मुझे डा. यूनुस का एक भी फोन कॉल नहीं आया

लेकिन एक बार भी मुझे सूचना नहीं दी। वह कभी मुझसे मिलने नहीं आए। शहाबुद्दीन ने कहा कि उस अवधि में उन्हें 'पूरी तरह अंधेरे में रखा गया' और कोसोवो तथा कतर की उनकी प्रस्तावित दो विदेश यात्राएं भी रोक दी गईं। शहाबुद्दीन ने तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उस स्थिति में मुझे डा. यूनुस का एक भी फोन कॉल नहीं आया। वह न तो मेरे पक्ष में थे और न ही मेरे खिलाफ। स्वाभाविक रूप से मैंने भी उनसे किसी तरह की मदद नहीं मांगी। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक हलकों ने भी उन्हें असंवैधानिक तरीके से हटाने का विरोध किया, जिसे उन्होंने 'एक बड़ी ताकत' बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि 2024 के उग्र छात्र आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के दौरान उन्हें हटाने के बार-बार प्रयास किए गए, लेकिन सेना और बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थन से संवैधानिक निरंतरता बनी रही। उन्होंने कहा कि एक समय तो मुझे हटाकर असंवैधानिक तरीके से एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश को राष्ट्रपति पद पर बैठाने की साजिश भी रची गई, लेकिन उस न्यायाधीश ने संविधान का हवाला देते हुए प्रस्ताव ठुकरा दिया। शहाबुद्दीन ने 22 अक्टूबर 2024 की रात बंगभवन के बाहर हुए प्रदर्शनों को 'डरावनी रात' बताते हुए कहा कि भीड़ को उकसाया गया, राष्ट्रपति आवास को लूटने की कोशिशें हुईं, जिन्हें बाद में सेना की तैनाती से नियंत्रित किया गया।

## भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन' आज से चौबट्टिया में

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन 2026' का सातवां संस्करण 24 फरवरी से नौ मार्च तक उत्तराखंड के चौबट्टिया में आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास प्रतिवर्ष बारी-बारी से भारत और जापान में किया जाता है। अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने एक्स पर बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त शहरी युद्ध और आतंकवाद-रोधी अभियानों के दौरान दोनों सेनाओं के बीच परस्पर संचालन क्षमता को बढ़ाना है। पोस्ट के अनुसार दो सप्ताह के दौरान सैनिक संयुक्त योजना निर्माण को परिष्कृत करेंगे, सामरिक अभ्यासों का समन्वय करेंगे और विशेष युद्ध कौशल का अभ्यास करेंगे।

## कसराक सैन्य अड्डे से सेना को वापस बुला रहा अमेरिका: रिपोर्ट

**दमिश्क।** अमेरिका की सेना ने सीरिया के हसाका गवर्नरेट स्थित कसराक सैन्य अड्डे से अपनी वापसी शुरू कर दी है और उन्हें इराक की ओर पुन: तैनात किया जा रहा है। सीरिया टीवी की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया। रिपोर्ट में इस संबंध में और विवरण नहीं दिया गया। अमेरिकी बल पहली बार 2014 में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ाई के नाम पर सीरिया में तैनात किए गए थे। वापसी का यह फैसला देश के कुछ हिस्सों से अमेरिका-नेतृत्व वाले गठबंधन बलों की चरणबद्ध वापसी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे पहले इस महीने सीरिया के अंतरिम प्रशासन ने कहा था कि अमेरिका के साथ समन्वय के बाद उसकी सेना ने हसाका गवर्नरेट के शद्दादी सैन्य अड्डे और सीरिया-इराक-जॉर्डन सीमा के पास स्थित तन्फ अड्डे का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। इस बीच, अमेरिकी मीडिया ने बताया है कि अमेरिका सीरिया से अपने लगभग 1000 सैनिकों को पूरी तरह वापस बुला रहा है। शेष अमेरिकी बलों के अगले दो महीनों के भीतर देश छोड़ने की संभावना है, जिससे सीरिया में एक दशक से चली आ रही अमेरिकी सैन्य मौजूदगी का अंत हो जाएगा।


यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108